सुप्रभात
रांची, सोमवार
02.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2082
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 317



12 फिल्म सरदार जी-3 का फर्स्ट लुक जारी

## न्यूज डायरी

### कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 24 रुपये सस्ता

**नयी दिल्ली।** सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों की ओर से रविवार को एलपीजी गैस सिलेंडर के नए रेट जारी कर दिए गए हैं। कंपनियों द्वारा 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 24 रुपए की कटौती की गई है, जबकि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### वन नेशन वन इलेक्शन गेमचेंजर होगा : कोविंद

**मसूरी।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद वन नेशन वन इलेक्शन को देश के लिए गेम चेंजर बताया है। उन्होंने कहा वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने के बाद देश की जीडीपी बढ़ेगी। उन्होंने कहा वन नेशन वन इलेक्शन भारत की समृद्धि और विकास के लिए ही नहीं, बल्कि आर्थिक विकास के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। आपरेशन सिंदूर की सफलता पर पूरा देश सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन करता है। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि अगर दुश्मन देश नहीं सुधरेगा तो उसी ऑपरेशन सिंदूर की तरह ही जवाब दिया जायेगा।

### पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय का निधन

**मेदिनीनगर।** गढ़वा विधानसभा के पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय का निधन शनिवार की रात रांची के मेडिका हास्पिटल में इलाज के दौरान हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मेडिका में उनका डायलिसिस चल रहा था। युगल किशोर पांडेय गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से 1979-80 में विधायक निर्वाचित हुए थे। उनके निधन से इलाके में मातम है।

### जमीन विवाद में समाजसेवी की हत्या

**गिरिडीह।** जमुआ प्रखंड में जमीन विवाद में समाजसेवी कार्तिक दास की हत्या कर दी गयी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने लोगों से शांत रहने की अपील की है। जानकारी के मुताबिक जमीन विवाद को लेकर कार्तिक दास का गोतिया देवनंदन दास से विवाद था। देवनंदन दास ने कुदाल से कार्तिक रविदास के सर पर हमला कर दिया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी।

### पूर्वात्तर के राज्यों में बारिश से तबाही, 27 की मौत

**दिसपुर।** पूर्वोत्तर के छह राज्यों में तेज बारिश ने सामान्य जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि तेज वर्षा के कारण भूस्खलन, घर ढहने और डूबने की घटनाओं में 27 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। बंगाल की खाड़ी में दबाव के कारण तेज बारिश हुई। 27 पीड़ितों में से नौ की मौत अरुणाचल प्रदेश में, छह की मेघालय में, असम और मिजोरम में पांच-पांच और त्रिपुरा तथा नागालैंड में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हुई। वर्षा और भूस्खलन के कारण क्षेत्र के कई जिलों में सड़क संचार बुरी तरह प्रभावित है।


### एडीबी के अध्यक्ष मसातो कांडा से पीएम मोदी से मिले

# भारत के शहरी परिवर्तन में एडीबी 10 अरब डॉलर का करेगा निवेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसातो कांडा से अपने आधिकारिक निवास पर मुलाकात की। इस बैठक में भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर में 10 अरब डॉलर के निवेश को लेकर बातचीत की गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एडीबी अध्यक्ष की पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, मसातो कांडा के साथ एक शानदार बैठक हुई, जिसमें हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। पिछले दशक में भारत के तेजी से हुए परिवर्तन ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है और हम इस यात्रा में और गति लाने के लिए काम कर रहे हैं।

**विकसित भारत@2047 का विजन साहसिक, एडीबी का मिला समर्थन :** कांडा ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा, विकसित भारत 2047 का विजन साहसिक है और एडीबी इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य का समर्थन कर रहा है। हम अगले पांच वर्षों में नगर निगम के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास, मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, नए रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम कॉरिडोर बनाने और शहर की सेवाओं के आधुनिकीकरण में थर्ड पार्टी कैपिटल सहित 10 अरब डॉलर का निवेश करेंगे।



प्रधानमंत्री से मुलाकात करते एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसातो कांडा

### एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत हमारा सबसे बड़ा उधारकर्ता और एक मजबूत साझेदार भी : मसातो

मसातो कांडा ने पोस्ट में आगे लिखा, एडीबी का संस्थापक सदस्य भारत हमारा सबसे बड़ा उधारकर्ता है और एक मजबूत साझेदार है। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के लिए फाइनेंस को बढ़ाकर, ज्ञान सहयोग को गहरा करके और पूंजी जुटाकर हम 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने और अपने 1.4 अरब लोगों के लिए समावेशी, लचीला और टिकाऊ विकास प्रदान करने के भारत के अभियान का समर्थन करने के लिए तैयार हैं।

### इन योजनाओं पर होगा काम

एडीबी ने कथित तौर पर जलापूर्ति, स्वच्छता, आवास और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित परियोजनाओं पर 22 राज्यों के 110 से अधिक शहरों के साथ साझेदारी की है, जिसमें 5.15 अरब डॉलर की राशि के 27 लोन शामिल हैं। एडीबी ने कथित तौर पर जल आपूर्ति, स्वच्छता, आवास और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित परियोजनाओं पर 22 राज्यों के 110 से अधिक शहरों के साथ साझेदारी की है, जिसमें 5.15 अरब डॉलर की राशि के 27 लोन शामिल हैं। इससे पहले, एडीबी अध्यक्ष ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की, जहां दोनों लीडर्स ने ग्रामीण क्षेत्र में समृद्धि लाने, रूफ टॉप सोलर एनर्जी क्षमता बढ़ाने और यूसीएफ को चालू करने की योजनाओं पर चर्चा की।

### शाह बोले- दीदी की घड़ी खत्म... 2026 में बनायेंगे सरकार

# देश में बांग्लादेशी नागरिकों की घुसपैठ के लिए ममता जिम्मेदार

केंद्रीय गृह मंत्री ने प. बंगाल की धरती से भाजपा के मिशन 2026 का बिगुल फूंका

एजेंसी

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की धरती से रविवार को भाजपा के मिशन 2026 का बिगुल फूंक दिया। ऐतिहासिक रामलीला मैदान में हजारों समर्थकों के बीच शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने ममता सरकार पर घोटालों और तुष्टिकरण का आरोप लगाया। कहा कि बांगलादेशियों की घुसपैठ के लिए ममता सरकार जिम्मेवार है। उन्होंने कहा, दीदी की घड़ी खत्म...। श्री शाह ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने का दावा किया। उन्होंने कहा, राज्य में ममता दीदी की सरकार का समय समाप्त हो गया है और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों भाजपा) यहां सत्तारुढ़ होगी। दीदी की जमानत जब्त हो जायेगी।

अमित शाह ने कहा, सालों तक बंगाल पर कम्युनिस्टों का शासन रहा। फिर ममता बनर्जी 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर आयीं। उन्होंने बंगाल की महान भूमि को घुसपैठ, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिंदुओं के साथ अनैतिकता की भूमि में बदल दिया। उनके सीएम बनने के बाद पश्चिम बंगाल में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गयी। दीदी, मेरी बात सुनो, अब आपका समय खत्म हो गया। गृह मंत्री ने कहा, मैं भरोसा दिलाता हूं कि जैसे ही टीएमसी सत्ता से हटेगी, हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं की हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा मिलेगी, भले ही वे जमीन के नीचे छिपे हों।



### अवैध घुसपैठ भाजपा ही रोकेगी

अमित शाह ने जनसभा की शुरूआत में बंगाल के महान सपूतों- स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन किया। उन्होंने दो टूक कहा, बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। घुसपैठ रुकेगा और हिंदू पलायन बंद होगा। उन्होंने ममता बनर्जी को भारत में बंगलादेशियों की घुसपैठ के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि राज्य में केवल भाजपा की सरकार ही इसे प्रभावी रूप से रोक सकती है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी चाहे जितना भी पाकिस्तानी आतंकवादियों का पक्ष लें, लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह पीएम मोदी की सरकार है और ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। जो कोई भी हिम्मत करेगा, उसे उचित जवाब दिया जायेगा।

### यह वोट नहीं सुरक्षा का मामला भी

श्री शाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, बंगाल के वोट केवल बंगाल का भविष्य तय नहीं करते हैं, बंगाल का वोट देश की सुरक्षा से जुड़ा है, क्योंकि ममता बनर्जी ने बंगलादेशियों के लिए हमारे देश की सीमाएं खोल दी हैं। आप मुझे बताएं, घुसपैठ रोकनी चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा, क्या दीदी इसे रोक सकती हैं? क्या उनके भतीजे (अभिषेक बनर्जी) इसे रोक सकते हैं? केवल बीजेपी सरकार ही घुसपैठ को रोक सकती है। उन्होंने कहा, अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के वास्ते दीदी घुसपैठ को बढ़ावा देने के लिए बंगाल की सीएम नागरिकता संशोधन अधिनियम का विरोध कर रही है।

# देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 3758

## अब तक 28 संक्रमित लोगों की हुई मौत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देशभर में एक बार फिर कोविड-19 के मामले बढ़ते दिख रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय से मिली ताजा जानकारी के मुताबिक, देशभर में कोरोना वायरस संक्रमण के कुल एक्टिव केस बढ़कर 3,758 हो चुके हैं। इनमें से 1,818 लोग पूरी तरह ठीक होकर घर लौट चुके हैं, जबकि अब तक 28 लोगों की जान इस संक्रमण से जा चुकी है। मृतकों में सबसे ज्यादा केरल और महाराष्ट्र से 7-7, जबकि दिल्ली में 3 लोगों की अबतक कोरोना संक्रमण से जान चुकी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 24 घंटे में कोविड के 363 नये केस सामने आये। इस दौरान 383 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए, लेकिन 2 लोगों की संक्रमण से मौत भी हो गयी। देश में कोरोना वायरस संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य केरल है, जहां अब तक 1400 केस सामने आ चुके हैं। यहां बीते 24 घंटे में 64 नये मरीज सामने आये। एक मरीज की मौत भी हो गयी। वहीं राजधानी दिल्ली में अब तक कुल 436 कोरोना मरीज दर्ज किये गये हैं। इनमें 3 की मौत हुई है।

### मास्क पहनने और सतर्क रहने की सलाह

केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों को सतर्कता आदेश जारी किये हैं। सभी राज्यों से कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए अलर्ट रहने को कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से परहेज करें। संक्रमण से बचाव के लिए हमेशा मास्क पहनें। हाथ धोने जैसी सावधानियों का पालन करें। जिन लोगों ने अभी तक वैक्सीन की बूस्टर डोज नहीं ली है, उन्हें जल्द से जल्द लेने की सलाह दी जा रही है।

# 4 को आदिवासी संगठनों ने बंद का ऐलान किया

**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड के विभिन्न आदिवासी संगठनों ने 4 जून को झारखंड बंद का आह्वान किया है। इस बंद को भारत आदिवासी पार्टी समेत कई संगठनों का समर्थन मिला है। आदिवासी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, पेसा कानून लागू करने और रैयती जमीन की लूट पर रोक लगाने जैसी मांगों को लेकर यह बंद बुलाया गया है। रविवार को बारीडीह स्थित एक सभागार में भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक में इसकी घोषणा की गयी। बैठक में विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में 4 जून के बंद को सफल बनाने और आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गयी और व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि आदिवासियों की अस्मिता, संस्कृति और अधिकारों का हनन हो रहा है जिसकी रक्षा के लिए यह आंदोलन आवश्यक है ताकि आदिवासी समाज का संरक्षण हो सके।

### भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी पर झामुमो बड़ा आरोप, कहा

# अपने मित्र को बचाने के लिए रिम्स-2 का कर रहे हैं विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नगड़ी ब्लॉक में प्रस्तावित रिम्स-2 का विरोध जताने पर झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बाबूलाल मरांडी पर निशाना साधा है और कई तीखे सवाल किये। उन्होंने पार्टी के कैंप कार्यालय में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाबूलाल को न तो विकास विरोधी कहूंगा और न ही आदिवासी-मूलवासियों का हितैषी। दरअसल, बाबूलाल मरांडी किसी और एजेंडे के तहत रिम्स-2 का विरोध कर रहे हैं। सुनील साहू नाम के एक व्यक्ति का जिक्र करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी उनके हितों की रक्षा के लिए रिम्स-2 का विरोध कर रहे हैं। कुछ रैयतों के विरोध का साथी बनने शनिवार को भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी कांके ब्लॉक के नगड़ी गांव गये थे, वहां उन्होंने कहा था कि हम आदिवासी की जमीन की लूट नहीं होने देंगे। रिम्स-2 को कहीं और निर्माण कराया जाये।



सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अभी तक अंतिम रूप से यह तय नहीं है कि रिम्स-2 कहां बनेगा, कहां नहीं बनेगा और ये लगे विरोध करने लगे। राज्य को जरूरत थी कि रिंग रोड के आसपास सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाया जाये, लेकिन इस पर इनको तकलीफ क्यों हो रही है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य के आदिवासी-मूलवासियों की जितनी जमीन का अधिग्रहण किया है और जिसका उपयोग नहीं हो रहा है, उसे सरकार से आग्रह करा कर वापस करायें। झामुमो नेता ने कहा कि आदिवासियों की पहचान से खिलवाड़ के लिए बाबूलाल मरांडी को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

श्री भट्टाचार्य ने कहा कि आज बाबूलाल मरांडी का इतना हृदय परिवर्तन और आदिवासियों के प्रति संवेदना कैसे जाग गयी है। अपने शासनकाल में कोयल कारो परियोजना और नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की स्थापना होनी थी। ये वही व्यक्ति हैं जिन्होंने इसकी हरी झंडी दी थी। विपक्ष ने जब आंदोलन किया तो उन्होंने गोली चलवा दी थी। सैकड़ों लोगों को जेल भेजवा दिया था। झामुमो नेता ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद जब झारखंड अलग राज्य बना तो बाबूलाल मरांडी ने ही बिहार क्रियान्वयन नियमावली को आत्मसात कर लिया। तब झामुमो विपक्ष में था और इसका विरोध किया था।

### हॉकी कोच प्रतिमा बरवा की अंत्येष्टि



**खूंटी।** झारखंड की जानी-मानी हॉकी कोच प्रतिमा बरवा का उनके पैतृक गांव तोरपा प्रखंड के कोचा गांव में अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले उनका पार्थिव शरीर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के अंतिम दर्शन के लिए एसएस हाई स्कूल स्टेडियम लाया गया, जहां लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को प्रतिमा बरवा का निधन रविवार की सुबह पारस हॉस्पिटल, रांची में हो गया था। प्रतिमा बरवा अपने पीछे एक वर्षीय पुत्र पवन नाग और पति सुकरा नाग को छोड़ गयीं हैं।

**सीएम ने जताा शोक :** सीएम हेमंत सोरेन ने देश को कई प्रतिभाशाली अंतररष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी देने वाली हॉकी कोच प्रतिमा बरवा के असामयिक निधन पर दुखः व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की मेहनतकश बेटियों की आदर्श थीं प्रतिमा जी। उनका निधन झारखंड ही नहीं देश के हॉकी जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

## कार्टून कोना




### बच्चे को अस्पताल में कराया गया भर्ती, डॉक्टरों की टीम कर रही निगरानी

# कुएं में गिरी बच्ची के लिए डॉगी बना फरिश्ता! भौंक-भौंक कर बचा ली मासूम बच्चे की जान

एजेंसी

**सतना।** जाको राखे साइंया मार सकै न कोय। कहते हैं कि जिसको बचना होता है उसे यमराज भी नहीं मार सकता है। वह किसी न किसी तरीके से बच ही जाता है। यहां कुएं में गिरी एक नवजात बच्ची के लिए एक कुत्ता फरिश्ता बनकर आया और भौंक-भौंक कर मासूम की जान बचा ली। वह तबतक भौंकता रहा, जबतक लोग कुएं तक नहीं पहुंचे। यह घटना किसी चमत्कार से कम नहीं है। इस घटना को सुनकर हर कोई हैरान हो गया है।



दरअसल, पूरा मामला सतना जिले के कोलगवां का है। यहां के रहने वाले डॉ. सुधीर जैन रोज की तरह सुबह-सुबह दूध लेने निकले थे। वे इंडियन बैंक के पास पहुंचे ही थे कि उन्होंने एक कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनाई दी। वह कुत्ता पास में कुएं में देखकर लगातार भौंक रहा था। पहले तो डॉ जैन ने अनदेखा किया, लेकिन जब कुत्ते ने भौंकना बंद नहीं किया तो उन्होंने कुएं में झांकर देखा। नीचे देखते ही उनकी आंखें फटी रह गयीं। अंदर एक नवजात बच्चा पड़ा था और वह जोर जोर से रो रहा था। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

**मुश्किल से बाहर निकाला:** कोलगवां थाना पुलिस और नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची। फायर कर्मी को रस्से के सहारे कुएं में उतारा गया और स्थानीय लोगों की मदद से करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नवजात बच्चे को सकुशल बाहर निकाला गया। दिल को छू लेने वाली बात ये रही कि बच्चे के साथ कुएं में एक छोटा डॉगी भी था, जिसे बाद में सुरक्षित बाहर निकाला गया। बच्चे को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उसकी निगरानी कर रही है। बच्चा स्वस्थ है।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस :** पुलिस के मुताबिक बच्चा करीब तीन माह का है। वह किसका है और कुएं में कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# सिक्किम में भारी बारिश से भूस्खलन का कहर, लाचेन-लाचुंग में 1350 पर्यटक फंसे

एजेंसी

**गंगटोक।** सिक्किम में लगातार मूसलधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। विशेषकर उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले में स्थिति गंभीर बनी हुई है, जहां तीस्ता नदी का जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है और कई स्थानों पर भूस्खलन ने रास्ते पूरी तरह अवरुद्ध कर दिए हैं। इसके चलते लाचेन में 115 और लाचुंग में करीब 1350 पर्यटक फंसे हुए हैं।

भारतीय मौसम विभाग ने मंगन जिले के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि नामची, सोरेंग, गंगटोक और पाकयोंग जिलों में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

बता दें कि शनिवार रात फिदांग गांव और आसपास के इलाकों में बादल फटने से भारी तबाही हुई। तीव्र वर्षा और भूस्खलन के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और बिजली तथा संचार सेवाएं पूरी तरह बाधित हो गई हैं।



प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जब तक मौसम साफ नहीं होता और सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं होता तब तक बचाव कार्य असंभव है। वर्तमान में रस्सियों और वैकल्पिक उपायों से ही बचाव की योजना बन रही है, लेकिन इसके लिए भी बारिश रुकना आवश्यक है। परिजनों की चिंता चरम पर मोबाइल नेटवर्क ठप होने के कारण फंसे पर्यटकों के परिजनों से संपर्क नहीं हो पा रहा है, जिससे वे गहरी चिंता में हैं। लाचुंग और लाचेन जैसे संवेदनशील पर्यटन स्थलों पर आवागमन पूरी तरह बाधित है।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

# विधायक जयराम महतो के लिए मांगी गयी जेड श्रेणी की सुरक्षा

- विधायक जयराम महतो के साथ हाल के दिनों में कई संदिग्ध घटनाएं घट चुकी हैं, जिनसे उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के डुमरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक और झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष जयराम कुमार महतो को जेड श्रेणी की सुरक्षा दिए जाने की मांग तेजी से जोर पकड़ रही है। इस मांग को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिला और उन्हें एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विधायक को जेड श्रेणी की सुरक्षा की मांग की गई है।

पार्टी के केंद्रीय सचिव राजदेश रतन ने जानकारी दी कि विधायक जयराम महतो के साथ हाल के दिनों में कई आपत्तिजनक और संदिग्ध घटनाएं घट चुकी हैं। जिनसे उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन पर इन घटनाओं को देखते हुए पार्टी ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों से हस्तक्षेप की अपील की है।

राजदेश रतन ने कहा कि 'विधायक जयराम महतो जनता के मुद्दों को निर्भीकता से उठाते रहे हैं, चाहे वह भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज हो या आदिवासी, किसान और मजदूरों के अधिकार की बात। उनके इस संघर्षपूर्ण और निष्पक्ष राजनीतिक रुख के कारण कई प्रभावशाली और असामाजिक तत्व उनके विरोध में सक्रिय हो गए हैं। ऐसे में उनकी जान को खतरा है और उन्हें उच्च स्तरीय सुरक्षा मिलनी चाहिए'।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विधायक के साथ पूर्व में भी कई बार जानलेवा घटनाएं घट चुकी हैं। जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पार्टी का दावा है कि यह महज संयोग नहीं, बल्कि सुनियोजित प्रयास हैं। जिनका उद्देश्य विधायक को डराना और लोकतांत्रिक आवाज को दबाना है।

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि इस विषय में पहले भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भेजा जा चुका है। लेकिन अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं मिली है। इसीलिए राज्यपाल से आग्रह किया गया है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप कर केंद्रीय गृह मंत्रालय तक यह मांग प्रभावी रूप से पहुंचाए।

राजदेश रतन ने कहा, 'हम चाहते हैं कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों की आवाज सुरक्षित रहे। यदि उनकी सुरक्षा ही सुनिश्चित नहीं होगी, तो वे जनहित के मुद्दों को कैसे उठाएंगे। इसलिए यह सिर्फ किसी एक विधायक की सुरक्षा की मांग नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक प्रणाली की रक्षा की मांग है'।

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने उम्मीद जताई है कि राज्यपाल इस मामले को गंभीरता से लेंगे और केंद्र सरकार को कार्रवाई के लिए निर्देशित करेंगे।

### क्या होती हैं जेड श्रेणी सुरक्षा

जेड श्रेणी की सुरक्षा, जिसमें 22 से 25 सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाते हैं। आमतौर पर उन व्यक्तियों को दी जाती है, जिन्हें उच्चस्तर का खतरा होता है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का कहना है कि विधायक जयराम महतो की सुरक्षा को इसी श्रेणी में रखा जाना चाहिए। ताकि वे बिना किसी भय के अपने जनप्रतिनिधित्व के कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

## पर्यावरण एवं वन विभाग, सीसीएल ने किया विश्व पर्यावरण दिवस स्वच्छता अभियान का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित सप्ताहव्यापी कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के पर्यावरण एवं वन विभाग द्वारा रविवार को रांची स्थित करम टोली तालाब एवं लाइन टैंक क्षेत्र में एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान इस वर्ष के वैश्विक विषय 'प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें' के अनुरूप आयोजित किया गया।

इस अभियान का नेतृत्व श्री राजकुमार, महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष (पर्यावरण) तथा पीके सिन्हा, महाप्रबंधक (वन) ने किया।

इस अवसर पर पर्यावरण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे सीसीएल की पर्यावरणीय स्थिरता और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती संगीता (महाप्रबंधक, पर्यावरण), जी. श्रीनिवास (मुख्य प्रबंधक, पर्यावरण), रजत ठाकुर एवं श्रीमती स्वाति सिंह (प्रबंधक, पर्यावरण), जी. विद्या सागर, राजीव कुमार तथा नितेश सिन्हा (उप प्रबंधक, पर्यावरण), शुभम सुयश (सहायक प्रबंधक, पर्यावरण), एवं अन्य कर्मचारियों में इर्फान अली खान, पंचम मुंडा, श्री लक्ष्मण, शहनवाज आलम एवं श्रीमती संसुन निशा ने भाग लिया।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जलाशयों तथा आस-पास के क्षेत्रों से प्लास्टिक एवं अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल कचरे को हटाया गया। इसका उद्देश्य इन जल स्रोतों की पारिस्थितिकीय स्थिति को बहाल करना तथा उनके सौंदर्य को पुनः स्थापित करना रहा।

इस अवसर पर श्री राजकुमार ने सभी प्रतिभागियों के सामूहिक प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि, 'हम सीसीएल में एक स्वच्छ, हरित और प्लास्टिक-मुक्त भविष्य के लिए सतत प्रयास कर रहे हैं।' वहीं पीके सिन्हा ने शहरी जल स्रोतों के संरक्षण पर बल देते हुए नागरिकों में पर्यावरणीय चेतना एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

यह स्वच्छता अभियान न केवल प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने की दिशा में एक सशक्त पहल है, बल्कि यह सीसीएल द्वारा कोल इंडिया लिमिटेड के अधीन एक उत्तरदायी कॉरपोरेट संस्था के रूप में सतत विकास के प्रति की जा रही प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## राज्य सरकार को विश्वास में लें, एम्स कोई निजी संस्था नहीं : डॉ इरफान अंसारी

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि झारखंड की पावन धरती पर राष्ट्रपति का हार्दिक स्वागत करता हूं। यह हमारे राज्य के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है। हालांकि, मैं यह कहना चाहता हूं कि एम्स देवघर के निदेशक को यह समझना चाहिये कि वे एक जिम्मेदार पद पर हैं। उन्हें झारखंड सरकार और मुझे विश्वास में लेकर कार्य करना चाहिये। यदि किसी भी कार्यक्रम या निर्णय से पहले संवाद होता, तो स्थिति अधिक सकारात्मक होती। यदि उन पर किसी राजनीतिक दबाव, विशेषकर भाजपा के इशारे पर काम करने का दबाव है, तो उन्हें यह बात स्पष्ट रूप से राज्य सरकार को बतानी चाहिये। उन्होंने कहा कि एम्स जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का संचालन किसी एक दल या व्यक्ति की मर्जी से नहीं। बल्कि संविधान और जनहित के दायरे में होना चाहिये। मैं उम्मीद करता हूं कि भविष्य में समन्वय, पारदर्शिता और सम्मान के साथ कार्य होगा।

## रेखा तिर्की को बड़ा अफसर बनाने में हरसंभव मदद : शिल्पी नेहा तिर्की

- मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रेखा तिर्की को उच्च शिक्षा के लिये दिया एक लाख का चेक
- कहा- आज रेखा ने पूरे आदिवासी समाज को गौरवान्वित किया है

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रविवार को जैक के 12वीं की परीक्षा में कॉमर्स विषय में राज्य भर में छठा स्थान पाने वाली रेखा तिर्की से मुलाकात की।

मांडर के मेसाल स्थित महादेव उरांव आवास पर पहुंच कर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रेखा को सम्मानित किया। उन्होंने रेखा तिर्की की मां सीता उरांव के नाम एक लाख का चेक प्रदान किया है। ये राशि रेखा की उच्च शिक्षा में आर्थिक बाधा को दूर करने में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और अपने लक्ष्य को पाने के प्रति समर्पण से सफलता को हासिल किया जा सकता है। आज रेखा तिर्की ने अभाव को मात देकर अपने लक्ष्य को भेदने में सफलता पाई है। उन्होंने कहा कि आज रेखा ने पूरे आदिवासी समाज को गौरांवित किया है। रेखा तिर्की ने उस राजनीतिक उद्देश्य को भी साबित किया जिसमें हम हर मंच से ये कहते हैं कि आदिवासी समाज तभी आगे बढ़ेगा, जब वो पढ़ेगा और लिखेगा।

उन्होंने कहा है कि रेखा के उज्वल भविष्य के लिए करियर काउंसलिंग की जरूरत होगी। रेखा के उच्च शिक्षा के लिए हरसंभव मदद की जायेगी। वो अपने करियर में बड़ा अफसर बने इस सपने को साकार करने में सहयोग करेंगे।

## अंक नहीं, आत्मबल की पहचान जरूरी : डॉ रामेश्वर उरांव



- 10वीं एवं 12वीं के स्टेट टॉपर्स प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को अति विशिष्ट पुरस्कार से किया जायेगा सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पासवा के मुख्य संरक्षक सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने रविवार को संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया कि विद्यार्थियों के लिए राज्य स्तरीय एवं तत्पश्चात जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कर 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स बच्चे एवं 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि यह राज्य स्तरीय समारोह आगामी 23 जून को राजधानी स्थित हरवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर झारखंड के तीनों प्रमुख बोर्ड सीबीएसई, आईसीएसई और जैक बोर्ड के 10वीं एवं 12वीं कक्षा के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सम्मान समारोह की सबसे विशेष बात यह होगी कि तीनों बोर्ड के 10वीं और 12वीं के राज्य स्तरीय टॉपर्स यानी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अति विशिष्ट छात्र सम्मान से नवाजा जायेगा। यह सम्मान न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक होगा। बल्कि यह राज्य के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने कहा कि पासवा एक बार फिर यह संदेश देना चाहता है कि हर मेहनती विद्यार्थी सम्मान का पात्र है और शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं। बल्कि आत्मबल, आत्मविश्वास और प्रयास की भी पहचान है।

## सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष बने रितेश कुमार व महासचिव राजेश सिंह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ के नये अध्यक्ष के पद लिए गृह कारा, आपदा प्रबंधन विभाग में कार्यरत प्रशाखा पदाधिकारी रितेश कुमार निर्वाचित हुए हैं। रितेश कुमार को 261 मत मिला। वहीं, महासचिव पद पर विधि विभाग में कार्यरत राजेश कुमार पर भरोसा जताया गया है। दिनभर चले मतदान के बाद इसकी काउंटिंग करते हुए चुनाव पदाधिकारी ने चुनाव परिणाम की घोषणा की। रविवार को मतदान हटिया स्थित पशुपालन भवन में हुआ। इस चुनाव में अध्यक्ष, महासचिव, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, संगठन सचिव, कोषाध्यक्ष के पदों के लिए कुल 31 उम्मीदवार मैदान थे। इनके लिए सचिवालय सेवा के 882 मतदाता थे। पदाधिकारी ने जीत पर जश्न भी मनाया। बधाइयां भी मिली।

### इन पदों के लिए ये पदाधिकारी हुए निर्वाचित

अध्यक्ष- रितेश कुमार, महासचिव- राजेश सिंह, उपाध्यक्ष- अनिल सरदार, प्रदीप पासवान, शशिकांत गोप, मुकेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार। सचिव- चंद्रदीप एक्का, धर्मवीर कुमार। संयुक्त सचिव- सोनी कुमारी, अमिता लकड़ा, पप्पू कुमार, आनंद कुमार, हेमनरायण सिंह। संगठन सचिव- अष्टमी बानरा, विनोद नायक, वैद्यनाथ मुर्मू, रजनीश शुक्ला, रविन्द्र बरनवाल। कोषाध्यक्ष- अवध भगत निर्वाचित हुए।

## झारखंड में महिला सुरक्षा एक गंभीर चेतावनी : राफिया नाज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा है कि झारखंड में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक और भयावह होती जा रही है। हाल ही में गुमला की एक आदिवासी किशोरी के साथ राजधानी रांची में जो घटना हुई, वह मानवता को शर्मसार करने वाली है। एक मासूम को दिनदहाड़े बहला-फुसलाकर अगवा किया गया। फिर जंगल में ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार हुआ। यह कोई अकेली घटना नहीं है। यह उस व्यवस्था का नमूना है जो राज्य की बहन-बेटियों को सुरक्षा देने में पूरी तरह असफल हो चुकी है। उन्होंने झारखंड सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुये कहा कि राज्य की महिलाएं आज भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हैं। झारखंड सरकार की नीतियां केवल दिखावे की रह गई हैं। मंइयां सम्मान योजना जैसी योजनायें सिर्फ पोस्टर और बैनर तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि महिला आयोग का न होना सबसे बड़ा सवाल है। झारखंड राज्य महिला आयोग सितंबर 2020 से निष्क्रिय है। पिछले चार वर्षों से राज्य में महिला आयोग का कोई अध्यक्ष नहीं है, न ही कोई सदस्य। जब एक संवैधानिक संस्था जो महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए बनाई गई हो, वह खुद निष्क्रिय हों तो सरकार की प्राथमिकतायें स्पष्ट हो जाती हैं। वर्तमान में महिला आयोग में 3,137 से अधिक मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2022 के आंकड़े दर्शाते हैं कि झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। झारखंड पूरे देश में सबसे अधिक दहेज उत्पीड़न के मामलों वाला राज्य है। जहां 1,844 दहेज संबंधित मामले सामने आये। इसके अलावा, बलात्कार, बालिकाओं की तस्करी, यौन उत्पीड़न, अपहरण और घरेलू हिंसा के मामलों में झारखंड शीर्ष पर है। उन्होंने कहा कि झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में दर्जनों ऐसे मामले हैं जिनमें एफआईआर दर्ज होने के बाद भी महीनों तक कोई कार्रवाई नहीं होती। पीड़िताएं पुलिस थानों के चक्कर काटती रहती हैं। उन्होंने कहा गुमला की किशोरी के साथ हुए गैंगरेप में भी यह देखने को मिला कि दो आरोपी अब तक फरार हैं। यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई होती, तो शायद आरोपियों को पकड़ा जा सकता था।

## पंचायत सहायकों की चेतावनी : जल्द प्रोत्साहन राशि नहीं मिली तो होगा चरणबद्ध आंदोलन!

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के ग्रामीणों इलाकों में विकास को गति देने में मुखिया और पंचायत सचिव को सहयोग करने वाले पंचायत सहायक फिर से आक्रोशित हैं। राज्य भर के 16 हजार से अधिक पंचायत सहायकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। रविवार को रांची में राज्य स्तरीय पंचायत सहायक संघ की बैठक हुई। जिसमें यह निर्णय लिया कि अगर सरकार और विभाग ने उनकी लंबित मांगें नहीं मानी और जल्द प्रोत्साहन भत्ता जारी नहीं किया तो वे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे।

राज्य स्तरीय पंचायत सहायक संघ की प्रदेश कमेटी की बैठक के बाद अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया कि अभी तक विभागीय मार्गदर्शिका का पालन सभी जिला, प्रखंड में नहीं किया जा रहा है। साथ ही बहुत सारे जिला में अभी तक प्रोत्साहन राशि भी नहीं मिली है। कैबिनेट में जो घोषणा की गई थी वह अभी तक धरातल पर नहीं उतरा है।

चंद्रदीप कुमार ने बताया कि दो महीने से अधिक समय पहले विभागीय मार्गदर्शिका निकाली थी। वह आज तक धरातल पर लागू नहीं हो पाया है। पंचायत सहायकों को उनका प्रोत्साहन राशि (2500 रुपये) मिल पाया है। पंचायत सहायकों ने बताया कि इतना ही नहीं 2019 से लेकर 2024 तक का प्रोत्साहन राशि भी सरकार ने नहीं दी है।

चंद्रदीप कुमार ने बताया कि सरकार के द्वारा सिर्फ काम लिया जा रहा है। अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, भूमि संरक्षण, पंचायत भवन में प्रत्येक दिन बैठना पड़ रहा है। सरकार के द्वारा जो भी कैंप लगाया जाता है उसमें ड्यूटी देना पड़ता है। इतना काम करने के बावजूद 5 साल से प्रोत्साहन राशि बकाया है।

उन्होंने बताया कि 12 मार्च 2024 को कैबिनेट से घोषणा की गयी थी प्रत्येक पंचायत सहायक को प्रति माह 2500 रुपये देने का प्रस्ताव पारित किया गया था। उसके अनुरूप भी लगभग 01 वर्ष से कोई राशि नहीं दी गयी है। पंचायत सहायकों ने कहा कि इन सब मांगों को लेकर फिर एक बार हम आंदोलन की राह पकड़ लेंगे और मांगें नहीं मानी गयीं तो हम सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### 'घर बैठी महिलाओं को मंईयां सम्मान, हम पंचायत सहायक होने की सजा पा रहे'

सिमडेगा की पंचायत सहायक सुनिता ने कहा कि सरकार एक ओर मंईयां सम्मान के तहत महिलाओं को 2500 रु. हर महीना दे रही है। लेकिन हम पंचायत सहायक हैं इसलिए हमें मंईयां सम्मान की राशि नहीं मिल सकती। लेकिन यहां हमारी जैसी करीब 5000 पंचायत सहायकों को न मंईयां सम्मान की राशि मिल रही है और न ही अपने काम का प्रोत्साहन भत्ता।

## पूर्व सीएम चम्पई सोरेन ने ओलचिकी लिपि से संबंधित वेबसाइट का किया उदघाटन

- कहा- ओलचिकी लिपि को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने की जरूरत



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व सीएम चम्पई सोरेन ने रविवार को संथाली भाषा के लिये काम करने वाली संस्था एसेका के वेबसाइट को लॉंच किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट एवं सूचना तकनीक के इस दौर में संथाली भाषा ने एक लंबी छलांग लगाई है। संथाली भाषा के लिए काम कर रही संस्था एसेका ने संथाली भाषा एवं ओलचिकी लिपि की शिक्षा को वैश्विक स्तर तक पहुंचाने के लिए एक वेबसाइट बनाई है। जिसके तहत स्कूलों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों को ना सिर्फ जोड़ा जायेगा। बल्कि उन्हें मानक पाठ्य सामग्री भी उपलब्ध करवाई जायेगी। इस वेबसाइट पर संथाली भाषा एवं ओलचिकी लिपि में प्रकाशित साहित्य, पुस्तकें एवं पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाई जायेगी। एसेका के 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर हुई इस पहल का स्वागत करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि नई तकनीक से कदमताल कर के हम लोग नई पीढ़ी को आसानी से अपने साथ जोड़ पायेंगे। ओलचिकी लिपि के आविष्कारक पंडित रघुनाथ मुर्मू ने भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन का जो अभियान शुरू किया था, यह उसी दिशा में उठाया गया एक सशक्त कदम है।

उन्होंने ओलचिकी को एक वैज्ञानिक लिपि बताते हुए कहा कि इसकी वजह से संथाली भाषा में लिखना-पढ़ना एवं उसे सीखना काफी आसान हो गया है। उन्होंने याद दिलाया कि उनकी सरकार के कार्यकाल के दौरान संथाली समेत स्थानीय आदिवासी भाषाओं में प्राथमिक स्तर से शिक्षा का प्रस्ताव कैबिनेट से पास हुआ था। इस अवसर पर उपस्थित वीर सिदो कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू ने इसे एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि एसेका द्वारा संथाली भाषा, संस्कृति एवं साहित्य की दिशा में जो पहल की जा रही है। उससे इस भाषा को वैश्विक पहचान मिलेगी। एसेका के जीतराय मुर्मू ने संस्था के उद्देश्यों तथा भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों एवं नेपाल तथा बांग्लादेश में संस्था द्वारा कई स्थानों पर संथाली भाषा में मानक प्रारूप के अनुसार शिक्षा प्रदान की जाती है। इस वेबसाइट के माध्यम से नये शैक्षणिक संस्थानों को जोड़ना आसान होगा।

## पाथेरडीह गांव में 'पीरियड एंड साइंस' सेमिनार आयोजित, हिंदी, संथाली और बांग्ला भाषा में किशोरियों व महिलाओं को किया गया जागरूक

# धातकीडीह गांव की सभी किशोरियां और महिलाएं रियूजेबल पैड का करती हैं इस्तेमाल

● अभियान से सभी किशोरियों व महिलाओं को जोड़ने की है योजना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**माहवारी स्वच्छता जागरुकता अभियान का दिखने लगा रंग**



**सेमिनार में महिलाओं और किशोरियों को जागरुक करते कोल्हान के पैडमैन तरुण कुमार।**

**घाटशिला/जमशेदपुर।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर 'पीरियड एंड साइंस' जन अभियान की शुरुआत सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन, झारखंड के द्वारा किया गया था। अभियान के माध्यम से माहवारी स्वच्छता की शिक्षा के साथ साथ विज्ञान शिक्षा से भी ग्रामीण इलाके व सुविधावंचित समुदायों के बच्चों की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि समाज में व्याप्त कई रूढ़िवादी धारणाओं से समाज को निकट भविष्य में सुरक्षित किया जा सके।

रविवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय धातकीडीह परिवार और सामाजिक संस्था निश्चय फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में घाटशिला के पाथेरडीह गांव में इमली पेड़ के नीचे 'पीरियड एंड साइंस' कार्यशाला का आयोजन सार्वजनिक रूप से किया गया। कार्यशाला का आयोजन धातकीडीह विद्यालय के भूतपूर्व छात्राएं लीलामणि मुंडा और मौमिता मुर्मू के नेतृत्व में किया गया। कार्यशाला के दौरान झारखंड के पैडमैन तरुण कुमार ने गांव की महिलाओं और किशोरियों को माहवारी स्वच्छता, किशोरी महिला स्वास्थ्य, उचित पोषण, पीरियड के समय साफ सफाई का महत्व, सैनिटरी पैड के उपयोग समेत पीरियड के विज्ञान को विस्तार से बताया।

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह के दुष्प्रभाव, बालिका शिक्षा से समाज में आने वाले बदलावों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। वही बताया गया कि विज्ञान शिक्षा से भी कई सामाजिक कुरीतियों को समाज से बखूबी कम किया, हटाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान पैडमैन तरुण कुमार के वक्तव्यों को लीलामणि मुंडा ने बांग्ला और मौमिता मुर्मू ने संथाली में भी बारी बारी से अनुवाद कर महिलाओं को बताया, ताकि ग्रामीण महिलाएं जरूरी बातों को बेहतर ढंग से समझ सके।

आज पाथेरडीह गांव में आयोजित कार्यक्रम ग्रासरूट्स पर चलाए जा रहे अभियानों के लिए एक ठोस मिशाल है। जहां समुदाय के जरूरतों के हिसाब से कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई थी। गांव की महिलाएं हर महीने महंगा सैनिटरी पैड नहीं खरीद पाती, उनकी इस समस्या से छुटकारा दिलाने हेतु कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किशोरियों व महिलाओं को पर्यावरण अनुकूल प्रोजेक्ट बाला रियूजेबल पैड के उपहार भी दिया गया। बताते चले कि धातकीडीह गांव की लगभग सभी किशोरियां व महिलाएं पिछले दो वर्षों से रियूजेबल पैड का उपयोग करती है, जिससे उपयोग किए गए पैड का कोई भी अपशिष्ट संभवतः गांव से नहीं निकलता। कार्यक्रम के दौरान उमवि धातकीडीह के प्रधानाध्यापक साजिद अहमद, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष मालती मुर्मू व अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में दौरान 50 से ज्यादा लोग मौजूद रहे। जल्द ही विद्यालय के पोषक क्षेत्र के प्रत्येक गांव में कार्यशाला आयोजित कर अभियान से सभी किशोरियों व महिलाओं को जोड़ा जाएगा। लंबी छुट्टियों के दौरान भी गांव के बच्चे पढ़ाई और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे, इस दिशा में विद्यालय हमेशा से उल्लेखनीय कार्य करते आ रहा है।

## स्पीड न्यूज

### पीपला में पिक वैन ने ट्रेलर को टक्कर मारी ड्राइवर की मौत

जमशेदपुर। घाटशिला के पिपला के पास रविवार की सुबह एनएच-33 रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास तेज गति से आ रही पिक अप वैन ने सड़क के किनारे खड़े ट्रेलर को जोरदार टक्कर मार दी। इससे पिक अप चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि वैन पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया है। मृतक एवं घायलों की पहचान की जा रही है।

### धालभूमगढ़ : अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जमशेदपुर। धालभूमगढ़ थाना अंतर्गत पुनसा गांव के पास एनएच-18 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार की घटना स्थल प र ही मौत हो गई। बाइक का नंबर जेएच 05 ई 3427 है। मृतक का शव बुरी तरह कुचल गया है जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

### खरसावां : अनियंत्रित ट्रेक्टर ने बाइक को टक्कर मारी, दो की मौत

सरायकेला। सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत रायजामा पहाड़ी क्षेत्र में एक अनियंत्रित तेज रफ्तार ट्रक्टर ने एक बाइक को रौंद दिया। इससे बाइक सवार दो व्यक्तियों बुरी तरह घायल हो गए जिनका सरायकेला सदर अस्पताल में इलाज के दौरान ही मौत हो गई। मृतकों में एक की पहचान गोपाल सिंह मुंडा के रूप में हुई है जो ईचागढ़ के सीतू गांव के निवासी हैं जो एक रिश्तेदार से लौट रहे थे।

### गीता थियेटर के विशेष समर कैंप का समापन



जमशेदपुर। रॉबिन हुड आर्मी जमशेदपुर और गीता थियेटर ने हाल ही में कुष्ठ प्रभावित बच्चों के लिए एक विशेष समर कैंप का आयोजन किया, जिसका समापन समारोह गत शनिवार आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा दिनेश कुमार और पूर्व विधायक कुणाल सारंगी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, सड़क सुरक्षा पर अभिनय, गायन और अन्य कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथियों ने इस पहल की प्रशंसा की और बच्चों की उत्साहवर्धक प्रस्तुतियों की सराहना की। दिनेश कुमार ने बच्चों के साथ बातचीत की और प्रश्नोत्तरी सत्र के माध्यम से उनका मनोबल बढ़ाया। कुणाल सारंगी ने नशा मुक्ति अभियान के बारे में जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम में रॉबिन हुड आर्मी जमशेदपुर, गीता थियेटर, लियो क्लब और हिंद क्लब के स्वयंसेवक उपस्थित थे। इस अवसर पर अरुण ठाकुर, प्रेम दीक्षित, सुष्मिता, बरनाली और कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### इसरों का प्रतिनिधिमंडल उद्योग मंत्री से मिला



जमशेदपुर। गत शनिवार को इन्डस्ट्रियल स्टेबिलिटी एन्ड रिफोर्म (इसरो) का एक प्रतिनिधिमंडल संस्था के अध्यक्ष रूपेश कतरियार के नेतृत्व में उधोग,श्रम एवं कौशल विकास मंत्री श्री संजय प्रसाद यादव के रांची स्थित आवास कार्यालय में मिलकर इसरो संगठन के आगामी प्रथम वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होने का अनुरोध किया। मंत्री ने सुविधानुसार जून माह में कोई तारीख देने का अनुरोध स्वीकार किया। प्रतिनिधिमंडल ने उधोग सम्बंधित विभिन्न समस्याओं का विस्तार पूर्वक परिचय देते हुए वर्षो से चली आ रही डीओपी (उत्पादन प्रारंभ करने का प्रमाण पत्र) के अभाव में उत्पन्न समस्या की चर्चा की। ज्ञातव्य है कि ईएमप़ाटघ एवं पिएमटी.प्रमाण पत्र के अभाव में बन्द एवं रूग्ण इकाइयां या प्रथमपिढी के उद्यमी जो इकाई चलाने में सक्षम नहीं है ऐसे उद्यमी अपनी इकाई इच्छुक नवागन्तुक उद्यमी को विभाग द्वारा घोषित स्थानान्तरण नीति के तहत 15 प्रतिशत भूमि मूल्य एवं डिओप़ीप्रमाण पत्र देकर कर सकते हैं किन्तु डिओ पी प्राप्त करने हेतु विभाग ने अनेकानेक शासकीय प्रमाण पत्र समर्पित करने का प्रावधान कर रखा है जो इच्छुक उधमियों के लिए दुरूह कार्य है, ऐसे बंद एवं रुग्ण इकाइयों एवं विधान परिवर्तन के उम्मीद लगाए उद्धमियों की संख्या पुरे झारखण्ड मे सैकड़ो मे है,जो वर्षों से विभाग मे दौड़ लगा रहे है मगर उनका काम अभी तक रुका पड़ा है,अत: डिओप़ी की बाध्यता समाप्त कर भूमि का स्थानांतरण एवं विधानपरिवर्तन नीति सुगम एवं सुविधा पूर्ण करने की मांग इसरो प्रतिनिधिमंडल ने माननीय मंत्री के समक्ष रखी। आदित्यपुर औधोगिक क्षेत्र में सड़को, एवं नालियों की जर्जर स्थिति की चर्चा करते हुए अविलंब सुधार की मांग की गई। क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट की कुव्यवस्था की ओर ध्यान आष्ट करते हुए वार्षिक रख रखाव एवं बिना लाइट बन्द पड़े स्तम्भो को ठीक करने का अनुरोध भी किया गया एवं बीना स्ट्रीट लाइट सुविधा के उद्धमियों को दी गई।

# अरका जैन विवि का तृतीय दीक्षांत समारोह कल

2322 छात्रों को मिलेगी डिग्री 48 को मिलेगा गोल्ड मेडल

23 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि से सम्मानित किया जायेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार होंगे मुख्य अतिथि**



**राज्यपाल संतोष गंगवार को आमंत्रण पत्र सौंपते संस्थान प्रति कुलपति प्रो डॉ अंगद तिवारी और कुल सचिव डॉ अमित श्रीवास्तव।**

**जमशेदपुर।** गम्हरिया स्थित अरका जैन यूनिवर्सिटी में 3 जून 2025 को तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य एवं गरिमामयी समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि सम्मानित अतिथि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व मौजूदा स्थानीय विधायक चम्पाई सोरेन होंगे। समारोह दोपहर 2:30 बजे राज्यपाल श्री गंगवार के आगमन के साथ आरम्भ होगा। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि दीक्षांत समारोह में वर्ष 2023 और 2024 में उत्तीर्ण स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के कुल 2322 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इनमें अधिकांश विद्यार्थियों को बेहतर प्लेसमेंट भी मिल चुका है। साथ ही कई विद्यार्थी और उच्चतर शिक्षा के लिए अध्यनरत हैं। इन पाठ्यक्रमों के छात्रों को मिलेगी डिग्री : बीबीए, बीकम (अनर्स), एमबीए, बीसीए, एमसीए, बीए अंग्रेजी अनर्स, बीए फैशन डिजाइन अनर्स, बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार अनर्स, बीएससी बायोटेक्नोलजी, फार्मेसी, बी अप्टोमेट्री और सभी इंजीनियरिंग विभागों के छात्र-छात्राएं इस दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करेंगे। 48 टॉपर्स को मिलेगा गोल्ड मेडल, राज्यपाल करेंगे सम्मानित : समारोह के सबसे खास क्षणों में से एक रहेगा स्वर्ण पदक वितरण, जहां विभिन्न संकायों के 48 टपर्स को गोल्ड मेडल से नवाजा जाएगा। इनमें वर्ष 2023 के पासआउट 26 तथा 2024 के 22 गोल्ड मेडलिस्ट शामिल हैं। इन टपर्स को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

**वर्ष 2024 में पासआउट गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थी**

एकता केशरी, असेवता स्तुति एक्का, तान्या गुप्ता, जैस्मिन धनजल, हरमीत सिंह, मनोज गोराई, मोहम्मद युसुफ अली, स्निग्धा सिंह, नाहिदा तबस्सुम, संजना कुमारी, श्रेया बनर्जी, धैर्य आचार्य, मेघा इंदल, सतपाल सिंह, आयुष शर्मा, उषा कुमारी, गुरप्रीत कौर, मेघा सेनगुप्ता, एएस सिथालक्ष्मी, प्रिया गोप, सोमनाथ लाहा, अभिनंदन दास मोदक।

**इन 21 शोधार्थियों को मिलेगी पीएचडी उपाधि**

इस वर्ष 21 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। इनमें हर्षिता गुप्ता, बिक्रांत तिवारी, मंदीप कौर, विशाखा जोसेफ, श्वेता कुमारी, नौशिन रजी, तैयबा खातून, रानी झा, चंचल मंडल, अभिषेक उपाध्याय, शालिनी प्रसाद, अमित कुमार सिंह, शबनम खातून, रोहन विजय शांडिल्य, रीता कुमारी, उषा कुमारी, इम्तियाज अहमद, सुमित कुमार मिश्रा, अमित चतुर्वेदी, बीना, निधि कुमारी शामिल हैं।

**पूरे उत्साह के साथ तैयारी में जुटा विश्वविद्यालय परिवार**

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डा ईश्वरन अय्यर, प्रति कुलपति प्रो अंगद तिवारी और कुलसचिव डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपूर्ण विवि परिवार इस समारोह को स्मरणीय और भव्य बनाने में पूरी निष्ठा से जुटा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अरका जैन यूनिवर्सिटी का यह दीक्षांत समारोह न केवल डिग्री वितरण का मंच होगा, बल्कि छात्रों के अथक परिश्रम, विश्वविद्यालय के उत्ष्ट शैक्षणिक परिवेश और राज्य की प्रगति का प्रतीक भी बनेगा।

## परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 43 सिख छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के लिए होते हैं प्रेरणा का बूस्टर डोज : अमरप्रीत काले**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम में अल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन द्वारा आईसीएसई व सीबीएसई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 43 विद्यार्थियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर किया गया सम्मान। समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रतिभा को पहचान देना और उसका सम्मान करना न केवल बच्चों का मनोबल बढ़ाता है, बल्कि उन्हें समाज के प्रति उत्तरदायी और प्रेरित नागरिक भी बनाता है। वाइस प्रेसिडेंट राजेश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों की प्रतियोगिता किसी और से नहीं, स्वयं से होनी चाहिए। फेडरेशन अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर ने कहा बच्चों को सम्मानित करते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो स्वयं को सम्मानित कर रहे हों। सभी प्रतिभाशाली छात्रों को काले, शर्मा, बृज भूषण सिंह और सतनाम सिंह गंभीर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सोनारी गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष तारा सिंह, टूईलाडूंगरी गुरुद्वारा के रणजीत सिंह, अवतार सिंह, मनजीत सिंह गिल, दिलबाग सिंह, महिंदर सिंह भुई, इंद्रपाल सिंह भाटिया, मनदीप सिंह शैंकी, अमरजीत सिंह, मनमीत लूथरा, परविंदर सिंह भाटिया, मनवीर सिंह कंग, नानक सिंह, राघवेंद्र सिंह, रुपेश शर्मा, जोगिंदर सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## दलजीत सिंह बनाये गये झारखंड महिला फुटबॉल फेडरेशन के वाइस चेयरमैन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**दलजीत सिंह।**

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा निवासी एवं भारतीय जनता पार्टी के युवा सिख नेता दलजीत सिंह झारखंड महिला फुटबल फेडरेशन के वाइस चेयरमैन बनाए गए हैं। उनका मनोनयन सरदार अवतार सिंह गांधी, चेयरमैन फाइनेंस कमेटी, झारखंड महिला फुटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने किया है। मनोनयन पत्र मिलते ही दलजीत सिंह ने कहा कि वह झारखंड की महिला प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर तक पूरे शिद्दत से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में फुटबल की अनंत संभावनाएं हैं। ग्रामीण इलाकों में पुरुष एवं महिला प्रतिभाएं हैं जिन्हें अवसर दिया जाना जरूरी है। दलजीत सिंह के अनुसार वे राज्य सरकार से भी आग्रह करेंगे कि राज्य के प्रत्येक उच्च विद्यालय में फुटबल कीट दिया जाए और साथ ही राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के फुटबल खिलाड़ियों को स्कूलों में प्रतिनियुक्ति दी जाए।

दलजीत समाजसेवी एवं जनता दल यू के पूर्व जिला अध्यक्ष तथा झारखंड सिख विकास मंच एवं पैगाम ए अमन के संरक्षक सरदार गुरदीप सिंह के बेटे हैं।

## शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं से मंत्री को कराया अवगत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** झारखण्ड विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के महामंत्री विश्वम्भर यादव के नेतृत्व में रविवार को एक प्रतिनिधि मंडल जिसमें चौतन्य शिरोमणि, उपाध्यक्ष एवं नारायण नाग, कार्यकारिणी सदस्य, शिक्षेकत्तर कर्मचारी संघ, जमशेदपुर महिला विवि, जमशेदपुर तथा जय किशोर प्रसाद रामदास सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विकास विभाग के मंत्री, घाटशिला विधान सभा क्षेत्र से मिलकर राज्य के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यरत इंटरमीडिएट के शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्यायों के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही महामंत्री ने इन शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्यायों से अवगत करवाते हुए बताया कि पिछले कई वर्षों से इंटरमीडिएट स्तर पर राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विभिन्न विभागों में ये कार्यरत हैं।

अचानक से विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट की शिक्षा बंद होने के निर्णय से इनके सम्मुख भुखमरी, पारिवारिक तबाही तथा आर्थिक संकट की समस्या आ गई है। महासंघ एवं कर्मचारी संघ ने माननीय शिक्षा मंत्री से अनुरोध एवं मांग किया है कि इंटरमीडिएट के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अन्य स्कूलों एवं कलेजों में स्वीत रिक्त पदों के विरुद्ध समायोजित करने का व्यस्थागत निर्णय लिया जाय। महासंघ एवं कर्मचारी संघ ने माननीय मंत्री महोदय से यह भी अनुरोध किया कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 41 जो बेरोजगारी, वृद्धावस्था या अन्य कमजोर स्थितियों का सामना कर रहे लोगों को काम, शिक्षा और सार्वजनिक सहायता प्रदान करने की राज्य की जिम्मेदारी को रेखांकित करता है, का पालन किया जाय ताकि निरीही शिक्षकों एवं कर्मचारियों का जीवन तबाह एवं बर्बाद होने से बच सके।

## श्री साई देवस्थानम का दो दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव संपन्न



जमशेदपुर। साईं परिवार विश्व सेवा संसथान, जमशेदपुर के तत्वाधान में श्री साईनाथ देवस्थानम का दो दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर विद्वान् पुरोहितों के द्वारा पूजन अनुष्ठान यजमान राकेश पांडेय सपत्नी के उपस्थिति में हुआ। दो दिवसीय महोत्सव में रविवार प्रात: 500 से रात्रि 9 बजे तक चार प्रहर की आरती, मंगल स्नान, विशेष पूजन, हवन इत्यादि अनुष्ठान संपन्न हुए। हनुमान चालीसा पाठ विद्वान पुरोहितों के द्वारा किया गया। जिसमे आस पास कई भक्तगण सम्मिलित हुए। संस्थान के द्वारा श्रधालुओं के महाप्रसाद की व्यवस्था की गयी है, रात्रि 9 बजे बाबा शेज आरती के साथ अनुष्ठान का समापन हुआ।

# स्वदेशी जागरण मंच ने की विदेशी छोड़ों, स्वदेशी अपनाओ रैली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** स्वदेशी जागरण मंच जमशेदपुर महानगर के द्वारा विदेशी छोड़ो, स्वदेशी अपनाओ के विषय को समाज मे लाने हेतु साकची मे एक रैली आयोजित कि जिसमे लगभग 80 समर्थक सम्मिलित हुए। स्वदेशी कार्यकर्ताओं ने बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत छोड़ो, जब बाजार जायेंगे-सामान स्वदेशी लाएंगे, विदेशी वस्तु धोखा है- बहिष्कार करो मौका है, वालमार्ट बायकाट, अमेजन बायकाट, फ्लिपकार्ट बायकाट, चीनी कम्पनियां भारत छोड़ो, विदेशी वस्तु छोड़ कर-बोलो बन्दे मातरम, ओप्पो-वीवो बायकाट, अमेरिकी- तुर्की वस्तु छोड़ कर बोलो बन्दे मातरम जैसी उद्घोष को पुरे रैली मे लगाते रहे। रैली के बाद रैली मे सम्मिलित हुए प्रखर स्वदेशी समर्थकों ने जैसे खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन मनोज सिंह, मंच के अखिल भारतीय पर्यावरण सह प्रमुख बन्दे शंकर सिंह, जदयू के जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, हिन्दू जागरण मंच के जीतू सिंह, मंच के प्रान्त विचार विभाग प्रमुख डॉ जटा शंकर पाण्डेय, प्रान्त के प्रचार प्रमुख अमित मिश्रा, विभाग संयोजक राजकुमार शाह, अभय सिंह, अखिल सिंह, पंकज सिंह अपने अपने विचार रखे और धन्यवाद ज्ञापन जिला संयोजक राजपति देवी ने किया। खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी भारत के चेयरमैन मनोज सिंह ने कहा कि भारत को एक समृद्ध और महान राष्ट्र बनाने के लिए रोजगार युक्त वृद्धि दर आवश्यक है। देश की जनता अगर स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करेगी तो स्वाभाविक रूप से बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा। मंच के अखिल भारतीय पर्यावरण सह प्रमुख बन्दे शंकर सिंह ने कहा कि पुरे विश्व मे अमेरिका व चीन प्रणित विश्व व्यापार युद्ध चल रहा है। ऐसे में अपने भारत को सुरक्षित निकालने व आर्थिक प्रगति के मार्ग पर बढ़ाने का एक ही मार्ग है वह है स्वदेशी। कार्यक्रम मे मंच के प्रान्त महिला प्रमुख मधुलिका मेहता, मंजू ठाकुर, के पी चौधरी, अनिल राय, अजय सिंह, राज शाह, कौशल सिंह, मुकेश ठाकुर, राजा राम, राकेश पाण्डेय,अशोक सिंह, आर के सिंह, कंचन सिंह, जय प्रकाश सिंह, संजीत सिंह, किरणजीत कौर, राजेश बरनवाल, सुमित सिंह, सुनील गुप्ता, हरप्रीत कौर, एम भवानी, प्रवीण सिंह, प्रतिमा सिंह, स्वेता सिंह, ममता सिंह, सावित्री देवी, रश्मि साहू, अजित सिंह, अमित सिंह देव, डी बी दत्ता, देव कुमार, के अलावा भारी संख्या मे स्वदेशी समर्थक उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### कोल्हान में जमीन विहीन है घासी समाज, नहीं बन पा रहा जाति प्रमाणपत्र



जमशेदपुर। आदिवासी ऐसोसिएशन हॉल, सीतारामडेरा में श्रीकांत मुखी के अध्यक्षता में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें घासी समाज को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही दिक्कतों पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन रवि मुखी ने किया। बैठक में कहा गया कि घासी जाति यानी मुखी समाज कोल्हान प्रमंडल में लाखों कि संख्या में रहते हैं। आज वर्तमान में घासी समाज के ज्यादातर लोगों के पास अपना खतियान नहीं रहने के कारण विशेष कर शहरी क्षेत्रों में जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने में जो कागजी प्रक्रियाओं के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण संवैधानिक अधिकार आरक्षण के लाभ से हमारे लोग वंचित हो रहे हैं। हमारे समाज के ज्यादातर लोग भुमिहीन है और आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है इसलिए आज के इस विचार गोष्ठी में सर्वसम्मति से फैसला किया गया है कि इस समस्या के समाधान के लिए चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस बैठक में भालूवासा से लक्ष्मण मुखी, राकेश मुखी, बर्मामाइंस से धीरज मुखी, सोपोडेरा से पीके कारूवा, नारवा से सरस्वती करूवा, अमित, नवामुंडी से बापी कारूवा, चाईबासा से सागर, परसुडीह से गणपति करूवा, टिनप्लेट से जोलेश, सावन मुखी, धातकीडीह से रमेश मुखी, कदमा से विकास, बिरसानगर से अमरदीप, चौतन, केबल से गुरूचरण, सुमंत,चिकू, शंकर, नरेश, सावन, सन्नी, रिकू, संतोष, पप्पू, मनोहर, इततू, करन, अरविंद आदि उपस्थित थे।

### इनर व्हील क्लब ने साकची गोलचक्कर पर लगवाया रोड सेफ्टी कंवेक्स मिरर





जमशेदपुर। इनर व्हील क्लब अफ जमशेदपुर ईस्ट के सदस्यों ने बहुत व्यस्त और भारी यातायात वाले क्षेत्र साकची गोलचक्कर के पास इनर व्हील लोगो अंकित प्लेट के साथ एक 'रोड सेफ्टी कन्वेक्स मिरर' स्थापित किया है। सार्वजनिक सुरक्षा और सामुदायिक कल्याण को ध्यान में रखते हुए, कन्वेक्स मिरर को ऐसे महत्वपूर्ण स्थान पर स्थापित किया गया है ताकि एक व्यापक परिप्रेक्ष्य प्रदान किया जा सके, जिससे ड्राइवरों के लिए आने वाले वाहनों, पैदल चलने वालों आदि को उनके निकट पहचानना आसान हो सके, जिससे टकराव का जोखिम कम हो। इनर व्हील ब्रांडिंग के लिए हमने अपने क्लब के नाम और इनर व्हील लोगो के साथ एक प्लेट लगाई। मिरर का उद्घाटन डिस्टिक्ट चेयरमैन आलोकानंदा बक्शी ने किया। क्लब की अध्यक्ष मधुमिता सान्याल ने इस अनूठी परियोजना का समन्वय किया। इस अवसर पर इरा बन्दोपाध्याय, नीलिमा पकाश, डॉ.मीना मुखार्जी, डॉ नीलम, बिनीता झा, अंजुबाला, मंजरी आदि उपस्थित थे। मधुमिता सन्याल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने डीसी से की मुलाकात



जमशेदपुर। ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने निवर्तमान उपायुक्त अनन्य मित्तल से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उनके कार्यकाल के दौरान शहर के विकास और प्रशासन में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने पूर्वी सिंहभूम के नवपदस्थापित उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से भी औपचारिक रूप से मुलाकात की। इस दौरान ट्रस्ट की ओर से उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। ट्रस्ट के सचिव मुख्तार आलम खान ने नए उपायुक्त को संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट जरूरतमंद परिवारों की मदद, एमजीएम अस्पताल में मरीजों को भोजन वितरण, नीट में सफल छात्रों का सम्मान, गर्मी में पानी घर, ठंड में कंबल वितरण और रक्तदान शिविर जैसे सामाजिक कार्यों में लगातार सक्रिय है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने ट्रस्ट की गतिविधियों की सराहना की और हर सामाजिक कार्य में प्रशासनिक सहयोग देने का आशवासन दिया। इस मौके पर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतीन उल हक अंसारी,मोख्ताल आलम खान, मोहम्मद मोइनुद्दीन अंसारी और शाहिद परवेज भी मौजूद थे।

### प्रतिमा गोराई को 96.6 प्रतिशत अंक लाने पर गोराई समाज ने किया सम्मानित



जमशेदपुर। गोराई तेली कुलु समाज कल्याण केंद्रीय समिति जमशेदपुर झारखंड के सदस्यों द्वारा बागबेड़ा निवासी कृष्णा गोराई जी की बेटी प्रतिमा गोराई ने 966% लाकर पूरे जिले में टाप कर जमशेदपुर शहर का और गोराई समाज का नाम रोशन करने पर उनके आवास में गोराई समाज के सदस्य पहुंच कर प्रतीमा गोराई और उनके माता-पिता को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। जिसमें केन्द्रीय अध्यक्ष करण गोराई, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष राजू गोराई, पूर्व महासचिव राजू गोराई, केन्द्रीय समिति सदस्य संदीप गोराई, महावीर गोराई, रामपदो गोराई, सनातन गोराई, शत्रुघन गोराई, सदन गोराई, प्रदीप गोराई, अनिल साहू आदि उपस्थित थे।

### बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्री में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



जमशेदपुर। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तमोलिया, सरायकेला द्वारा बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्री में एक तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना और उन्हें सशक्त बनाना था। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ मुकेश कुमार ने एक प्रभावशाली सत्र का संचालन किया, जिसमें तंबाकू से जुड़े स्वास्थ्य जोखिम एवं तंबाकू जनित रोगों की शीघ्र पहचान की चर्चा की गई। फैसिलिटी डायरेक्टर ए.धर्मा राव ने तंबाकू छोड़ने और एक स्वस्थ, तंबाकू-मुक्त जीवन जीने के महत्व को साझा किया। कैंसर से पीड़ित मरीज राकेश झा ने अपनी आपबीती बताई और तंबाकू को किसी भी रूप में न लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के संचालन में बीएमडब्ल्यू इंडस्ट्री के फाइनेंस कंट्रोलर शिशिर गोयल, हेल्थ सेफ्टी हेड रश्मि तिवारी एवं एचआर हेड भुवनेश पारिख ने योगदान दिया।

## स्पीड न्यूज

### व्यवसायिक प्रतिष्ठान का खुलना क्षेत्र के विकास का प्रतीक : डॉ मेहता



लेस्लीगंज पलामू। क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रखंड नीलांबर पितांबरपुर गांधी चौक के नजदीक चिकू हेयर स्टूडियो का विधिवत पुजा अर्चना एवं फिता काटकर उदघाटन किया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि क्षेत्र मे कोई भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान का खुलना विकास का परिचयक है। डॉ मेहता ने कहा कि पांकी क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हुआ है। लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के लोगों को बुनियादी सुविधाएं दिलाना समेत समस्या का समाधान करना पहली प्राथमिकता है। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील कुशवाहा, प्रतिनिधि छोटेलाल सोनी, महेंद्र कुशवाहा, समाजसेवी अजय पासवान, सुधीर तिवारी, प्रोपराइटर दिलीप कुमार, चंदन कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो और प्रदीप बलमुचू पहुंचे हृदयानंद मिश्र के घर



मेदिनीनगर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं डॉ प्रदीप बलमुचू रविवार की सुबह हृदयानंद मिश्रा के आवास पर पहुंचे। जहां कांग्रेस की मजबूती पर गहन चर्चा किए। कांग्रेसी नेता मिश्रा ने कहा कि मेरे सुझावों पर केशव महतो कमलेश एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बलमुचू ने सबके समक्ष अमली जामा पहनाने की बात कही। मिश्र ने केशव महतो कमलेश, डॉ प्रदीप बलमुचू, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद एवं प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्र को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ एम तौशीफ, प्रदेश सचिव रामाशीष पांडे, लक्ष्मी तिवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिट्टू पाठक, शैलेश चंद्रवंशी, गिरिजा राम आदि मौजूद थे।

### हैदरनगर में युवती के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर की मारपीट, तनाव

हैदरनगर पलामू। जिले के चौक बाजार हैदरनगर स्थित शनिवार की शाम एक समुदाय के युवक ने युवती के साथ छेड़खानी करने व विरोध करने पर उसके भाईयों की पिटाई किये जाने से दोनों समुदाय के बीच आतंरिक तनाव की स्थिति बनी है। पीड़िता व उसके परिजनों ने इस घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी है। बताया गया कि परिजनों के साथ अनुसूचित जाति की युवती हेमजा गांव से हैदरनगर बाजार में कुछ सामान लेने आई थी। सामान लेने के दौरान उक्त युवती के साथ दूसरे समुदाय के युवक पर छेड़खानी करने व विरोध करने पर उसके भाईयों की पिटाई करने का आरोप लगाया गया है। इस घटना से उत्तेजित हेमजा गांव के कतिपय युवकों का समूह दूसरे दिन रविवार की सुबह बाजार क्षेत्र के तीन चौराहों पर पहुंचकर छेड़खानी के आरोपियों को ढूंढकर जमकर पिटाई कर नौ दो ग्यारह हो गये। इस पिटाई से आहत कथित आरोपियों व उसके अन्य सहयोगियों ने एक विशेष समुदाय व व्यवसायियों के दरवाजे तक जाकर गाली गलौज देना पूरे बाजार में लाठी डंडे के साथ शुरू कर दी। जिससे बाजार क्षेत्र के आंशिक आक्रोशित व्यवसायियों ने अपनी प्रतिष्ठानें स्वतः बंद कर दी। इसकी सूचना मिलते ही बाजार क्षेत्र में विशेष पुलिस बल की तैनाती कर गश्ती अभियान तेज कर दी गई है। दलबल के साथ थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने आक्रोशित व्यवसायियों को दोपहर तक काफी समझाने व समुचित कार्रवाई करने के आश्वासन पर इन प्रतिष्ठानों को खुलवाने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त पुलिस को मिली है। दोनों ओर से प्राथमिकी दर्ज दोषी आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई व गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

### शादी समारोह में फायरिंग करनेवाला युवक गिरफ्तार



पाटन पलामू। प्रखंड अंतर्गत पाल्हे खुर्द निवासी अमर देव शुक्ला उर्फ टुनु शुक्ला को पाटन पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि गत दिन अमर देव शुक्ला पर एक शादी समारोह में अपने ही गांव के दिनानाथ शुक्ला पुलिस जवान पर गोली चलाने का आरोप पाटन थाना में दर्ज कराया गया था। जिसके बाद पुलिस लगातार अमर की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही थी।

### जीसीपीए की साइंस टॉपर रही याशिका

छतरपुर पलामू। अनुमंडल स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट साइंस की छात्रा याशिका कुमारी ने कॉलेज टॉप कर अपने माता पिता एवं कॉलेज का मान बढ़ाया। याशिका शुरू से ही मेरिटोरियस स्टूडेंट रही है, 10वीं तक की पढ़ाई सीबीएससी से पूरी की। उसके बाद इसने बारहवीं की पढ़ाई गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल इंटर कॉलेज से की और साइंस स्ट्रिम मे कॉलेज टॉपर रही। याशिका की इस उपलब्धि से महाविद्यालय की प्राचार्या स्वस्ति कुमारी ने भी हर्ष जताया और याशिका के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं डिग्री कॉलेज के प्रो राजकिशोर लाल ने याशिका को मुंह मीठा कराया। याशिका आगे डॉक्टर बनना चाहती है और समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहती है।

### भाजपा का वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम का आयोजन



मेदिनीनगर। वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम का आयोजन जोड़ पंचायत के खंडवा ग्राम में मुखिया प्रभा देवी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। मौके पर पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि अब समय आ गया है लोकतांत्रिक देश भारत में भी वन नेशन वन इलेक्शन लागू किया जाना चाहिए। इससे राष्ट्र के संसाधन एवं खर्चे में बचत किया जा सके। महामंत्री ज्योति पांडे ने कहा कि अलग-अलग चुनाव होने के कारण देश का खजाना पर दुगना भार तो पड़ता ही है और लोगों को भी बहुत कठिनाइयां उठानी पड़ती है। पूर्व उपमहापौर मंगल सिंह ने कहा कि दुनिया के कई देशों में एक देश एक चुनाव आज भी हो रहे हैं। अब भारत में भी एक साथ चुनाव होना चाहिए। किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय कुमार कुशवाहा, रवि प्रकाश दुबे, प्रदेश समन्वयक जितेंद्र तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किये। संचालन सुरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। कार्यक्रम में नरेंद्र कुमार मेहता, अभय कुमार सिंह, बिंदेश्वर मेहता, सूरज देव पांडे, रविंद्र चंद्रवंशी, रविंद्र तिवारी, चंद यादव, रीना देवी, उमा देवी, रेणु देवी, सरस्वती देवी, रीना देवी, कुलवंती देवी, चंद्रदीप महतो, बिंदेश्वर महतो, विजय मेहता, मुखलाल मेहता, निरंजन मेहता, अनिल मेहता, दशरथ महतो, अजय कुमार सिंह, अभय कुमार, विजय कुमार महतो, जगदीश यादव, मुख्य लाल यादव, चंद्र मंत्री देवी, जसवंती देवी, मीना देवी, रीना देवी, मनु देवी, संतोष, महतो शंभू, महतो, चंपा देवी, सत्यम डी मेहता सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

### बरसात से पूर्व दोनों बांध का मरम्मत कराये जिला प्रशासन : संग्राम सिंह

पाटन पलामू। प्रखंड अंतर्गत ग्राम सगुना में फूल दवाई आहार/52 बीघा आहार और नौडीहा पंचायत के ग्राम पालहे खुर्द में पिछले साल वर्ष 2024 में दोनों आहर का बांध खरीफ सीजन में टूट गया जिसकी सूचना प्रखंड कार्यालय और जिला को ग्रामीणों के द्वारा दिया गया है। सगुना फूल दवाई आहार के टूटने से करीब 200 एकड़ भूमि पर धान की खेती बर्बाद हो गया जिससे तीन गांव के किसान सगुना सगुनी और भंडार के लोग धान के फसल से वंचित रह गये। इस संबंध में पाटन पश्चिमी के जिप सदस्य संग्राम सिंह ने कहा कि दोनों बांधों का जिला प्रशासन मरम्मत कराये ताकि किसानों को लाभ मिल सके। ग्रामीणों के द्वारा पाटन बीडीओ को लिखित सूचना दी गई थी।

## पांकी विधायक लेस्लीगंज के कई भक्ति कार्यक्रमों में हुए शामिल

### यज्ञ से क्षेत्र में सौहार्द, शांति व समृद्धि आती है : डॉ मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने लेस्लीगंज क्षेत्र अंतर्गत आयोजित कई भक्ति कार्यक्रमों में भाग लिया। डॉ मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलांबर-पीतांबरपुर के ग्राम हरसंघरा व चनैगिर में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के विराट आयोजन में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यज्ञ समिति के समस्त सदस्यों एवं ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर डॉ मेहता ने कहा कि यज्ञ से क्षेत्र में धार्मिक सौहाद, सुख, समृद्धि , शांति व धन वैभव आती है। यह धार्मिक अनुष्ठान न केवल हमारी सनातन परंपरा की गौरवशाली झलक प्रस्तुत करता है। यज्ञ में हरसंघरा, चनैगिर, किरतो, गेठा, बांसदोहर, पिपरा, पहाड़ी आदि ग्रामों के श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित रहे। मौके पर यज्ञ समिति अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, संयोजक मयंक कुमार मेहता, उप सचिव नीलम मेहता एवं गणेश प्रसाद सिंह, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, पूर्व मुखिया पुष्पा देवी, वीरेंद्र पासवान, महेंद्र कुशवाहा, अरविंद मेहता, सुधीर तिवारी, राम लखन यादव, अवध बिहारी सिंह, अजय कुमार मेहता, मिथुन कुमार, काली राम, सरदीप राम, अनिल मेहता, दिलीप तिवारी, लखन महतो, बिहारी सिंह, विनोद सिंह, सुदेभंन सिंह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

## शौर्य के प्रतीक खिलाड़ियों को मिला सम्मान : बीडी राम

### नामधारी गुरुद्वारा में सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नामधारी गुरुद्वारा नावाटोली में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद बिष्णुदयाल राम, गतका संघ के अध्यक्ष सोनू नामधारी, उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह, बबलू चावला, मन्नत बग्गा, प्रदीप नारायण, विजय ओझा समेत कई लोग उपस्थित थे। सभी अतिथिगणों ने संत जेवियर स्कूल की काजल कुमारी को मुख्य रूप से सम्मानित किया। पलामू की बेटी काजल ने खेलो इंडिया में गोल्ड मेडल जीता है। वहीं पलामू के ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल के जीत कुमार तिवारी ने एस जी एफ आई में ब्रोंज मेडल जीता है। सांसद ने साथ ही गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल की चांदनी कुमारी, संत मरियम स्कूल के रौशन कुमार, सनी कुमार को सम्मानित करते हुए सभी का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जिले के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस इसे निखारने की जरूरत है। मौके पर अध्यक्ष सोनू नामधारी ने कहा कि खिलाड़ियों ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से न केवल हमारी संस्था का, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। गतका संघ के सचिव सुमित वर्मन बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने खिलाड़ियो की पहचान एवं उन्हें इस काबिल बनाया। मौके पर कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार, सह सचिव दीपक तिवारी, मंच संचालक अर्पित राज, आशा कुमारी, समता पब्लिक स्कूल जपला के निरंजन सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर जपला के मनोज कुमार, कैंब्रिज के सतीश कुमार, गोविंद कुमार आर पी एस पब्लिक स्कूल जपला के जय गोविंद ठाकुर, हेरिटेज इंटरनेशनल के संजय कुमार, रोटरी स्कूल के रंजीत कुमार, विमला पांडे, ज्ञान निकेतन के आशुतोष पांडे, एलिट पब्लिक के पंकज भारती, ओरिएंट पब्लिक स्कूल के रविंद्र सिंह, संत जेवियर स्कूल की प्रियंका बारा को भी बधाई दिया गया। मौके पर सुमित वर्मन ने कहा बिना संसाधन के जब खिड़की खेलो इंडिया से मेडल ला सकते हैं अगर इन खिलाड़ियों को इंडोर स्टेडियम मिले तो ये खेल के क्षेत्र में क्रांति ला सकते हैं।

## संविधान भारत की आत्मा है इससे छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे : केशव महतो कमलेश

### कांग्रेस ने जिलास्तरीय संविधान बचाओ रैली का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने की, जबकि संचालन उपाध्यक्ष विनोद तिवारी के द्वारा किया गया। रैली में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पूर्व वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, गौ रक्षा के अध्यक्ष राजीव रंजन, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बालमुचू, प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ, शांतनु मिश्रा, जिला प्रभारी विनय सिंह उर्फ दीपू उपस्थित थे। अंबेडकर पार्क स्थित डॉ आंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्प माला देकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संविधान हमारी आत्मा है इसमें छेड़छाड़ कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जरूरत पड़ी तो संसद से लेकर सड़क तक आंदोलन करेंगे। बंधु तिर्की ने कहा कि देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों से चल सकता है ना की बापू के हत्यारे गोडसे के आदर्शों से। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि राजनीति सुचिता के बिना राजनीति संभव नहीं है। बीजेपी कभी भी हरिजन आदिवासी को आगे बढ़ते नहीं देखना चाहते हैं। डॉ प्रदीप बालमुचू ने कहा कि राहुल गांधी लगातार संविधान को बचाने हेतु संविधान बचाओ रैली के तहत जागरूकता अभियान चला रहे हैं। मौके पर विनय सिंह उर्फ दीपू ने कहा कि मौलिक अधिकारों का हनन कांग्रेस कतई नहीं होने देगी। कार्यक्रम में सोमेश्वर प्रसाद, विजय चौबे, रामाशीष पांडे, विमला कुमारी, पूर्णिमा पांडेय, चंद्रशेखर शुक्ला, लक्ष्मी तिवारी, ईश्वरी सिंह, शमीम अहमद राईन, पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज, सुधीर चंद्रवंशी, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, हसनैन, रुद्र शुक्ला, सत्यानंद दुबे, मुकेश सिंह चंदेल, मिथिलेश सिंह, अशोक पासवान, नवल किशोर पाठक, अवध बिहारी सिंह, शमीम अंसारी, रामचंद्र दीक्षित, मिट्ठू खान, खुर्शीद खान, सुनील, हैदर, रंजीत पासवान, नदीम खान, परवेज, अमिताभ शर्मा समेत कई कांग्रेसी शामिल थे।

## वर्ल्ड एंटी टुबैको डे पर हिन्डालको ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



तंबाकू का सेवन नहीं करने का शपथ दिलाते।

**पंडवा पलामू।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर ईकाई द्वारा शनिवार को वर्ल्ड एंटी टुबैको डे के अवसर पर सिक्का में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन माइंस चिकित्सा पदाधिकारी डॉ टी गफ्फार व पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सोमनाथ चक्रधर ने संयुक्त रूप से किया। डॉ सोमनाथ चक्रधर ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को खुद तंबाकू का प्रयोग नहीं करने एवं परिवार के अन्य सदस्यों को भी नहीं करने देने का शपथ दिलाते हुए कहा कि तंबाकू का सेवन एक दिन पूरे परिवार की बबार्दी का कारण बन जाता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले घर के अभिभावकों को तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए ताकि आने वाले पीढ़ी को इससे बचाया जा सके। डॉ टी गफ्फार ने कहा कि कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत लोगों जागरूक करने का काम करतीं हैं। उन्होंने कहा कि तंबाकू के सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी होती है इसलिए लोगों को तंबाकू के सेवन से बचना चाहिए। चिकित्सक डॉ रवि रंजन ने कहा कि आने वाले पीढ़ी के सुखमय जीवन के लिए नशा मुक्त समाज बनाना होगा। इस मौके पर अनीता भगत, सुहानी, सुकन बैठा, रेणु देवी व कई लोग मौजूद थे।

## पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय का निधन, आज होगा दाह-संस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** गढ़वा विधानसभा के पूर्व विधायक युगल किशोर पांडेय का निधन शनिवार की रात रांची के मेडिका हास्पिटल में इलाज के दौरान हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मेडिका में उनका डायलिसिस चल रहा था। युगल किशोर पांडेय गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से 1979-80 में विधायक निर्वाचित हुए थे। युगल किशोर पांडेय बसना पंचायत के पूर्व मुखिया स्व सुरत पांडेय के पुत्र व कांग्रेस के चर्चित जिलाध्यक्ष स्व जगनरायण पाठक के दामाद थे। मजदूर नेता सह राजहरा गांव निवासी सत्येन्द्र पांडेय ने बताया कि पूर्व विधायक पांडेय का निधन अपूर्णीय क्षति है। वह काफी मृदुल स्वभाव के थे। उनका दाह संस्कार सोमवार को राजहरा लब्जी नदी के तट पर किया जाएगा।

## पांकी : गांव की बेटी बनी कॉलेज टॉपर

शिवशंकर पासवान



**पांकी पलामू।** जैक द्वारा घोषित इंटर साइंस परीक्षाफल में पांकी प्रखण्ड के कोनवाई गांव निवासी कमलेश सिंह की पुत्री सह शिक्षक तलकेश्वर सिंह की भतीजी प्रतीक्षा रानी ने राजकीय कृत+2 उच्च विद्यालय पांकी की छात्रा जैक इंटर साइंस परीक्षा में 436 अंक 87.2 % अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉपर की है। प्रतीक्षा रानी ने कहा कि आगे बढ़ कर आइपीएस अधिकारी बनने की सपना है। आईपीएस बनकर लोगों की सेवा करना चाहती हैं। प्रतीक्षा ने कहा कि उम्मीद से कम अंक प्राप्त हुआ है इससे अधिक अंक आने की उम्मीद बनाए थे फिर भी जितना अंक आया है सही है। प्रतीक्षा के पिता कमलेश सिंह ने बताया कि प्रतीक्षा रानी अधिकतर पढ़ाई में ही ध्यान दिया करती है, जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है वहीं प्रतीक्षा के चाचा शिक्षक तलकेश्वर सिंह ने कहा कि प्रतीक्षा रानी की मार्ग दर्शन मेरे द्वारा ही किया गया है। उन्होंने ने कहा कि प्रतीक्षा रानी अपने घर सहित समाज, कॉलेज प्रखण्ड को नाम रोशन किया है हमलोग गर्व महसूस कर रहे हैं। प्राचार्य कुलेश्वर राम ने प्रतीक्षा की उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।

### सिविल सर्जन डॉ अनिल ने हुसैनाबाद मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट का किया निरीक्षण



हुसैनाबाद पलामू। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने रविवार को अचानक हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी डॉ विनेश कुमार व डीपीएम विभूति मिश्रा से जानकारी प्राप्त किया। तत्पश्चात प्लांट को चालू कराकर देखा तो पाया कि यह मशीन ऑक्सीजन उत्पादन नहीं कर रहा है। प्रभारी व डीपीएम ने बताया कि कुछ तकनीकी खराबी के कारण ऑक्सीजन उत्पादन नहीं कर रहा है। सिविल सर्जन ने इसे ठीक करने के लिए कोलकाता के एक इंजीनियर से फोन पर प्राप्त कर इसे एक सप्ताह के अंदर ठीक करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से कोरोना संक्रमण देश समेत झारखंड में पांव पसार रहा है। साथ ही साथ मौसमी रोगों का प्रकोप बढ़ने की संभावना है इसलिए पलामू जिला के पांकी, लेस्लीगंज, हुसैनाबाद एवं सदर अस्पताल में जो मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट स्थापित है इन सभी को ठीक किया जा रहा है ताकि समय पर किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। सिविल सर्जन ने कहा कि हुसैनाबाद छोड़कर शेष तीनों स्थानों पर स्थापित मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील है। उन्होंने प्रभारी विनेश कुमार एवं डीपीएम को अस्पताल में बिजली, पानी, दवा समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं को ठीक करने का निर्देश दिया।

### ट्रक के धक्का से बाइक सवार की मौत

मेदिनीनगर। सदिक मंजिल कोयल नदी के पास ट्रक के धक्का से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक का पहचान लक्की कुमार के रूप में किया गया। मृतक लक्की के फास्टफूड का दुकान सद्दीक चौक पर है। मृतक के पिता अनिल ने बताया कि लक्की प्रतिदिन की तरह घर से बाईक पर सवार होकर सदिक चौक स्थित दुकान में आ रहे थे। इसी दौरान वे ट्रक की चपेट में आ गये। इससे उनकी मौत हो गई।

### चोरी के वाहन समेत तीन चोर गिरफ्तार



पाटन पलामू। पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम केल्हार निवासी स्व श्याम सुंदर के पुत्र राजेंद्र कुमार सिंह के घर पर लगा जेएच 03 क्यू-9974 पिकअप वाहन 26 मई की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस मामले में भुक्तभोगी ने पाटन थाना में वाहन चोरी का मामला दर्ज कराया। इस संबंध में थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में पता चला कि 26 मई की रात में तीन व्यक्ति द्वारा दो वाहन, एक कार एवं एक पिकअप में पंडवा पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने पहुंचे थे। जहां पर तेल का भुगतान पे फोन से किया गया। पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी फुटेज से पता किया गया जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। इस दौरान मुकेश प्रसाद ग्राम चक थाना मनातू जो पंचशील नगर पंडरा का रहनेवाला है। रंजीत प्रसाद ग्राम छतरपुर, विजय मुंडा पिता बुतरू मुंडा ग्राम रामदगा थाना चान्हो का निवासी हैं। इनलोगों की निशानदेही पर एक कार, बोलेरो, पिकअप को सिमडेगा कोलेबीरा से बरामद किया गया है। तत्पश्चात तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## मनातू के मैट्रिक टॉपर्स को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनातू (पलामू)।** मनातू थाना परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मनातू प्रखंड के अंतर्गत तीन प्रमुख विद्यालयों-10+2 उच्च विद्यालय चक, कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय, मनातू एवं कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय, मनातू के मैट्रिक परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। इस समारोह में उन विद्यार्थियों को उपहार व प्रतीक चिह्न देकर प्रोत्साहित किया गया। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। इन विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की जरूरत है। सम्मानित होने वाले टॉपर छात्रों में अमित, संजना, चांदनी, रोहन, प्रेमानंद ठाकुर, खुशबू, चंचला , रानी का नाम शामिल है। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्रों को सम्मानित करना था, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सकारात्मक वातावरण को भी बढ़ावा देना है। समारोह में जनप्रतिनिधियों, पुलिस पदाधिकारियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिक शामिल थे।

## नशीले पदार्थों के खिलाफ डीआईजी नौशाद आलम सख्त, एसपी को दिया कार्रवाई का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नशे की गिरफ्त में आती युवा पीढ़ी और उससे जुड़ी बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर पुलिस महकमा सतर्क हो गया है। डीआइजी नौशाद आलम ने पलामू प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले तीनों जिलों-पलामू, गढ़वा और लातेहार के पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त मुख्य सरगनाओं की पहचान कर उनके विरुद्ध ठोस कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। डीआईजी ने अपने निर्देश में कहा है कि प्राप्त सूचनाओं के अनुसार युवा वर्ग नशे के चंगुल में फंसते जा रहे हैं और नशे के प्रभाव में आकर कई बार आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। डीआईजी ने पुलिस अधीक्षकों से अपेक्षा की है कि वे प्राथमिकता के आधार पर इस कार्य को अंजाम दें और अपने-अपने जिलों से संबंधित कार्रवाई की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराएं।

### वन विभाग और पुराने चेकडैम के पत्थरों का हो रहा अवैध उपयोग : ग्रामीणों ने उठाई आवाज

## नाला पर चेकडैम निर्माण में भारी अनियमितता

सुधीर यादव





**मनातू (पलामू)।** मनातू प्रखंड के डूंमरी पंचायत स्थित और दलदलिया गांव में विदेशी नाला पर बन रहे चेकडैम निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और अवैधता की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि चेकडैम के निर्माण में न केवल वन विभाग के पत्थरों का अवैध रूप से उपयोग किया जा रहा है, बल्कि पुराने चेकडैम से निकाले गए कई सालों की मरे हुए पत्थरों को भी दोबारा इस्तेमाल में लाया जा रहा है, जो गुणवत्ता और नियमों के खुलेआम उल्लंघन की ओर इशारा करता है। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। कार्य स्थल पर कोई सूचना पट्टिका नहीं लगाई गई है जिससे यह स्पष्ट हो सके कि योजना किस मद से स्वीकृत हुई है, किस एजेंसी को कायार्देश मिला है, और कुल लागत कितनी है। इससे संदेह पैदा हो रहा है कि कहीं निर्माण कार्य के नाम पर संसाधनों का दुरुपयोग और धन का गबन तो नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य के लिए जिन पत्थरों का उपयोग किया जा रहा है, मनातू के दलदलिया के वन क्षेत्र से लाए गए हैं और यह प्रक्रिया पूरी तरह से अवैध है। वहीं पुराने चेकडैम के टूटे हुए हिस्सों से निकाले गए पत्थरों को भी दोबारा निर्माण में लगाया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। इस विषय में जब माईनर विभाग की जेई गुलशन आरा से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी मिली है और जल्द ही मौके पर जाकर जांच की जाएगी। उन्होंने कहा, अगर जांच में निर्माण कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई जाती है या नियमों का उल्लंघन सामने आता है, तो संबंधित संवेदक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं, ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वन विभाग से इस मामले में तत्काल संज्ञान मे लेकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो इससे न केवल वन विभाग की संपत्ति का क्षरण होगा, बल्कि सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलेगा।

## सखी मंडल के बैठकों में चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़ पलामू।** प्रखंड में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत एक महत्वपूर्ण अभियान 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किशोरियों और महिलाओं में माहवारी संबंधी जागरूकता और स्वच्छता के स्तर में सुधार लाना है। यह अभियान 28 मई से 11 जून तक चलेगा, जिसमें जेएसएलपीएस के सखी मंडल की महिलाएं गांव-गांव जाकर सखी मंडल के बैठकों में इस विषय पर चर्चा कर के और लोगों को जागरूक कर रही है। रामगढ़ में बैठक में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर जेंडर सीआरपी सीमा देवी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाना और लोगों को इसके महत्व के बारे में बताना है। उन्होंने कहा कि लोग इस विषय पर खुलकर बात नहीं करते हैं, जिससे महिलाओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए, सभी दीदियों ने इस अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का काम शुरू किया है। जेएसएलपीएस से जुड़ी जेंडर सीआरपी प्रमिला देवी, मुक्ति होरो, अंबिका देवी, पार्वती देवी आदि द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जागरूकता और जानकारी दी जा रही है। वे बताती हैं कि माहवारी स्वच्छता से न रहना अंजान ही अच्छे स्वास्थ्य और गरिमा की पहचान है। इस अभियान के तहत 11 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीसी ने संबंधित सभी पदाधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर महिलाओं व युवतियों के बीच हेल्थ और हाईजीन के प्रति जागरूक करने की बात कही है।

# बिना योग्य डॉक्टर के चल रहा था अल्ट्रासाउंड सेंटर, एसडीएम ने की कार्रवाई, केंद्र सील

अनुप कुमार सिंह



उपस्थित एसडीएम व अन्य।

**कांडी।** गढ़वा सदर एसडीएम संजय कुमार ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए कांडी बस स्टैंड स्थित केयर अल्ट्रासाउंड सेंटर को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। जांच के दौरान पता चला कि अल्ट्रासाउंड करने वाला कर्मी महज 12वीं पास है और बीए की पढ़ाई कर रहा है, जबकि उसके पास मेडिकल जांच से संबंधित कोई डिग्री या प्रमाणपत्र नहीं है। एसडीएम को जांच के क्रम में यह भी पता चला कि सेंटर का संचालक मझिआंव निवासी रजनीकांत वर्मा है, जो मौके पर मौजूद नहीं था और फोन पर आने से भी इनकार कर दिया। इसी बीच एक गर्भवती महिला बिना डॉक्टर की सलाह के जांच कराने पहुंची, जिसका अल्ट्रासाउंड बिना डॉक्टर की मौजूदगी में टेक्नीशियन ने कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने सिविल सर्जन को जानकारी दी और उनकी अनुमति से अल्ट्रासाउंड केंद्र को सील कर दिया। मौके पर कांडी थाना की महिला सब इंस्पेक्टर जूली टुडू और पुलिस बल भी मौजूद थे। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि इस पूरे मामले में रिपोर्ट तैयार कर सिविल सर्जन को अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा। साथ ही अनुमंडल क्षेत्र के अन्य अल्ट्रासाउंड केंद्रों को भी चेतावनी दी गई है कि वे सभी मानक पूरे करने के बाद ही संचालन करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं का अतिक्रमण, प्रशासन की चुप्पी से जनाक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या दो ऊंचरी स्थित तेतरिया टांड की गैर मजरुआ आम भूमि (खाता संख्या 63, प्लॉट संख्या 452, 454, 455, 458, 461, 462) जिसका कुल रकबा 15 एकड़ 39 डिसमिल है, पर समुदाय विशेष के भूमाफियाओं द्वारा जबरन अतिक्रमण करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले की जानकारी जिले के वरीय अधिकारियों को कई बार दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे जनता में यह संदेश जा रहा है कि प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है या भूमाफियाओं को मौन समर्थन दे रहा है। समाजसेवी सुभाष प्रसाद केशरी, सामाजिक कार्यकर्ता सोनू सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप समेत कई लोगों ने इस प्रेस वार्ता के माध्यम से प्रशासन पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद गढ़वा प्रशासन भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहा है। आरोप है कि उक्त भू-स्थल पर अब भी पिलर गाड़े जा रहे हैं और जिला प्रशासन की ओर से कोई रोकथाम नहीं की गई है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। मौके पर सत्यनारायण प्रसाद, सुगंध कुमार, बादल सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# वीना एकेडमी के छात्रों का इंटर साइंस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन, किया गया सम्मानित











खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के चिनियां मोड़, काली मंदिर के समीप स्थित वीना एकेडमी के विद्यार्थियों ने झारखंड अधिविद परिषद रांची द्वारा आयोजित इंटर साइंस की परीक्षा में इस साल भी बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। छात्र-छात्राओं ने यह साबित कर दिया कि यदि जुनून हो तो कामयाबी कोई रोक नहीं सकता है। रविवार को कोचिंग में एक सम्मान समारोह आयोजित कर सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए संस्था के निदेशक पूनम प्रभाकर ने बताया कि संस्थान के कई छात्र-छात्राओं ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर जिला के टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है। इनमें अमन कुमार, धीरज पाण्डेय, अमन कुमार ठाकुर, आफिया खातून, दीपक कुमार, सोनू कुमार, निशांत कुमार, तानिया खान, ऋतिकेश कुमार, सुप्रिया कुमारी, चांदनी कुमारी, नाजिया नाज, विकी कुमार यादव, नेहा कुमारी, प्रियंका, मुन्ना चौधरी, मस्कुर अंसारी, रविन्द्र कुमार पासवान, आरती कुमारी, गूंजा कुमारी, अनु कुमारी, आकांक्षा शर्मा आदि का नाम शामिल है। मौके पर निदेशक श्रीमती प्रभाकर ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर सम्मानित की। उन्होंने कहा कि परिश्रम यदि आदत बन जाए तो कामयाबी एक दिन शोर मचा ही देती है। संस्थान के संरक्षक सर्वेश प्रभाकर ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की अनंत शुभकामनाएं दी। इन्होंने बताया कि जैक और सीबीएसई बोर्ड की दसवीं और ग्यारहवीं साइंस का नया बैच प्रारंभ कर दिया गया है।

# श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का मासिक सत्संग संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



सत्संग के उपस्थित गुरू भाई।

**गढ़वा।** शहर के बिशनपुर स्थित गुरु भाई शिव कुमार चंदेल के निवास स्थान पर परम प्रेममयी युग पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का मासिक सत्संग हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत शंख ध्वनि और बंदी पुरुषोत्तम की जय के जयघोष से की गई। इसके बाद ठाकुर जी की तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर, धूप-दीप निवेदित कर आरती की गई। कार्यक्रम में धर्मग्रंथों का पाठ, भजन-कीर्तन, सामूहिक प्रार्थना, नामजप, ध्यान एवं महाप्रसाद वितरण हुआ। सत्संग में वक्ताओं ने बताया कि कलियुग में नामस्मरण, भजन-कीर्तन और सद्गुरु के मार्ग पर चलना ही जीवन को सुखमय बनाता है। सत्संग आत्मिक शांति, पारिवारिक सौहार्द और सामाजिक कल्याण का मार्ग है। सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्री श्री ठाकुर जी के दिखाए मार्ग पर चलने और जीवन में सद्गुरु का महत्व समझने का संकल्प लिया। सत्संग में पलामू प्रमंडल के वरिष्ठ एसपीआर कुलदीप मिश्रा, नगर एसपीआर विजय नंदन प्रसाद सिंह, शक्ति दास प्रसाद सिंह, अखिलेश दादा, संजय दादा, रघुवीर प्रसाद कश्यप, दिलीप कश्यप, कन्हैया राम, वृद राम, अनिल प्रसाद कश्यप, आदित्य कुमार, श्रेया कुमारी, आराध्या कश्यप सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## गोड्डा टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गढ़वा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन चार पदक किये अपने नाम



उपस्थित खिलाड़ी।

**गढ़वा।** गोड्डा में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के तीसरे दिन गढ़वा जिले के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल चार पदक अपने नाम किए। अंडर-19 बालिका वर्ग में अंजली कुमारी ने पूर्वी सिंहभूम की परलीन भामरा को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं अंडर-19 बालक वर्ग में गढ़वा के नीतीश कुमार मेहता ने अपने ही जिला के अनिल कुमार मेहता को 4-0 से पराजित कर गोल्ड मेडल हासिल किया। अन्य मुकाबले में गढ़वा के अनिमेष कुमार पांडेय ने धनबाद के सौर्य प्रताप को 3-1 से हराकर रजत पदक अपने नाम किया। इन शानदार जीतों से गढ़वा जिला की खेल प्रतिभा एक बार फिर राज्य स्तर पर चमकी है। इस सफलता पर कोच सह कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे एवं टीम मैनेजर संजय कुमार सिंह को गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, प्रिंस सोनी, अजय ठाकुर, अमित सिंह सिस्टर रोशना समेत कई सदस्य और अभिभावक शामिल हैं।

# सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत, तीसरा गंभीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** थाना क्षेत्र के बाना गांव में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। मेराल-डंडई मुख्य पथ पर तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में गोंदा गांव के तीन भाइयों में से दो की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। स्वर्गीय अक्षय लाल विश्वकर्मा के तीन बेटे पंकज (25), विवेक (40) और अंबिका (43) लवाही गांव से अपनी बहन के घर से हल्दी की रस्म अदा कर लौट रहे थे, जब यह हादसा बाना गांव के पास हुआ। पंकज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विवेक ने अस्पताल में दम तोड़ा। अंबिका को गंभीर हालत में मेदनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार (JH 1 EB 2629) की पहचान डंडई निवासी उदय विश्वकर्मा के नाम से हुई है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विष्णु कांत मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भिजवाया। रविवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मौके पर अंचलाधिकारी यशवंत नायक और विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन ने परिजनों को 20 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता दी। दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया। विवेक को उनके डेढ़ वर्षीय बेटे कार्तिक और पंकज को उनके छह माह के बेटे प्रियांशु द्वारा मुखाग्नि दी गई, जिसने सभी को भावुक कर दिया।

# अग्रवाल परिवार ने लगातार 75वें सप्ताह किया खिचड़ी वितरण




वितरण करते लोग।

**गढ़वा।** अग्रवाल परिवार के तत्वावधान में शहर के संकट मोचन मंदिर के समीप लगातार 75वें सप्ताह सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। यह साप्ताहिक सेवा कार्य प्रत्येक शनिवार नियमित रूप से आयोजित होता है। कार्यक्रम की शुरूआत श्री हनुमान जी को खिचड़ी का भोग अर्पित कर की गई, जिसके बाद सैकड़ों लोगों को भोजन कराया गया। अब तक इस पहल के माध्यम से हजारों जरूरतमंदों को राहत मिली है। मौके पर अग्रवाल परिवार के राजीव रंजन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, चन्द्र प्रकाश अग्रवाल, विनय कश्यप, हर्ष अग्रवाल, सौम्य श्रेष्ठ, अथर्व अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# गंगा दशहरा जुलूस को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



बैठक करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरिया।** गंगा दशहरा जुलूस को लेकर भंडरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा ने की। इसमें प्रखंड क्षेत्र के मदगड़ी, धसनी, लहगुड़वा, चिरैयाटांड़, बघवार, जमौती, कंजीया, खजुरी, करचाली, भंडरिया समेत विभिन्न गांवों से आए लोग शामिल हुए। थाना प्रभारी ने बैठक में उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि जुलूस के दौरान डीजे साउंड नहीं बजाया जाए, द्विअर्थी या भड़काऊ गीतों से बचा जाए और जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग से ही निकाला जाए, ताकि किसी भी समुदाय की भावना को ठेस न पहुंचे। जानकारी के अनुसार भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के केवल मदगड़ी गांव में गंगा दशहरा का पारंपरिक आयोजन किया जाता है। जिसमें 5 जून को हनुमत पूजन, 6 जून को अखंड कीर्तन, 7 जून को जुलूस के साथ नगर भ्रमण आयोजित किया जाएगा। बैठक में अंचल निरीक्षक शिवपत राम, राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार, सब इंस्पेक्टर किशोर कुमार, दिलीप रंजन, राजेश्वर ठाकुर, औधेश उपाध्याय, फीदा हुसैन, सुनित मिंज, जय महतो, विनोद गुप्ता, विजय पासवान, भागीरथी कुशवाहा, रामचंद्र महतो, रामाधार राम, देवसागर दीक्षित, मनोज कुशवाहा, सुनील यादव, दिलीप कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# भाकपा रमना अंचल कमेटी का 13वां सम्मेलन संपन्न, राजकुमार बने सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी की रमना अंचल कमेटी का 13वां सम्मेलन सुनील मुखर्जी नगर, कोरगा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला ने पार्टी का ध्वज फहराकर किया। उद्घाटन भाषण में श्री अकेला ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने किसानों को उपज का उचित मूल्य और मजदूरों को उनका हक दिलाने की मांग की। उन्होंने त्रुटिपूर्ण हाल सर्वे खतियान को रद्द कर रजिस्टर-2 से लगान वसूली की मांग राज्य सरकार से की।

सम्मेलन में गरीब किसानों की जमीन हड़पने के षड्यंत्र की भी आलोचना की गई और कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत कर हक की लड़ाई को तेज करने का आह्वान किया गया। सम्मेलन के अंत में 11 सदस्यीय अंचल कमेटी का गठन किया गया, जिसमें राजकुमार भुईयां को सचिव और जगमोहन उरांव को सहायक सचिव चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुन्ना भुईयां ने की। मौके पर गणेश सिंह, नौरंगी पाल, विद्या पासवान, मिश्रा भुईयां, कोदू यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चाची से मारपीट के आरोप में दो सगे भाई गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोदरा में पारिवारिक विवाद के चलते दो सगे भाइयों ने अपनी चाची मोहिनी देवी पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार मुनेश्वर पासवान के पुत्र सोनू पासवान एवं सुनील पासवान ने अपनी चाची मोहिनी देवी (पति स्व. सुकन पासवान) से घर के पास रखे हरेठा हटाने को लेकर विवाद के दौरान मारपीट की। हमले में मोहिनी देवी का सिर फट गया। घटना के बाद सुदामा पासवान द्वारा दिए गए आवेदन पर थाना कांड संख्या 78/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। मझिआंव थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## वर्षा पूर्व नगर पंचायत ने शुरू की नालियों की सफाई



सफाई करता जेसीबी।

**मझिआंव।** वर्षा ऋतु के आगमन से पहले नगर पंचायत के पदाधिकारियों ने सक्रियता दिखाते हुए नगर क्षेत्र की छोटी-बड़ी नालियों की सफाई कार्य तेज कर दी है। नगर प्रबंधक जितेश कुमार ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार के निर्देशानुसार नगर पंचायत के सभी वार्डों में नालियों की समुचित सफाई का कार्य जारी है। फिलहाल मुख्य सड़क के दोनों किनारों की नालियों की सफाई जेसीबी मशीन से की जा रही है। उन्होंने बताया कि दिन में ट्रैफिक अधिक होने के कारण सफाई कार्य रात्रि में किया जा रहा है, जिससे यातायात में कोई बाधा न हो। इसी प्रकार सभी वार्डों में जल्द ही नाली सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा ताकि वर्षा के समय जलजमाव की समस्या न हो।

## दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में सिहपुर निवासी चमेली देवी (पति विनोद पासवान), सोनू पासवान (पिता शिवकुमार पासवान) और बरवाडीह की फातिमा बीबी शामिल हैं। पहली घटना भगवान घाटी के पास हुई, जब सिहपुर से भवनाथपुर जा रहे चमेली देवी और सोनू पासवान तेज रफ्तार सामने से आ रही गाड़ी को देखकर अनियंत्रित होकर गिर पड़े, जिससे दोनों घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें भवनाथपुर सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी दुर्घटना मुस्कैनी पहाड़ के समीप हुई, जहां रोड क्रॉस कर रही फातिमा बीबी को भवनाथपुर से केतार जा रही बाइक ने टक्कर मार दी। बाइक चालक ने घायल महिला को तत्काल भवनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया। तीनों घायलों का इलाज डॉक्टर सुबक सिंह द्वारा किया गया, लेकिन फातिमा बीबी की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया।

## शॉर्ट सर्किट से आग लगने से सामान जलकर राख

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के पतीला पंचायत अंतर्गत मरहटिया गांव निवासी सलमान मियां के घर में रविवार को बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिससे घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। इस हादसे में सलमान मियां की पत्नी असुन बीबी भी झुलस गईं हैं। आगजनी में घर में रखा गेहूं, चना, सरसों, बिछावन और अन्य सामान जलकर पूरी तरह से नष्ट हो गया। आग से लगभग 30 हजार रुपये की संपत्ति के जलने का अनुमान है। घटना की सूचना मिलने पर भाजपा किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य रामलला दुबे मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि घरवालों के अनुसार, बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है।

हालांकि, बिजली विभाग के कर्मियों को सूचित किया गया था, लेकिन मौके पर कोई भी कर्मी समय पर नहीं पहुंचा, जो कि बेहद दुखद है। रामलला दुबे ने सरकार से अपील की है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र सरकारी सहायता दी जाए, ताकि इस संकट की घड़ी में उन्हें कुछ राहत मिल सके।

# जायंट्स ग्रुप ने मजदूर महिलाओं के बीच साड़ी वितरण कर मनाया पुण्यतिथि



वितरण करते पदाधिकारी।

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के उपाध्यक्ष राकेश बाबू सर्राफ और उनके भाई शिव बाबू सर्राफ ने अपनी माता स्व. रामसखी देवी की पुण्यतिथि पर दिहाड़ी महिला मजदूरों के बीच साड़ी का वितरण किया। यह कार्यक्रम सत्यम बैग हाउस के पास आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता ग्रुप के आंतरिक उपाध्यक्ष अवधेश कुशवाहा ने की। इस अवसर पर उपस्थित जायंट्स पदाधिकारियों ने कहा कि पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। जायंट्स परिवार सदैव समाजसेवा में अग्रणी रहा है। मौके पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन-8 के पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, मनोज केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, चंदन चंद्रवंशी, मनोज केशरी, मनदीप प्रसाद, विनोद गुप्ता सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# एसडीएम ने दिव्यांग की समस्याओं पर लिया संज्ञान

## जल्द समाधान का आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता



छोटन पासवान से बात करते एसडीएम।

**कांडी।** गढ़वा एसडीएम संजय कुमार ने रविवार को सोशल मीडिया और खबरों के जरिए कांडी प्रखंड के डुमरसोता गांव निवासी 35 वर्षीय दिव्यांग छोटन पासवान की समस्याओं को गंभीरता से लिया। उन्होंने दिव्यांगता के बावजूद मेहनत कर पंचर की दुकान चलाने वाले छोटन से उसकी समस्याएं जानी और उन्हें जल्द समाधान का भरोसा दिया। सोशल मीडिया पर प्रकाशित पोस्ट और खबर के बाद एसडीएम ने खुद डुमरसोता गांव का दौरा किया और दिव्यांग युवक के घर पहुंचकर उसकी स्थिति का अवलोकन किया। छोटन ने बताया कि वह अपनी दिव्यांगता के बावजूद मेहनत करता है, लेकिन जीवन यापन में कई समस्याएं आ रही हैं। उसने आवास, राशन कार्ड, बैटरी चालित ट्राई साइकिल और हैंडपंप जैसी सुविधाओं की मांग की। छोटन ने बताया कि उनके पास वोटर कार्ड और आधार कार्ड है, साथ ही दिव्यांग पेंशन भी मिल रही है, लेकिन चार सदस्यीय परिवार का पालन पोषण करना और मकान बनवाना उनके लिए मुश्किल हो रहा है। उनका घर केवल एक झोपड़ी है। एसडीएम ने छोटन की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि उसे सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि छोटन की समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा, और उनका घर बन जाने पर मिठाई लेकर जाएंगे। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी एसडीएम से अपनी समस्याएं साझा की। मौके पर शशांक शेखर द्विवेदी, साजिद शैम, शिवपूजन विश्वकर्मा, मणिकांत गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

# देश की सुरक्षा सर्वोपरि...

देश की सुरक्षा सबसे आवश्यक है। भारत के पूर्व में चीन पश्चिम में पाकिस्तान के साथ ही अब बांग्लादेश जैसे छोटे देश भी भारत विरोधी गतिविधियों में सक्रिय है। ऑपरेशन सिंदूर में जो पराक्रम सेना ने दिखाया और जिस प्रकार की वैश्विक तान-बाना बुना गया उसमें देश की सुरक्षा से कोई समझौता न हो यह बात पुख्ता हो गयी। विगत दिनों एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने कहा कि मेरे ख्याल से एक भी परियोजना तय सीमा पर पूरी नहीं होती है। निस्संदेह, यह कथन देश की स्वदेशी उत्पादों की रक्षा तैयारियों में विलंब की प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है। खासकर तेजस लड़ाकू विमान व आकाश मिसाइल प्रणाली, के बावजूद लगातार होने वाली देरी परिचालन तत्परता को बाधित करती है। निस्संदेह, लेट-लतीफी की यह प्रवृत्ति आधुनिकीकरण को पटरी से भी उतार सकती है। हमारे पड़ोसी देशों में तेजी से होते सैन्य आधुनिकीकरण और युद्ध तैयारियों में गहन तकनीक के इस्तेमाल होने के चलते, हमें इस सुस्ती की बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। निर्विवाद रूप से यह महज बजट या नौकरशाही की लालफीताशाही का मामला भर नहीं है। वास्तव में यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक बेहद संवेदनशील विषय है। विगत के संकटकाल के दौरान देखने में आया है कि युद्ध व चुनौतिपूर्ण स्थितियों में हम विदेशों में अपनी जरूरत का सामान तलाशते रहे हैं। कई देशों ने मुश्किल वक्त में सामान की आपूर्ति में ना-नुकुर भी की है। कारगिल युद्ध में ऐसे अनुभव देखने में आए थे। देश के 6.81 लाख करोड़ रुपये के रक्षा बजट में मात्र 1.8 लाख करोड़ रुपये की राशि आधुनिकीकरण के लिए निर्धारित की गई है। उसमें शोध-अनुसंधान व विकास के लिये निर्धारित राशि आधुनिकीकरण के बजट में 3.94 फीसदी ही है। देश में लालफीताशाही सुरक्षा पर हावी न हो सुरक्षा सर्वोपरि है।




**मेष : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7**

**वृष : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6**

**मिथुन : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यो में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9**

**कर्क : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6**

**सिंह : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9**

**कन्या : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7**

**तुला : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7**

**वृश्चिक : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यो में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8**

**धनु : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। शुभांक-3-5-7**

**मकर : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। पारिवारिक प्रेमभाव बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6**

**कुंभ : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9**

**मीन : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8**


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# धीमा जहर है धूम्रपान, इसे छोड़ दीजिए





**बचपन** से पढ़ते-सुनते आए हैं कि धूम्रपान और तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य के लिए हानिकारक और शरीर में कैंसर व कई अन्य बीमारियों को जन्म देते हैं। बावजूद इसके लोग इस धीमे जहर का प्रयोग छोड़ नहीं पाते। हालात इस कदर खराब हैं कि किशोरवय पीढ़ी धूम्रपान और विभिन्न तंबाकू उत्पादों की चपेट में है। यह स्थिति काफी चिंताजनक होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मन मस्तिष्क में कुछ गलत धारणाएं घर कर गई हैं कि धूम्रपान करने से चुस्ती-फुर्ती आती है। मानसिक तनाव कम होता है। व्यक्तित्व आकर्षक बनता है। कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद ऐसे लोग समझना ही नहीं चाहते कि यह भ्रांति है। ऐसा कुछ नहीं होता। वास्तविकता यह है कि धूम्रपान ऐसा धीमा जहर है, जो सेवन करने वाले व्यक्ति को मौत के मुंह में धकेल देता है।

धूम्रपान शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है। तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस ह्यअपील का पदार्फाशः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करनाह्न के ध्येय वाक्य के साथ मनाया जा रहा है। जहां विकासशील देशों में धूम्रपान का प्रचलन बढ़ रहा है, वहीं अमेरिका सरीखे कुछ विकसित देशों में धूम्रपान के प्रचलन में तेजी से गिरावट आई है। 1965 में अमेरिका की 42 फीसदी आबादी धूम्रपान की आदी थी जबकि 1991 में यह संख्या घटकर 26 फीसदी रह गई और पिछले डेढ़ दशक में तो वहां धूम्रपान करने वालों की संख्या में और भी तेजी से गिरावट आई है।

गहराई में जाने पर पता चलता है कि अमेरिका में सिगरेट की खपत में लगातार कमी आने की वजह से वहां की सिगरेट कम्पनियों ने अपने घाटे की पूर्ति के लिए अपने उत्पादों को भारत तथा अन्य विकासशील देशों में खपाने की योजना बनाई और उन्हें इस कार्य में सफलता भी मिली। भारत में प्रतिदिन धूम्रपान से मरने वालों की संख्या सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के मुकाबले 20 गुना अधिक है। एड्स से देश में जितनी मौतें 10 वर्ष में होती हैं, उतनी मौतें धूम्रपान की वजह से मात्र एक सप्ताह में ही हो जाती हैं। करीब दस प्रतिशत व्यक्ति तो ऐसे होते हैं, जो खुद धूम्रपान नहीं करते लेकिन पैसिव स्मोकिंग के शिकार बनते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो आगामी एक-दो वर्षों तक ही धूम्रपान की वजह से 50 करोड़ से भी ज्यादा लोग मारे जा चुके होंगे और अगले 30 वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या प्रतिवर्ष 10 लाख से बढ़कर 70 लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है प्रतिवर्ष विश्वभर में 8000 से अधिक नवजात शिशु धूम्रपान के कारण असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। धूम्रपान करने वालों को धूम्रपान न करने वालों की अपेक्षा फेफड़ों का कैंसर होने की संभावना 15 गुना अधिक होती है।



\- श्वेता

> जहां तक हमारे यहां सिगरेट के पैकेटों पर लिखी वैधानिक चेतावनी का सवाल है तो यह कितनी असरकारक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार प्रतिदिन एक पैकेट सिगरेट पीने वाला व्यक्ति अपने जीवन के 8 दिन कम कर लेता है, इसलिए सिगरेट के पैकेटों से वर्तमान वैधानिक चेतावनी को हटाकर यह लिख दिया जाना चाहिए कि इस पैकेट के उपयोग से आपके जीवन के 8 दिन कम हो जाएंगे।

एक आकलन है कि सिगरेट के धुएं में करीब 4000 घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जिनमें पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि प्रमुख हैं, जो मानव शरीर पर तरह-तरह से दुष्प्रभाव डालते हैं। धूम्रपान से हृदय रोग, लकवा, हर प्रकार का कैंसर, मोतियाबिंद, नपुंसकता, बांझपन, पेट का अल्सर, एसीडिटी, दमा, ब्रोंकाइटिस, मिरगी, मेनिया, स्कीजोफ्रेनिया जैसे घातक रोगों का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। धूम्रपान से मोतियाबिंद का खतरा बन जाता है और आंख की रेटीना प्रभावित होने लगती है, जिससे नेत्र ज्योति कम होती जाती है। गर्भवती महिलाओं के धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है।

एक अध्ययन के अनुसार प्रतिदिन 20 सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य से 20 प्रतिशत बढ़ जाती है जबकि 20 से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा 35 प्रतिशत तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका 30 प्रतिशत बढ़ जाती है। विभिन्न सर्वेक्षणों में माना गया है कि विकसित देशों में 41 फीसदी पुरुष और 21 फीसदी महिलाएं धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ 8 फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या 50 फीसदी से भी अधिक है।

जहां तक हमारे यहां सिगरेट के पैकेटों पर लिखी वैधानिक चेतावनी का सवाल है तो यह कितनी असरकारक है, इससे कोई अपरिचत नहीं है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार प्रतिदिन एक पैकेट सिगरेट पीने वाला व्यक्ति अपने जीवन के 8 दिन कम कर लेता है, इसलिए सिगरेट के पैकेटों से वर्तमान वैधानिक चेतावनी को हटाकर यह लिख दिया जाना चाहिए कि इस पैकेट के उपयोग से आपके जीवन के 8 दिन कम हो जाएंगे। बहरहाल, तमाम स्वास्थ्य विशेषज्ञों और शोधों का एक स्वर में यही कहना है कि धूम्रपान एक अत्यंत धीमा किन्तु प्राणघातक विष है। इसलिए स्वयं तो धूम्रपान से बचें ही, धूम्रपान के आदी लोगों को भी इस लत को छोड़ने के लिए प्रेरित करें।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## लेटर टू एडिटर

### ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी

**यह तथ्य** सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी।

**– जीवीएस शास्त्री, रांची**

## ट्वीट

मैं आज तक कपड़ा के उद्योग में शीर्ष पर किसी ओबीसी से नहीं मिला। ये बताया विक्की ने, एक युवा जिसने अपने हुनर के दम पर इस क्षेत्र में अपना व्यापार बनाया है। उनकी फैक्ट्री के कारीगर 12-12 घंटे तपस्या करते हैं, सुई धागे से जादू बुनते हैं - मगर हाल वही, हुनर की कदर नहीं!

बाकी उद्योगों की तरह ही कपड़ा और फैशन क्षेत्र में भी बहुजनों के पास न तो प्रतिनिधित्व है, न इसकी शिक्षा तक पहुंच, और न ही नेटवर्क में जगह।

दुनिया को भारतीय युवाओं का असली हुनर दिखे - ये पता चले कि काबिल और मेहनती होते हुए भी ये युवा उपेक्षा और अन्याय के चक्रव्यूह में फंसे अभिमन्यु हैं।

**– राहुल गांधी, सांसद**

# गांवों में आज भी मजबूत है सामाजिक रिश्तों की डोर

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**समाज**

**नाबार्ड** की जारी रिपोर्ट से जहां संतोष होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत ऋण प्रवाह का दायरा बढ़ा है, वहीं यह चिंता की बात है कि जरूरत के समय गैर संस्थागत स्त्रोतों से कर्ज लेने वाले ग्रामीणों में करीब साढ़े सात फीसदी लोगों को 50 फीसदी से भी अधिक ब्याज दर से कर्ज चुकाना पड़ रहा है। इससे साफ है कि एक बार गैर संस्थागत स्त्रोत से कर्जदार बने तो फिर कर्ज के मकड़जाल से निकलना असंभव नहीं तो बहुत मुश्किल जरूर है।

नाबार्ड की रिपोर्ट को आधार मानकर चलें तो पिछले साल सितंबर में जुटाये गए आंकड़ों के अनुसार 17.6 फीसदी लोग अपनी तात्कालिक आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्त्रोतों पर निर्भर हैं। हालांकि इसमें करीब साढ़े तीन फीसदी का सुधार है। पहले 21.1 प्रतिशत ग्रामीण अपनी ऋण जरूरतों को पूरा करने के लिए गैर संस्थागत स्त्रोतों पर निर्भर थे। हमारी ग्रामीण संस्कृति की इस खूबी की सराहना करनी पड़ेगी कि आज भी 31.7 प्रतिशत रिश्तेदार या परिचित ऐसे हैं जो दुःख-दर्द में भागीदार बनते हैं और ऐसे समय में उपलब्ध कराये गये धन पर किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। रिश्तेदारों या परिचितों से इस तरह की धन की आवश्यकता कुछ समय के लिए ही होती है और समय पर लौटा दिया जाता है। यह तथ्य भी नाबार्ड द्वारा जारी रिपोर्ट से ही उभर कर आया है।

चाहे ग्रामीण हों या शहरी ऐसी आवश्यकताएं आ ही जाती हैं, जिनके लिए तत्काल धन की जरूरत होती है। अन्य कोई सहारा नहीं देखकर व्यक्ति इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रिश्तेदार, परिचित, साहूकार, दोस्त, कमीशन एजेंट या रुपये उधार देने वाले लोगों के सामने हाथ पसारते हैं। अब इनमें से बहुत बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो व्यक्ति की मजबूरी का फायदा उठाने में किसी तरह का गुरेज नहीं करते और मजबूरी का फायदा उठाते हुए 50 से 60 प्रतिशत तक ब्याज लेने में भी हिचकिचाहट नहीं दिखाते। रिपोर्ट के अनुसार ऋण लेने वाले करीब 40 फीसदी ग्रामीणों को 15 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक का ब्याज देना पड़ता है। 0.9 प्रतिशत को 60 प्रतिशत या 6.6 फीसदी को 50 प्रतिशत से अधिक की ब्याज दर पर ऋण को चुकाना पड़ता है। साफ है कि आजादी के 75 साल बाद भी सूदखोरों का बोलबाला बना हुआ है। संस्थागत ऋणों में भी यदि हम पर्सनल लोन की बात करें तो वह भी करीब 15 से 20 प्रतिशत पर बैठता है और यदि किसी कारण से कोई किस्त बकाया रह गई तो पेनल्टी दर पेनल्टी का सिलसिला काफी गंभीर व कर्ज के मकड़जाल में फंसाने वाला हो जाता है।

एक बात और, शहरों और ग्रामीण इलाकों में कुछ लोगों या संस्थाओं द्वारा दैनिक आधार पर पैसा कलेक्शन करने और दैनिक आधार पर ऋण देने का कार्य किया जाता है।

इस तरह के लोगों या संस्थाओं द्वारा भले दैनिक आधार पर दस रुपये के ग्यारह रुपये शाम को देना आसान लगता हो पर इस किस्त का चूकना और मासिक आधार पर गणना की जाये तो यह बहुत मंहगा होने के साथ जरूरतमंद लोगों की मजबूरी का फायदा उठाने से कम नहीं है। रोजमर्रा का काम करने वाले वेण्डर्स इस तरह की श्रेणी में आते हैं। कहने को चाहे 40 प्रतिशत ही हो पर इनके द्वारा 20 प्रतिशत से 60 प्रतिशत की ब्याजदर से ब्याज राशि वसूलना किसी भी तरह से सभ्य समाज के लिए उचित नहीं कहा जा सकता।

देश में संस्थागत ऋण उपलब्धता बढ़ी है पर ताजा रिपोर्ट के अनुसार 17.6 प्रतिशत ग्रामीणों का साहूकारों या अन्य स्त्रोतों पर निर्भर रहना उचित नहीं माना जा सकता। यदि ब्याज दर 20, 30, 40 या 50 प्रतिशत होगी तो प्रेमचंद के गोदान या इसी तरह की साहूकारी व्यवस्था व आज की व्यवस्था में क्या अंतर रह जाएगा। इतना जरूर है कि रिश्तों की डोर आज भी मजबूत है और इसकी पुष्टि नाबार्ड की रिपोर्ट करती है कि ग्रामीण क्षेत्र में 31.7 प्रतिशत कर्जदार रिश्तेदारों और परिचितों पर निर्भर हैं।

ये लोग रिश्तों का लिहाज करते हुए जरूरत के समय एक-दूसरे का आर्थिक सहयोग करते हैं और बदले में किसी तरह का ब्याज नहीं लेते। आने वाले समय में भी हमें रिश्तों की इस डोर को मजबूत बनाये रखना होगा और सरकार को आगे आकर एक सीमा से अधिक ब्याज वसूलने वालों पर सख्ती दिखानी होगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रहा है मध्य प्रदेश

**के.के.जोशी**

**सामयिक**

**मध्य प्रदेश** देश के हृदय स्थल में बसा एक ऐसा राज्य है जिसने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आज पूरे देश में नई मिसाल कायम कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों को महिला सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बनाया है। स्व-सहायता समूह न केवल ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना रहे हैं, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उनकी स्थिति को सुदृढ़ कर रहे हैं। पिछले कुछ समय में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश ने कई उपलब्धियों को हासिल किया है। सरकार की अनेक नीतियां और योजनाएं महिलाओं के उत्थान में सहायक सिद्ध हो रही हैं।

मध्य प्रदेश में स्व-सहायता समूहों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जा रहा है। वर्तमान में, राज्य में 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनमें लगभग 62 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। ये समूह महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, कौशल विकास, और सामुदायिक नेतृत्व के अवसर प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि स्व-सहायता समूह न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का साधन हैं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी एक जन-आंदोलन है। मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की हैं जिनका प्रभाव राज्य के हर कोने में महसूस किया जा सकता है। मुख्यमंत्री उद्यम शक्ति योजना ने हजारों महिला समूहों को कम ब्याज पर ऋण दिलाकर उनके छोटे-छोटे व्यवसायों को सहारा दिया है। अब महिलाएं न सिर्फ घर चला रही हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रही हैं। अब तक 30 हजार 264 महिला समूहों और 12 हजार 685 महिला उद्यमियों को 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान के रूप में 648.67 लाख की राशि वितरित की जा चुकी है।

लाड़ली बहना योजना के तहत हर महीने 1.27 करोड़ बहनों के खाते में 1551.86 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता उनके खातों में पहुंच रही है। इससे न केवल आर्थिक रूप से महिलाओं की स्थिति बेहतर हो रही है बल्कि महिलाएं डिजिटल युग की सहभागी भी बन रही हैं। इस योजना में 1.27 करोड़ महिलाओं को अब तक 35,329 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, 25 लाख महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 882 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई है। यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनके परिवारों में बचत को प्रोत्साहित कर रही है।

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना में वर्ष 2024-25 में 2 लाख 73 हजार 605 बालिकाओं का पंजीकरण हुआ और लगभग 223 करोड़ रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति यूनि-पे के जरिए वितरित की गई। अब तक कुल 50 लाख 41 हजार 810 बेटियां इस योजना का हिस्सा हैं। वहीं, राज्य सरकार द्वारा नारी शक्ति मिशन के तहत जिला, परियोजना और ग्राम स्तर पर 100 दिवसीय जागरूकता ₹हम होंगे कामयाब अभियान₹ चलाया गया। इसमें प्रदेश में जेंडर संवादों, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, सायबर सुरक्षा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों की महिलाओं को न केवल जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना भी सिखाया गया। मध्यप्रदेश सरकार ने स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 1 लाख से अधिक महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया है। सरकार का लक्ष्य 5 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 62 लाख महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित कर रही है।

**नीलगिरी पैसेंजरजो अपने रमणीक और दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों से गुजरने के कारण लोकप्रिय है। निश्चित तौर पर यह देशके उन चुनिंदा पर्यटन स्थलों में है जो देश-विदेश के पर्यटकों को लुभाता है। सौजन्यः अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### डीएवी स्कूल का स्थापना दिवस मना



**रजरप्पा।** रजरप्पा डीएवी पब्लिक स्कूल ने रविवार को 139वां स्थापना दिवस मनाया। प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने महात्मा हंसराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। प्रचार्य ने बताया कि किस प्रकार दयानंद एंग्लो वैदिक संस्थान की स्थापना हुई और कैसे यह संस्था समय के साथ देशभर में शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में अपने उच्च आदर्शों के साथ उन्नति करती रही। श्री शर्मा ने सभी को डीएवी संस्था की स्थापना दिवस पर शुभकामना देते हुए डीएवी के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने समस्त स्टाफ सदस्यों को कार्य के प्रति ईमानदारी बरतने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि 1 जून 1886 में लाहौर में प्रथम डीएवी कॉलेज की स्थापना की गई थी जिसके प्रथम प्रधानाचार्य महात्मा हंसराज थे। डीएवी की स्थापना सभ्य समाज के निर्माण के उद्देश्य से की गई थी।

### विधायक ने छिन्नमस्तिके मंदिर में की पूजा



**रजरप्पा।** बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी ने रविवार को मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर, आशीर्वाद लिया। उसके बाद नारियल बलि देकर पंडित असीम पंडा द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाया। उन्होंने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की जनता की समृद्धि, विकास और खुशहाली के लिए माता से प्रार्थना की और उनका आशीर्वाद लिया। पूजा करने के क्रम में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो से भेंट हुई और उनके हालचाल जाने। बताते चले कि सविता महतो सपरिवार पूजा अर्चना करने के लिए रजरप्पा पहुंची थीं. इस दौरान दोनों विधायक के कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा ने इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और सदस्यों ने सैंकड़ों गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया। डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच उद्देश्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, प्रो. रामानुज सिंह, लालू उरांव, विजय राम, लखन राम, कारू यादव, सुरज शर्मा, गौतम अग्राल, सुकरा करमाली, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

### अग्रसेन डीएवी में संडे ऑन साइकिल




**कुजू।** अग्रसेन डीएवी पब्लिक स्कूल भरेचनगर रामगढ़ के तत्वावधान में रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल फाइट अगेंस्ट ओबेसिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फिट इंडिया के कार्यक्रम संडे ऑन साइकिल फाइट अगेंस्ट ओबेसिटीश के तहत विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कूली बच्चों के लिए एक साइक्लोथोन का आयोजन किया गया। उक्त साइक्लोथोन भरेचनगर स्थित अग्रसेन डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण से शुरू होकर रामाग्लास स्थित सीएन कॉलेज गेट से होते हुए वापस विद्यालय परिसर तक आकर समाप्त हुआ। साइक्लोथोन का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य निशिकांत कर के निदेर्शानुसार किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय की एकेडमिक हेड मौसमी बनर्जी ने बच्चों को हरी झंडी दिखा कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एकेडमी हेड मौसमी बनर्जी ने कहा कि फिट इंडिया, सीबीएसई, डीएवी सीएमसी, साई, विभिन्न खेल संघों तथा भारत सरकार के द्वारा उठाए जा रहे इस प्रकार के पहल काफी सराहनीय हैं। इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से हर समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होने के साथ - साथ शारीरिक व मानसिक विकास भी संभव हो पाएगा। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के खेल शिक्षक सुमित कुमार,कला शिक्षक नीरज कुमार पाठक, छात्रगण व शिक्षकेतर कर्मियों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# गौतम बुद्ध प्रशिक्षण कॉलेज में शिक्षक उन्मुखीकरण संपन्न

**▸▸ कई राज्यों के शोधार्थियों और शिक्षाविदों ने आनलाइन फैकल्टी प्रोग्राम ली जानकारी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से सात दिवसीय शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न हो गया। इस आनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम से देशभर दिल्ली, महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, गुजरात, बिहार, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों के शोधार्थी और शिक्षाविद् यथा-शिक्षक, प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक आदि जुड़े। 26 से 31 मई शाम 7.00 से 9.00 बजे तक आयोजित आनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत एनईपी 2020 के आलोक में भारतीय अध्यापक शिक्षा का उभरता परिप्रेक्ष्य विषय पर सभी को प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिन रेखा चौहान, असिस्टेंट प्रोफेसर डिपार्टमेंट आफ एजुकेशन एसएनडीटी वूमंस यूनिवर्सिटी मुंबई ने विषय से संबंधित जानकारी साझा की। इससे पहले 29 मई को एडवांस टेक्नो-पेडागोगी फॉर इंडियन टीचर एजुकेशन इन द लाइट आफ एनसीपी 2020 पर डॉ संदीप पाटिल, असिस्टेंट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट आफ एजुकेशन, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय वर्धा, महाराष्ट्र ने अपनी बात रखी। 30 मई को असेस्मेंट इन लाइन विद् एनईपी 2020 पर डॉ गणेश चवन, प्राचार्य, एसएनडीटी कॉलेज आफ होम साइंस, एसएनडीटी वूमंस यूनिवर्सिटी पुणे ने अपने विचार रखे। पहले दिन शिक्षा



में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर डॉ अनमोल उबाले असिस्टेंट प्रोफेसर पीवीडीटी कालेज आफ एजुकेशन मुंबई बारीकी से अपनी बात रखी। वहीं दूसरे दिन डॉ सुरेंद्र हेरकाल, प्राचार्य, गोखले एजुकेशन सोसाइटीज कालेज आफ एजुकेशन एंड रिसर्च पारेल मुंबई ने विषय के बारे में समझाया। तीसरे दिन इमपावरिंगटीचर एजुकेशंस फॉर द डिजिटल एज ब्लेंडेड मोड आफ टीचिंग एंड लर्निंग टॉपिक पर डॉ प्रगट सिंह खर्चा, प्राचार्य जीएचजी खालसा कालेज आफ एजुकेशन, लुधियाना ने विस्तार से जानकारी साझा की। विषय प्रवेश समेत पूरे कार्यक्रम की ओवरआल मॉनिटरिंग गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की सह आयोजन सचिव प्राचार्य मंच डॉ वसुंधरा कुमारी ने किया। मंच संचालन प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर कुमारी अंजलि और धन्यवाद ज्ञापन आईक्यूएसई के को-आर्डिनेटर डॉ अनुरंजन कुमार ने किया। प्रोग्राम के मुख्य संरक्षक महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार और सचिव मिथिलेश मिश्र संरक्षक थे।


# इचाक प्रखंड में दर्जनों गांव बना नशे का गढ़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸▸ 3500 युवा तबाही की राह पर अगर अब नहीं जगे, तो नस्लें तबाह हो जायेंगी : गौतम कुमार**

इचाक। गांव की गलियों में अब बच्चों की हँसी नहीं, सन्नाटे में बूटों की आहट है। इचाक प्रखंड का लगभग दर्जनों गांव सफेद जहर की गिरफ्त में कराह रहा है और पूरा प्रशासन तमाशबीन।

ड्रग्स का कहर अब सिर्फ शहरों की कहानी नहीं रही, इचाक जैसे ग्रामीण इलाके भी अब इसके चपेट में हैं। झारखंड के हजारीबाग ज़िले का ये इलाका आज ज़िंदा लाशों की बस्ती बन चुका है। नशे के जाल में उलझे लगभग 3500 युवा, जिनका ना कोई भविष्य बचा है, ना ही आत्मा। चपरख,हदारी, बारीयठ, गुंजा, सिझुआ, दांगी, डुमरौन, बरका कला, बरका खुर्द, रतनपुर, जोगीडीह, मगूरा, करियातपुर, जमुआरी, असिया, अलोंजा कला, अलोंजा खुर्द व बोंगा गांव में हालात सबसे भयावह हैं। एक वक़्त जो खेतों में हल चलाने वाले हाथ थे, वो अब सिरिंज और पाउडर के पीछे भागते हैं। नशे के आदी युवा माँ-बाप को पीटते हैं, बहनों को डराते हैं, और पड़ोसियों के लिए आतंक बन गए हैं। परिजन बेहाल हैं, कई तो अपने ही बच्चों को जेल भिजवाने की अजी देना चाहते हैं। नशा मुक्ति केंद्रों की महंगी फीस उनके लिए अगली मुसीबत है। समाज का ढांचा दरक रहा है, कई घरों से जेवर बिक चुके, बहनों की शादी रुक चुकी है लेकिन नशेड़ियों को इन सबसे कोई लेना देना नहीं है। इधर ड्रग्स का धंधा फल-फूल रहा है। एक सप्लायर ने इचाक मोड में आलीशान कोठी खड़ी कर ली है है, जिसकी दीवारें युवाओं की बर्बादी से गाढ़ी हुई कमाई से बनी हैं। आदर्श युवा संगठन के अध्यक्ष व समाजसेवी गौतम कुमार ने कहाकि अगर अब नहीं जगे, तो नस्लें तबाह हो जाएंगी। गांव नहीं बचेगा, संस्कृति नहीं बचेगी।इचाक क्षेत्र मे 100 से ज्यादा पेडलर सक्रिय है. प्रत्येक माह चार से पांच करोड़ का कारोबार हो रहा.इस धंधे मे कई सफेद पोश व खाकी वर्दी संलिप्त है.उन्होंने युवाओं से आह्वान किया है कि अब नारे नहीं, आंदोलन चाहिए। ये लड़ाई नशे से नहीं, पूरी व्यवस्था से है। समय कम है। या तो सड़कों पर उतरिए, या फिर अपने



बच्चों को कब्र तक जाने दीजिए। ये गंदा है, पर अब धंधा नहीं, कत्लगाह बन चुका है।

### युवक ने आत्महत्या करने की कोशिश की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** थाना क्षेत्र के नईटांड़ गांव निवासी दशरथ चंद्रवंशी के 32 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार चंद्रवंशी ने रविवार की फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। मिली जानकारी के अनुसार संदीप कुमार चंद्रवंशी ने घरेलू विवाद के कारण फांसी लगा ली। इसकी जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली, उन्होंने बरही पुलिस की मदद से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### चौपारण में महिला ने पीया फिनाइल

**बरही।** चौपारण थाना क्षेत्र के टोया गांव निवासी मिथलेश रजक की 28 वर्षीय पत्नी ने रविवार को घरेलू विवाद के बाद फिनाइल पी लिया। इसकी जानकारी परिजनों को मिलते ही उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### जेएम कॉलेज के अभिनव कुमार ने इंटर कॉमर्स में लाया 415 अंक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सचिन शर्मा और मिनाक्षी शर्मा के पुत्र सह जेएम कॉलेज भुरकुंडा के छात्र अभिनव कुमार ने इंटरमीडिएट कॉमर्स की परीक्षा में 415 अंक प्राप्त अपने माता-पिता, कॉलेज सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अभिनव की इस सफलता पर उनके चाचा सह सुंदरनगर भुरकुंडा निवासी एसवीएम पब्लिक स्कूल के निदेशक आरके शर्मा और चाची इंदु शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। अभिनव के चचेरे भाई प्रेम कुमार उर्फ हर्ष शर्मा ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ दिल्ली में रह रह है। अभिनव के बेहतर अंक से पास होने पर पूरे शर्मा परिवार में हर्ष का माहौल है।



**इंटर कॉमर्स में रामगढ़ जिले के सेकेंड टॉपर बनने पर ज्योति को मिठाई खिलाती मां।**




**इंटर कॉमर्स में रामगढ़ जिले के थर्ड टॉपर बनने पर मानसी को मिठाई खिलाते परिजन।**

# इंटर कॉमर्स में जेएम कॉलेज का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**ज्योति बनी रामगढ़ जिला में सेकंड टॉपर और मानसी को तीसरा स्थान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएम कॉलेज भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट कॉमर्स 2025 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता, कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कॉलेज की ज्योति कुमारी 436 अंक प्राप्त कर रामगढ़ जिला में द्वितीय और कॉलेज की टॉपर छात्रा बनी है। वहीं मानसी कुमारी 432 अंक प्राप्त कर रामगढ़ जिला में तृतीय और कॉलेज की सेकंड टॉपर छात्रा बनने का गौरव पाई है। जबकि मानसी कुमारी 426 अंक प्राप्त कर कॉलेज की थर्ड टॉपर छात्रा बनी है। वहीं अभिनव कुमार 415, सुहानी कुमारी 391, स्वर्ण प्रिया 390, निखत आफरीन 379, दीपक भुंइया 367, कुमकुम कुमारी 367 और सलीना परवीन 365 अंक प्राप्त कर कॉलेज के टॉप टेन की सूची में जगह बनाई है। विद्यार्थियों की इस सफलता महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

वहीं रामगढ़ इंटर महिला महाविद्यालय रामगढ़ के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय इंटर की छात्राओं के इंटर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। छात्राओं की सफलता पर महाविद्यालय के प्रभारी प्रचार्य डॉ कंचनमाला एवं व्याख्याता गण द्वारा उत्कृष्ट अंकों के साथ सफल हुए छात्राओं को हार्दिक बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय का परीक्षा फल निश्चित रूप से उत्कृष्ट है । वाणिज्य में 17 छात्राओं ने प्रथम एवं 04 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी से उत्तीण किया है। यद्यपि विज्ञान संकाय में कुल 68 छात्राओं में से 51 छात्राओं ने सफलता हासिल की है । जिसमें 33 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से 18 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी से सफलता पाई है । महाविद्यालय में प्रथम स्थान वाणिज्य संकाय में कशिश प्रवीण 363 ,डोली कुमारी 361, बेबी उपाध्याय 357, नसरीन नाज 353 ,रोशनी सोनकर 346 ,डिंपल कुमारी 342, मोनिका कुमारी 335 ,नेहा कुमारी 332 ,सानिया एवं नुसरत प्रवीण 331 अंकों के साथ उत्तीर्ण हुई हैं। विज्ञान संकाय में खुशी कुमारी 395 ,कुमारी संस्कृति 391, सानिया कशिश 389, कासिया नूरी 375, आस्था नारायण 375 ,स्नेहा कुमारी 367 ,सिया कुमारी 364, किरण कुमारी 360, खोमाश्री चक्रवर्ती 351, मनीषा कुमारी 349 अंकों के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया है । शिक्षक के शिक्षकेतर कर्मचारियों ने महाविद्यालय के सफल

**रामगढ़ महिला कॉलेज के सभी छात्राएं हुयीं पास**

विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इसी तरह से जीवन में सफलता को हासिल करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

बधाई देने वालों में डॉ कंचनमाला, डॉ संजय सिंह ,प्रो कांता मित्रा ,प्रो प्रणीत कुमार ,डॉ एसके सिन्हा प्रो राजेश प्रसाद ,डॉ श्वेता कश्यप, प्रो संयोगिता देवी, प्रो शहजादी खातून, प्रो पूर्णकांत कुमार , डॉ रागिनी कुमारी , डॉ॰शमीमा प्रवीण ,प्रो ललिता देवी , प्रो प्रीति झा ,प्रो प्रेमिना सहाय ,कृष्णा प्रसाद सोनी, राजेश कुमार, मोहसिन कमाल, प्रभास प्रताप राठौर , रोहित वर्मा ,संगीता कुमारी ,दीपक नायक ,लखन लाल महतो, रंजीत माथुर ,तैयब राही , गोपाल राम, आनंद करमाली ,सानू देवी, किंतु देवी आदि शामिल हैं।

## एक नजर में

### आरएसएस पथ संचलन में दिखा देशभक्ति



**हजारीबाग ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का प्रथम वर्ष प्रशिक्षण शिविर हजारीबाग के विद्या मंदिर कुम्हारटोली में आयोजित है, जिसके तहत रविवार को शहर में पथ संचलन निकाला गया। संचलन की शुरूआत आनंदा कॉलेज से हुई और समापन कुम्हारटोली में हुआ। इस दौरान 400 प्रशिक्षु स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया और अनुशासन व प्रशिक्षण का अद्भुत प्रदर्शन किया। संचलन कचहरी चौक, झंडा चौक, बड़ा अखाड़ा चौक, बंशीलाल चौक समेत प्रमुख मार्गों से गुजरा। स्वयंसेवकों के बैंड और भारतभक्ति के गीतों ने माहौल राष्ट्रमय कर दिया। श्संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलोश जैसे गीतों ने लोगों को भावविभोर कर दिया। पथ संचलन के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा और आरती कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। छतों से महिलाओं द्वारा पुष्पवर्षा और सड़कों पर आरती करते नागरिकों की सहभागिता ने आयोजन को और गरिमामय बना दिया। जिला कार्यवाह मुकेश कुमार ने बताया कि झारखंड प्रांत का यह प्रशिक्षण शिविर 25 मई से 8 जून तक आयोजित है। आरएसएस के चार स्तरों के प्रशिक्षण होते हैं झ प्राथमिक (7 दिन), प्रथम (15 दिन), द्वितीय (20 दिन) और तृतीय (30 दिन, नागपुर में)। इस अवसर पर प्रांत सह प्रचारक राजीव, डॉ. अमरदीप यादव, मनमीत अकेला, ऋषभ सहाय, आशुतोष समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। संघ इस वर्ष अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है, जिसकी कड़ी में यह आयोजन विशेष महत्व रखता है।

१ है पी १ : पथ संचलन में शामिल कार्यकर्ता

### चौपारण के रौशन का थाईलैंड के लिए चयन



चौपारण। चौपारण प्रखंड के ग्राम दैहर निवासी रौशन राज ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर बड़ा मुकाम हासिल किया है। वर्ष 2022 में जिला टॉपर रहे रौशन वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं और हाल ही में ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स परीक्षा उत्तीर्ण की है। अब रौशन का चयन भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एशियाई साइंस कैंप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए हुआ है। यह शिविर 31 जुलाई से 6 अगस्त तक सुरनारी यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, नाखोन रत्चासीमा, थाईलैंड में आयोजित होगा। देशभर से इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय विज्ञान शिविर में भाग लेने के लिए मात्र 20 मेधावी छात्रों का चयन किया गया है, जिनमें से एक रौशन राज हैं। उनका चयन हजारीबाग ही नहीं, पूरे झारखंड के लिए गौरव की बात है। इस कैंप का उद्देश्य एशिया के होनहार विद्यार्थियों को विश्वप्रसिद्ध वैज्ञानिकों—जिनमें नोबेल पुरस्कार विजेता भी शामिल होंगे—के साथ विचार-विमर्श और संवाद का अवसर देना है। यह शिविर विज्ञान में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत मंच माना जाता है। रौशन की अंतरराष्ट्रीय यात्रा, देश के अंदर आवाजाही, वीजा शुल्क एवं चिकित्सा बीमा की व्यवस्था भारत सरकार द्वारा की जाएगी, जबकि थाईलैंड में रहने और स्थानीय खर्चों का वहन आयोजक संस्थान करेगा। रौशन के पिता बीरेंद्र कुमार और चाचा नागेन्द्र कुमार ने बताया कि रौशन प्रारंभ से ही पढ़ाई में अव्वल रहा है। उसका चयन पूरे गांव, प्रखंड और जिले के लिए गर्व की बात है। हम उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और सभी से आशीर्वाद की अपेक्षा करते हैं। रौशन की यह उपलब्धि निश्चित रूप से चौपारण प्रखंड ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### केजीबीभी की छात्राओं ने इंटर में लहराया परचम



**चरही।** इंटर में केजीबीभी सीएम एसओइ चुरचू की छात्राओं ने अभूतपूर्व सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन कर दिया। कुल 52 छात्राओं ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में हिस्सा लिया, जिनमें से 44 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय की होनहार छात्रा कविता कुमारी ने 85 .8प्रतिशत अंक लाकर टॉप किया, वहीं रिंकू कुमारी ने 83प्रतिशत अंक अर्जित कर दूसरा स्थान हासिल किया। मोनिका कुमारी ने 77 .4प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। दो छात्राओं ने 80प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, जबकि 15 छात्राओं ने 70प्रतिशत से ऊपर अंक लाकर प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि पर विद्यालय की वार्डन श्रीमती सीमा हीरो ने सभी सफल छात्राओं को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यालय के शिक्षकों का भी धन्यवाद किया और कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और विद्यालय के सकारात्मक वातावरण का नतीजा है। यह परिणाम यह सिद्ध करता है कि ग्रामीण परिवेश की बेटियाँ अगर सही मार्गदर्शन और अवसर पाएँ तो किसी भी मुकाम को हासिल कर सकती हैं।

### दारू में जातिसूचक शब्द बोलने को लेकर दो महिलाओं ने थाने में दिया आवेदन

**दारू।** अनुसूचित जाति व एक अनुसूचित जनजाति की दो महिला को जातिसूचक शब्द व गाली गलौज देने से मानसिक रूप से क्षुब्ध दारु थानाक्षेत्र अंतर्गत पुनाई पंचायत के जरगा गांव के दो महिला ने रविवार को थाना में आवेदन दिया है। थाना में आवेदन देने वाली जागनी देवी व सुमन बिरहोरनी ने अपने साथ पंचायत के मुखिया अनिल देव सहित सैकड़ों महिला पुरुष के साथ आई हुई थी। जागनी देवी ने अपने आवेदन में कहा है कि हमारे गावँ में ने आरईओ विभाग के द्वारा जरगा से झरपो तक कालीकरण व पीसीसी का कार्य किया जा रहा है । जिसे देखने के लिए मैं अपने गावँ के मोसोमात रीना, विमल देवी,ललिता देवी, सबिता देवी के साथ जा रही थी। इसी दौरान हमारे गावँ के अशोक प्रसाद पिता स्व मलेश्वर महतो, संजू देवी पति अशोक प्रसाद,पुष्पा देवी पति संतोष प्रसाद, संतोष प्रसाद पिता गणेश प्रसाद, मालती देवी पति गणेश प्रसाद, रविन्द्र प्रसाद,गणेश प्रसाद पिता मलेश्वर महतो ने सभी एक साथ मिलकर कहने लगे कि यहां क्या देखने आए हो ।

इनलोगों के बात सुनकर मैं बोली कि सरकारी जमीन पर बाउंड्री दिए है वही देखने आए है ।इसके बाद इनलोगों गाली गलौज व जातिसूचक शब्द दुसाद कहकर गाली गलौज करने लगे। साथ ही यहां से भाग जाओ छोटी जाति के भूत डायन वाले होते है। इतना सुनते ही हमलोग वहां से अपने घर वापस आने लगे तो पीछे से ईंट व पत्थर चलाने लगे। वहीं थानांप्रभारी सफीक खान ने कहा कि जरगा की दो महिला के द्वारा आवेदन दिया गया है। जो एक अनुसूचित जाति व एक अनुसूचित जनजाति से है। जांच के पश्चात मामला दर्ज किया जाएगा।

# नेटवर्किंग कंपनी में काम कर रही युवती ने की आत्महत्या

## नेटवर्क मार्केटिंग कंपनियों की संदिग्ध कार्यशैली पर उठ रहे हैं कई सवाल

- **सामाजिक कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से की जांच की मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के चित्रगुप्त नगर वार्ड संख्या 23 स्थित एक मकान में 21 वर्षीय विम्मी पहाड़ी नामक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार मृतका पाकुड़ जिले की निवासी थी और एक नेटवर्किंग कंपनी में कार्य कर रही थी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया एवं मामले की जांच कर रही है।

**नेटवर्क कंपनी की कार्यशैली पर उठे सवाल**

मिली जानकारी के अनुसार मृतका किसी नेटवर्किंग कंपनी में कार्य कर रही थी, वह नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में आदिवासी युवक-युवतियों को प्रशिक्षण और नौकरी के नाम पर कोडरमा लाया करती थी। वहीं स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनलोगों से पहले पैसे की वसूली की जाती है, फिर उन्हें काम के नाम पर मानसिक दबाव और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। विम्मी भी पिछले कुछ समय से इसी नेटवर्क कंपनी में कार्यरत थी। विम्मी की मौत की खबर से उसके परिजनों में कोहराम मच गया है। स्थानीय लोगों ने इस घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। इस घटना ने एक बार फिर नेटवर्क मार्केटिंग कंपनियों की संदिग्ध कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की कंपनियों की जांच की जाए और झूठे वादों से युवाओं को फंसाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए सजा दी जाये।

## ग्रैंड मस्ती वाटर पार्क में पहले ही दिन हुआ हादसा

**स्थानीय लोगों ने प्रबंधन पर सुरक्षा में लापरवाही का लगाया आरोप**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गैठीबाद में रविवार को खुले ग्रैंड मस्ती वाटर पार्क में पहले ही दिन हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार स्लाइडिंग के दौरान एक बच्चा फिसलकर स्लाइड से बाहर जा गिरा, जिसके बाद उसके पैर में गंभीर चोट आ गई। वहीं घटना के समय पार्क में भारी भीड़ थी। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बच्चा स्लाइड करते हुए अचानक असंतुलित हो गया और नीचे गिर पड़ा। हादसे के बाद लोग तुरंत बच्चे के पास पहुंचे, उसे उठाकर नजदीकी डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले जाया गया। बताते चलें कि खबर लिखे जाने तक घायल बच्चे की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं पार्क प्रबंधन की ओर से कोई बयान नहीं आया है। आपको बता दें कि यह वाटर पार्क रविवार को ही आम लोगों के लिए खोला गया था। वहीं स्थानीय लोगों ने प्रबंधन पर सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाया है।

## विश्व साइकिल दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित



**कोडरमा।** खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में 1 जून 2025 को प्रात: 6 बजे तीरंदाजी खेलो इंडिया सेंटर बागीटांड में फिट इंडिया पहल के तहत विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त अभियान से आम जनों को मोटापा, तनाव मुक्त एवं बेहतर हृदय स्वस्थ जैसे लाभों के विषय में जागृति करते हुए तथा साइकिल चलाना प्रदूषण को कम करने के लिए एवं पर्यावरण अनुकूल समाधान के रूप में भी काम करने से संबंधित जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में खेलो इंडिया केंद्र में प्रशिक्षणरत खिलाड़ी एवं आम जनों ने भाग लिया। मौके पर कैलाश राम, अशोक कुमार तुरी, कुमार सौरभ, मुकेश कुमार तुरी, खेलो इंडिया प्रशिक्षक एवं जिला खेल कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## किसानों को नयी तकनीक की दी गयी जानकारी

**सतगावां (कोडरमा)।** कृषि विकास केंद्र जयनगर के कृषि वैज्ञानिकों ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को नयी तकनीक की जानकारी दी। उन्हें खरीफ फसल को कम पानी में कैसे उत्पादन करें, इसकी जानकारी दी। मौके पर टीम लीडर केवीके की विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ.चंचिला कुमारी, नूपुर चौधरी, डॉ.रविकांत सहित आदि मौजूद थे।

## विकास कार्यों में बाधा न डालें व नियमानुसार कार्यों में सहयोग करें : सीओ

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड प्रशासन ने सतगावां अंचल के वैधडीह गांव स्थित एक भूखंड पर कब्जा हटाने के लिए सख्त रुख अपनाते हुए नोटिस जारी किया है। यह भूमि बस स्टैंड वैधडीह के निर्माण के लिए निर्धारित की गयी है, जिसे जिला परिषद परिसर निर्माण योजना के तहत विकसित किया जाना है। वहीं सीओ द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित व्यक्ति स्वयं सात दिनों के भीतर निर्माण एवं सामान को हटा लें अन्यथा विभागीय कार्रवाई कर अवैध निर्माण को बलपूर्वक हटाया जायेगा और इसका खर्च संबंधित व्यक्ति से वसूला जायेगा, साथ ही कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गयी है। वहीं प्रशासन ने जनता से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि विकास कार्यों में बाधा न डालें और नियमानुसार कार्यों में सहयोग करें।

## साइंस में 89 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बने आदित्य प्रकाश, अभिषेक द्वितीय व सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया






**सतगावां (कोडरमा)।** जैक द्वारा घोषित इंटर साइंस की परीक्षाफल में राज्य संपोषित 10 प्लस 2 उच्च विद्यालय बासोडीह के छात्र आदित्य प्रकाश ने 445 अंक 89 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बने, वहीं कटैया निवासी सुनील प्रसाद यादव के पुत्र अभिषेक कुमार राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय व क्वांटम क्लासेस की छात्र साइंस में 86 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं पूतोडीह निवासी लक्ष्मण विश्वकर्मा की पुत्री सिमरन कुमारी ने जैक इंटर साइंस में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं आदित्य, अभिषेक व सिमरन आगे नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनकर देश व गांव की सेवा करना चाहते हैं। आगे उन्होंने कहा कि नियमित रूटीन से पढ़ाई की जाये तो कोई भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। मोबाइल का प्रयोग सिर्फ डाउट्स दूर करने के लिए करें। बताते चलें कि अभिषेक के पिता सुनील यादव व सिमरन के पिता लक्ष्मण विश्वकर्मा किसान हैं, जबकि मां गृहिणी है। वहीं अभिषेक व सिमरन अपनी सफलता का श्रेय पिता व गुरुजनों को देते हैं। उन्होंने कहा कि वे हमेशा मुझे पढ़ाई के लिए मोटिवेट करते हैं। अभिषेक व सिमरन ने इसका श्रेय अपने क्वांटम क्लासेस के गुरुजन संदीप कुमार व ललन को दिया है।

# कोडरमा घाटी में ट्रक व हाइवा में जोरदार टक्कर

- **दोनों वाहनों के चालक और उपचालक घायल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच-20 पर स्थित कोडरमा घाटी जमसोती नाला के समीप रविवार की सुबह ट्रक और हाईवा की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें ट्रक व हाईवा के चालक व उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार उक्त हाईवा डोमचांच से गिट्टी लोड कर कोडरमा घाटी के रास्ते बिहार लेकर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से हाईवा की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। वहीं बताया जा रहा है कि ट्रक में चावल लोडकर बिहार से उड़ीसा ले जाया जा रहा था। इधर घटना के पश्चात स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक के चालक और उपचालक तथा हाईवा के उपचालक को बाहर निकाल लिया गया। वहीं हाईवा का चालक केबिन में ही फंस गया। जिसके बाद घटना की जानकारी कोडरमा पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंची और काफी जद्दोजहद के पश्चात हाईवा के चालक को बाहर निकाला जा सका। वहीं सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सभी घायलों का ईलाज जारी है। वहीं घायलों में नवादा (बिहार) निवासी हाईवा चालक 25 वर्षीय अनुज कुमार तथा हाईवा का उपचालक 26 वर्षीय प्रमोद कुमार व बनासो (हजारीबाग) निवासी ट्रक चालक 42 वर्षीय महेंद्र यादव व बेको (गिरिडीह) निवासी उपचालक 22 वर्षीय नीरज यादव के नाम शामिल हैं। वहीं कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि दुर्घटना के पश्चात घायलों को ट्रक से सुरक्षित बाहर निकाल कर सभी को सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं क्रेन की मदद से ट्रक व हाईवा को घाटी से निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

## प्रतीक की हत्या या सामान्य मौत की जांच को लेकर कब्र से निकाला गया शव

- **पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया सदर अस्पताल, जांच में जुटी पुलिस**



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदेडीह में चार वर्षीय बच्चे प्रतीक कुमार की मौत का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बता दें कि घर निर्माण के लिए खोदे गए गढ्ढे में बीते 18 मई को प्रतीक का शव बरामद किया गया था, जिसके बाद बच्चे के शव को दफना दिए जाने के बाद मामले ने काफी तूल पकड़ लिया था। जिसके बाद चांदेडीह निवासी इंद्रदेव साव ने मृतक बच्चे के परिजनों के द्वारा उनपर बच्चे की डायन बिसाही के तहत हत्या का आरोप लगाया था। जबकि मृतक के परिजनों ने इसका खंडन करते हुए इंद्रदेव साव पर बच्चे को मारकर गढ्ढे में डाल देने का आरोप लगाया था। इसके बाद मामला थाने पहुंचा, जहां एसपी अनुदीप सिंह ने थाना प्रभारी को दोनों पक्षों द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू करने की बात कही थी। जिसके बाद रविवार को सीओ हलधर सेट्ठी को मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त करते हुए थाना प्रभारी अरविंद कुमार की देखरेख में मृतक बच्चे के शव को कब्र से बाहर निकाला गया। वहीं घटना की जानकारी देते हुए मजिस्ट्रेट हलधर सेट्ठी ने बताया कि उन्हें शव को कब्र से निकालने के लिए नियुक्त किया गया है, जहां शव को कब्र से बाहर निकाला गया है और पोस्टमार्टम के पश्चात यह साफ हो पाएगा कि बच्चे की हत्या हुई थी या उसकी सामान्य मौत हुई थी। इधर बच्चे के शव को कब्र से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। इधर घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमी रही और ग्रामीण भी मामले के खुलासे को लेकर ललायित हैं। ग्रामीण भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि बच्चे की मौत के रहस्य से पर्दा हट सके।

## यज्ञशाला की परिक्रमा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बासोडीह पंचायत के राउतडीह स्थित शिव व हनुमान मंदिर परिसर में 30 मई से चल रहे श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सात दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को यज्ञशाला की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पड़ी। वहीं यज्ञशाला में सुबह से ही पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना के बाद परिक्रमा की। वहीं अयोध्या से आए यज्ञाचार्य आचार्य विमलेश पांडेय एवं सहयोगी अयोध्या श्रीधाम से आए उपाचार्य शशिभूषण पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, श्री राघव शरण, कन्हैया शास्त्री, मोनू गोस्वामी ने वेदी पूजन, पाठ के साथ विधिवत मंत्रोचारण किया। वहीं यज्ञ समिति अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि शुक्रवार से शुरू हुए महायज्ञ को लेकर प्रवचनकर्ता अयोध्या धाम से आयी परम पूज्या साध्वी प्रेमा सखी के मुखारविंद से शिव महापुराण व रामकथा सुनने को मिल रही है। कथा रसपान के लिए सीमावर्ती इलाकों से काफी संख्या में लोग आ रहे हैं। परम पूज्या प्रेमा सखी ने प्रवचन के दौरान कहा कि मनुष्य को तीन चीजें काम, क्रोध व लोभ ईश्वर से दूर ले जाती है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को इनका परित्याग करना चाहिए। मनुष्य को सत्य का सहारा लेना चाहिए। सत्य ही सनातन धर्म का मूल है। वहीं यजमान के रूप में रामवचन यादव, प्रदीप कुमार यादव, भोला कुमार, दिनेश अग्रवाल, सुरेंद्र राम, दीपक कुमार यादव, अजय कुमार शामिल हैं।

यज्ञ के आयोजन में सुजीत कुमार, विकास कुमार यादव, राजेश प्रसाद यादव, रितेश कुमार वैश्यकियार, राजेश बर्णवाल, दीपक गोस्वामी, नरेश प्रसाद यादव, प्रिंस कुमार, रामविलास यादव, राहुल कुमार सिंह, बालगोविन्द प्रसाद यादव, रामबालक प्रसाद यादव, अरुण प्रसाद यादव, राजकुमार प्रसाद यादव समेत सैकड़ों लोग सहयोग दे रहे हैं।

**खबर एक नजर में**

## वाहन मालिकों ने करोड़ों रुपये का बकाया भाड़ा को लेकर बैठक कर लिए कई निर्णय



**चतरा।** टंडवा एनटीपीसी से फ्लाई ऐश (राख) ढुलाई को लेकर जारी पिछले कुछ दिनों से कशमकश के बीच अब वाहन मालिकों ने करोड़ों रुपया का बकाया भाड़ा डकारने वाले जालसाजों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। वाहन एसोसिएशन के सदस्यों ने बैठक कर बिना समुचित भाड़ा निर्धारण हुए बाहरी गाड़ियों से राख ढुलाई करने के जुगत में जुटे ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी की। एक स्वर में लोगों ने कहा कि वे शामिल बिचौलियों के मंसूबों को किसी भी सुरत में सफल नहीं होने देंगे। वहीं सर्वसम्मति से लिये गये प्रस्ताव में वाहन मालिकों ने ट्रांसपोर्टरों से लिखित तौर पर पुराने भाड़े के अनुरूप भुगतान का लिखित आश्वासन देने, नियत तिथि में ही भाड़ा का भुगतान, टंडवा में ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों द्वारा ऑफिस खोलने, विस्थापित-प्रभावित क्षेत्र के वाहनों का प्राथमिकता से उपयोग व उसमें अंडर लोडिंग ढुलाई करने, परिचालन रुट की नियमित साफ-सफाई तथा 10 से 16 चक्का वाहनों द्वारा राख की ढुलाई किये जाने की शर्तें रखी हैं। आपको बता दें इस बार पहले की तुलना में लगभग आधे रेट में राख ढुलाई का टेंडर हासिल करने वाली कंपनियों को पसीने छूट रहे हैं, कई तरह के पेंच से वे परेशान व पूरी तरह से उलझे हैं। बैठक में पाली महतो, बिजय साहु, रंजीत कुमार, मो. साबिर, सुनील सुंडी, संजय कुमार, जितेन्द्र महतो, ईश्वर कुमार, नेपाल साव, गणेश कुमार, टेकलाल महतो, विकास दास, जसीम अंसारी, रयुब अंसारी, बसंत महतो, नरेश साव, दशरथ महतो, अमित सिंह, संजय यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## 35 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान हुई मौत, परिजन ने अस्पताल पर लगाया लापरवाही का आरोप



**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के बारिसाखी गांव निवासी उमेश यादव की 35 वर्षीय पत्नी बसंती देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक महिला का इलाज आरबी हॉस्पिटल चतरा में चल रहा था। मृतका के पति उमेश यादव ने सदर थाना में आवेदन दे न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि इलाज कर रहे डॉक्टर की लापरवाही बरतने के कारण पत्नी की मौत हो गई। बताया कि शनिवार की सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक हॉस्पिटल में ही भर्ती कर रखा था। कहा कि मरीज ठीक है। चार बजे महिला की मौत हो जाने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। घटना के बाद से डॉक्टर और हॉस्पिटल संचालक और इलाज कर रहे डॉक्टर दोनों फरार हैं। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के बाद रविवार को परिजनों को सौंप दिया।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आज

इटखोरी (चतरा)। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने को लेकर कर सोमवार शाम 4 बजे इटखोरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, धार्मिक नेताओं और गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर बैठक में भाग लें और आपसी सहयोग से त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में अपनी भूमिका निभाएं। बैठक में प्रशासन द्वारा की जा रही सुरक्षा तैयारियों पर चर्चा होगी तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या समस्या से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया जाएगा। प्रशासन की ओर से यह भी आग्रह किया गया है कि सभी समुदाय मिल-जुलकर त्योहार मनाएं और क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखने में सहयोग करें।

## सदर थाना में नशे के रूप में उपयोग किए जाने वाली दवाइयां की रोकथाम को लेकर की गई बैठक



**चतरा।** पुलिस अधीक्षक चतरा के निदेर्शानुसार रविवार को सदर थाना परिसर चतरा में जिले के सभी दवा दुकानदारों के साथ एक बैठक की गई। बैठक में नशे के रूप में उपयोग किए जाने वाली एविल एवं अन्य दवाइयां के विक्री तथा रोकथाम को लेकर दुकानदारों के साथ चर्चा की गई। साथ हीं नशे के रूप में उपयोग कि जाने वाले सभी दवाइयां पर दुकानदारों को जागरूक किया गया। मालूम हो कि इन दिनों युवा पीढ़ी नशे की ओर जा रहे है। जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक ने यह निर्णय लिया है।

## आपसी विवाद को लेकर मारपीट में तीन लोग घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर गांव में शनिवार की रात्रि मारपीट की घटना सामने आई है, जहां आपसी विवाद में पडोसी के बीच हुई मारपीट में 40 वर्षीय अनिल पाण्डेय पिता स्व लखन पाण्डेय, 45 वर्षीय सीता देवी पति स्व सुरेश पाण्डेय व 15 वर्षीय अंजलि कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गयी। वहीं घटना के अनुसार अनिल पाण्डेय व उनके पडोसी सीता देवी के बीच आपसी विवाद को लेकर कहासूनी हो गई थी, जिसके चलते दोनों के बीच बहस और फिर मारपीट हुई। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां सभी का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं अनिल पाण्डेय की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं इस मामले को लेकर समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों की ओर से सतगावां थाना में आवेदन देने की तैयारी की जा रही थी।

## रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक आज

कोडरमा। झुमरीतिलैया स्थित शिव वाटिका में सोमवार को रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक रखी गयी है। जिसमें मुख्य रूप से कमेटी का विस्तार, कोडरमा कार्यालय एवं सदस्यता के लिए चर्चा की जायेगी। उक्त जानकारी रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अजीत बर्णवाल ने दी।

## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना परिसर में रविवार को बकरीद पर्व को लेकर बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाईक की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सीओ केशव प्रसाद चौधरी, थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा, सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं सीओ केशव प्रसाद यादव ने कहा कि 7 जून को इस्लाम धर्म के सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक बकरीद का त्योहार है, जिसे ईद उल अजहा के नाम से भी जाना जाता है। बकरीद का पर्व शांति, सौहार्द और भाइचारे के साथ मनाने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा ने कहा पर्व के दौरान हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल तैनात रहेंगे। वहीं उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि पर्व के दिन कुर्बानी धार्मिक मर्यादा और संवेदनशीलता के अनुरूप काम करें, ताकि किसी को कोई परेशानी नहीं हो। मौके पर अनिल सिंह, श्रवण राम, विजय सिंह, धनंजय यादव, अरविंद सिंह, अजहर रवानी, नरेश यादव, विक्रम यादव, अरबिंद पाण्डेय, इरशाद अहमद, गुलाम रसूल, पप्पू यादव, अरबिंद यादव, बबलू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस की पांच जून को होने वाली संविधान बचाओ रैली को लेकर बैठक आयोजित

# यह रैली लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का प्रतीक है : नवनीत ओझा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया शिव वाटिका परिसर में 5 जून को होने वाली संविधान बचाओ रैली को लेकर रविवार को चंदवारा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद बरनवाल के आवासीय कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि सह चंदवारा प्रखंड के पर्यवेक्षक नवनीत ओझा (बंटी) ने कहा कि यह रैली लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का प्रतीक है। वहीं उन्होंने कहा कि हमारे जननायक राहुल गांधी शुरू से जन समस्याओं को लेकर संघर्षरत रहे हैं। आज देश का सर्वोच्च कानून के नाम से अंकित संविधान की रक्षा करने हेतु वे हम सबके लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। इसलिए हम सब का दायित्व बनता है कि उनकी लड़ाई में हम सब उनका साथ दें।

वहीं नवनीत ओझा ने कहा कि कांग्रेस के हर कार्यकर्ताओं में इस संविधान बचाओ रैली को लेकर खासा उत्साह है। हमारे झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के. राजू, सह प्रभारी सिरीबेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, संविधान बचाओ कैंपेन के झारखंड संयोजक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बलमुचू, स्वास्थ्य मंत्री सह उत्तरी छोटानागपुर संगठन प्रभारी डॉ. इरफान अंसारी, बेरमो विधायक सह कोडरमा जिला संगठन प्रभारी जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष सह कोडरमा पर्यवेक्षक राजीव रंजन प्रसाद, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी इस रैली को ऐतिहासिक सफलता के लिए लगातार दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू ने कहा कि केंद्र सरकार के फैसलों से लोकतंत्र खतरे में है। जनता भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी और किसान विरोधी फैसलों से लोग नाराज हैं।

बैठक में सन्तोष कुशवाहा, मो. अनवर, मो. इस्लाम, रामलखन यादव, राजेंद्र साव, भुनेश्वर मोदी, राकेश पंडित, जागेश्वर यादव, राजू साव, मनोज साव, बालेश्वर रविदास, पप्पू कुशवाहा, महेश कुमार, सुजीत मोदी, चूल्हाण साव, अर्जुन साव, श्री पांडेय, द्वारिका पासवान, मो. इजरायल, शुभम कुमार, सुरेश साव, जयनारायण रजक आदि लोग उपस्थित थे।

## भारत गौरव तीर्थ यात्रा विशेष ट्रेन धनबाद से श्रद्धालुओं को लेकर हुई रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **इस ट्रेन में कुल 390 यात्री सवार हैं, जिनमें झारखंड से 102 शामिल हैं, जिसमें धनबाद से 80, कोडरमा से 20, हजारीबाग रोड से दो श्रद्धालु हैं**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** धर्म, पर्यटन और परंपरा का मिलन कराती भारत गौरव तीर्थ यात्रा विशेष ट्रेन शनिवार सुबह 7 बजे धनबाद से श्रद्धालुओं को लेकर रवाना हुई। इसके पूर्व यात्रियों का स्वागत किया गया। करीब 9 बजे कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन पहुंची, इस ट्रेन में कुल 390 यात्री सवार हैं, जिनमें झारखंड से 102 शामिल हैं, जिसमें धनबाद से 80, कोडरमा से 20, हजारीबाग रोड से दो श्रद्धालु हैं। इस दिव्य यात्रा का विशेष आकर्षण यह है कि 90 प्रतिशत यात्री वरिष्ठ नागरिक हैं। कोडरमा स्टेशन से यात्रा में शामिल होनेवाले प्रमुख श्रद्धालुओं में अरुण चौधरी, लल्लन मिश्रा, गौरीशंकर, पीएन श्रीवास्तव, मंजू देवी, नीलम देवी, सुनीता कुमारी, गीता देवी सहित कुल 20 लोग शामिल हैं। यह ट्रेन तीसरी वातानुकूलित (एसी थर्ड) श्रेणी में 188 यात्री और स्लीपर श्रेणी में 209 यात्री लेकर चल रही है। पूरी ट्रेन में सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा स्टाफ और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। आइआरसीटीसी की ओर से श्रीकांत कुमार, ऋषि कुमार सहित कई अधिकारी भी ट्रेन में मौजूद हैं, जो यात्रियों की हर जरूरत का ध्यान रख रहे हैं। झारखंड पर्यटन के प्रभारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि शनिवार को रवाना होने के बाद रविवार की शाम से पहला पर्यटन स्थल दर्शन की प्रक्रिया शुरू होगी। तीर्थस्थलों में धार्मिक भावनाओं के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति और परंपरा को भी जानने का अवसर मिलेगा। पहलगांव घटना के बाद इस बार तीर्थ यात्रियों का रुझान कश्मीर की वादियों से हटकर वाराणसी, अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, हरिद्वार-ऋषिकेश और सात ज्योतिर्लिंगों की ओर हो गया है। महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, सोमनाथ, त्र्यंबकेश्वर, घृष्णेश्वर, भीमाशंकर और नागेश्वर ज्योतिर्लिंगों के साथ साथ शिरडी, शनि शिंगणापुर और द्वारका जैसे पवित्र स्थलों का दर्शन कराया जायेगा। यह विशेष ट्रेन 12 जून को पुनः धनबाद लौटेगी।

# परिवर्तनशील मौसम में नैनो उर्वरक खेती का बड़ा सहयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला परिषद भवन भंडरा, जिला लोहरदगा में इफको द्वारा एक दिवसीय उर्वरक विक्रेता प्रभारी परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ शशि भूषण समदर्शी, राज्य विपणन प्रबंधक, आनंद साहू थोक विक्रेता के साथ भंडरा, कैरो, सेन्हा, कुडू प्रखंड के समस्त खुदरा एवं थोक उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बदलते और अनिश्चित मौसम में, खरीफ धान, मक्का रागी एवं अन्य फसलों की खेती उन्नत एवं वैज्ञानिक विधि से की जाए और कैसे नैनो उर्वरक इसमें सहायक है पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इफको के राज्य विपणन प्रबंधक डॉ शशि भूषण समदर्शी ने बताया कि आज कृषि क्षेत्र में उपयोग होने वाले उर्वरक काफी महंगे हो गए हैं और मिट्टी की गिरती उर्वरा शक्ति में अपने कम उपयोग दक्षता के कारण फसलों के प्रारम्भिक विकास एवं विभिन्न कांतिक अवस्था में बहुत ज्यादा प्रभावी नहीं हो पा रहें हैं यही कारण है कि अधिक उत्पादन लेने के लिए रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग



किसान आवश्यकता से ज्यादा और अविवेकशील तरीके से कर रहे हैं अपनी खेती में कर रहें हैं। ऐसे में उनकी खेती में एक ओर लागत बढ़ रही है और दूसरी ओर अच्छे और उन्नत बीजों के प्रयोग से भी क्षमता अनुसार उत्पादन नहीं प्राप्त हो रहा है। ऐसे में यदि नई तकनीक से बने नैनो उर्वरकों का समावेश किसान खेती में करते हैं और फसलों के विभिन्न अवस्था में इनका प्रयोग करते हैं तो उन्हें उनके उम्मीद के अनुरूप उत्पादन प्राप्त होगा कक्योंकि नैनो उर्वरकों का मिट्टी के साथ कोई सीधा संबंध नहीं होता है और ये फसलों के बीज जड़ और पत्तियों के माध्यम से आंतरिक भागों में जाकर त्वरित गति से एवं लंबे समय तक फसलों के वृद्धि विकास में कार्य करता रहता है। नैनो उर्वरक मौसम के विपरीत परिस्थितियों में भी बहुत ही कारगार है और मौसम के प्रति निष्प्रभावी है।

इस कारण से बदलते मौसम में भी फसलों को उनके मांग के अनुसार पोषण प्राप्त होता रहता है और वो परिवर्तित मौसम में भी अपना सम्पूर्ण विकास कर अच्छा उत्पादन देने में सक्षम हो जाते हैं। ऐसे में हम सभी का दायित्व बनता है कि नैनो उर्वरकों को हर खेत हर फसल तक पहुंचाये। इफको के प्रबंधक चन्दन कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों से कहा कि नैनो तकनीक से बना उर्वरक के प्रयोग से वांछित एवं सटीक परिणाम पाने के लिए इनके फसलों में प्रयोग के समय कई वैज्ञानिक पहलू को ध्यान में रखने की जरूरत होती है जिसे आप सभी को पूर्ण रूप से जानना अति आवश्यक है जिससे की आप इसे आगे किसानों तक लेकर जाएगें जिससे किसान इसका सही तरीके से प्रयोग कर अधिकतम लाभ ले सके। इसीलिए आज का यह एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आप सभी जानकारी प्राप्त कर सभी किसानों को इसके प्रयोग को सही तरीके से करवाने में सफल होते हैं तो नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी इस देश में पुनः एक हरित क्रांति लाएगा जो न केवल किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त कर उनके घर मे खुशहाली लाएगा वरण मिट्टी के गिरते हुए उर्वरा शक्ति को भी रोकेगा। इस अवसर पर विस्तार से नैनो यूरिया प्लस,नैनो डीएपी के प्रयोग,लाभ एवं सावधानी के बारे में जानकारी दी गई। किसान सह खुदरा उर्वरक विक्रेता राजकुमार साहू एवं बिजेंद्र साहू ने अपने फसलों में नैनो उर्वरकों के प्रयोग के अच्छे परिणामों को सभी प्रतिभागियों को बताया।

---

**स्पीड न्यूज**

## मोटरसाइकिल व टेंपू की सीधी टक्कर में बाईक सवार युवक घायल

**घाघरा।** घाघरा मुख्यालय स्थित बड़ा ट्रांसफार्मर के समीप टेंपू और मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर में मोटरसाइकिल सवार लोदाम टंगराटोली निवासी मेंहताब खान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंची। वहीं थाना के एसआई मनीष कुमार अपने सरकारी निजी वाहन पर घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचा या। जहां घायल का चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया और गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार एक टेंपो ब्लू रंग का लोहरदगा की ओर से थाना की ओर जा रहा था। वहीं विपरीत दिशा से मोटरसाइकिल सवार मेहताब खान लोहरदगा हिसरी गांव जा रहा था। इसी क्रम में दोनों के आपस में सीधी टक्कर हो गई। जिससे मोटरसाइकिल सवार मेहताब गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं टेंपो चालक अपने टेंपो को लेकर घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस मामले की छानवीन में जुटी हुई है।

## भंडरा लाल बहादुर शास्त्री में कॉमर्स का रिजल्ट शतप्रतिशत

**भंडरा।** भंडरा में लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय भंडरा का कॉमर्स का रिजल्ट शत प्रतिशत हुआ. कॉमर्स में 22 छात्र इंटर का परीक्षा लिखे थे। जिसमें से 18 प्रथम श्रेणी से एवं चार द्वितीय श्रेणी से सफल हुए। सुलेखा उरांव 79.8 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी। प्रियंका कुमारी 373 नंबर लाकर दूसरे स्थान पर रही। कृष्ण पन्ना 364 नंबर लाकर तीसरे स्थान पर रहा। इसी प्रकार विज्ञान में कुल 58 छात्र परीक्षा लिखे थे। जिसमें से प्रथम श्रेणी में से 22, द्वितीय श्रेणी से 13 छात्र सफल हुए। विज्ञान में 23 छात्र फेल हुए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष कॉमर्स के छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। कॉमर्स में शत प्रतिशत छात्र सफल हुए .उसमें से भी 85 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी से सफल हुए। सभी सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना प्रधानाध्यापक ने किया।

## पत्थर से बंधा शव कुंए से घाघरा पुलिस ने किया बरामद

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के कोतरी गांव से घाघरा पुलिस ने 35 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार कोतरी गांव से लगभग आधा किलोमीटर दूर पतरा के समीप कुआं से शव को बरामद किया गया है। शव की सूचना तब हुई जब शनिवार को गांव के ही भोला उरांव अपना आम बागवानी देखने के लिए गया तो बगल में स्थित कुआं में जाकर देखा तो शव कुआं में तैर रहा था। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा पुलिस को दी गई। घाघरा पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर थाना ले आई है। यहां बता दें की उक्त व्यक्ति की हत्या की गई है। एक बड़ा थैला में पत्थर डालकर मृतक के पैर में बांध हुआ शव बरामद किया गया है। जिससे यह प्रतीत होता है कि हत्या किया गया है। इस संबंध में थानेदार पुनीत मिंज से पूछने पर उन्होंने कहा सूचना मिलने पर शनिवार की शाम एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है।

---

### केन्द्रीय सरना पूजा स्थल सीरम टोली रांची का अतिक्रमण रोकने, पेशा कानून लागू करने आदि को लेकर आदिवासी समाज ने लिया निर्णय

# 04 जून को झारखंड बंद का आह्वान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** केन्द्रीय सरना पूजा स्थल सीरम टोली राँची का अतिक्रमण रोकने, पेशा कानून लागू करने, जमीन लूट रोकने एवं सीएनटी थाना क्षेत्र की बाध्यता समाप्त करने आदि को लेकर रविवार को आदिवासी समन्वय समिति लोहरदगा ने देशवली कला सांस्कृतिक केंद्र लोहरदगा में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को आदिवासी समन्वय समिति अध्यक्ष अरविंद उरांव, निरंजना हेरेंज टोप्पो, लक्ष्मी नारायण भगत (पड़हा बेल), पवन तिग्गा, मुखिया प्रमेश्वर महली, महिला नेत्री अंजू देवी, जीवन उरांव, उर्मिला भगत, दुर्गा महली ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि केन्द्रीय सरना पूजा स्थल सीरम टोली राँची का अतिक्रमण रोकने, सरना स्थल के सामने से रैम्प हटाने के लिए आदिवासियों ने लगातार संघर्ष कर रहें है, फिर झारखण्ड की तानाशाही हेमन्त सोरेन सरकार बंदूक की नोक पर पूजा स्थल का



प्रेस वार्ता में मौजूद लोग

अतिक्रमण किया। पूजा स्थल के सामने ही जबरजस्त विरोध के बावजूद रैम्प उतार दिया। कहा कि सरहुल शोभा यात्रा की शुरूआत आदिवासी समाज के प्रख्यात विद्वान पंखराज बाबा कार्तिक उराँव जी ने अपने सहयोगियों के साथ 1970 के दशक में किये थे। वर्तमान समय में यह सरहुल शोभा यात्रा में लगभग 5 लाख से उपर लोग शामिल होते हैं और यह भारत देश ही नहीं अपितु एशिया महादेश में 5 वाँ स्थान रखता है। यह हमारे आदिवासी समाज और झारखण्ड राज्य के लिए गर्व और शान की बात है। समस्या यह है कि यह सब जानते हुए भी मुख्यमंत्री आदिवासियों के इस बढ़ते लोकप्रियता पर न जाने क्यों पूजा स्थल पर रैम्प बनवाकर हमारी सांस्कृतिक धरोहर, को खत्म करने पर तुली है। इसके अलावे पारसनाथ पहाड़ी जो संथालियों का मारंगबुरू धर्म स्थल को जैनियों के हाथों सौंपने का काम किया है। देवड़ी दीरी तमाड़ धार्मिक स्थल का भी अतिक्रमण हो रहा है। सुतियाम्बे मुड़हेर पहाड़ सांस्कृतिक धरोहर को खत्म कर कृत्रिम स्वरूप देकर आदिवासियों के हाथ से छिना जा रहा है। उगरू बुरू धार्मिक स्थल को विशेष षडयंत्र के तहत छिना जा रहा है। झारखण्ड हाईकोर्ट के आदेश के 8 महीना गुजर जाने के बावजूद हेमन्त सोरेन सरकार ने राज्य में पेशा कानून लागू नहीं कर रहा है। और तो और हेमन्त सोरेन पेशा के नाम पर आदिवासियों को कई गुटों में बाँटकर तमाशा कर रहे हैं इससे साफ जाहिर होता है कि हेमन्त सोरेन सरकार राज्य में पेशा लागू नहीं करना चाहती है। आदिवासियों की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को लागू करने के लिए सरकार कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है, पेशा कानून लागू नहीं होने से आदिवासियों का स्वशासन अधिकार खत्म हो जाएगा। कहा कि हेमन्त सोरेन सरकार नई शराब नीति लेकर आई है जिसमें अब ग्राम सभा की अनुमति के बाद गाँव-गाँव में दारू का ठेका खोला जाएगा। आदिवासियों को शराब पिलाकर सारी जमीन लूट ली जाएगी। इससे स्पष्ट है कि आदिवासियों का दम भरने वाले मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आदिवासियों को जल जंगल से बेदखल कर समूल नष्ट करने में लगी है। आदिवासियों के जमीन हर तरीके से लूटी जा रही है। सूत्रों से पता चला है कि मसमानो और बेदाल गाँव की पतरा (जंगल) लगभग सवा सौ एकड़ में फैली है, जिला प्रशासन, वन विभाग आदि मिलकर समूचे जंगल को किसी कम्पनी को बेचने वाली है। जबकी आदिवासियों का पारंपरिक सेंदरा खेलना, छोटी मोटी रोजी-रोजगार समाप्त हो जाएगा। सी०एन०टी० एक्ट में थाना क्षेत्र की बाध्यता को खत्म कर आदिवासियों को कहीं भी रहने, घर बनाने का छूट मिलना चाहिए। विजनेश व्यापार में मोरगेज लोन दिया जाना चाहिए। मुखियाओं को राज्य वित आयोग का पैसा दिया जाए। अरविंद उरांव ने कहा कि इन सभी मामले को लेकर आगामी 3 जून को 2:00 बजे समाहरणालय यूकेलिप्टस मैदान के समय एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। तत्पश्चात शाम 5:00 बजे मशाल जुलूस कचहरी मोड़ से सदर ब्लाक चौक तक निकाला जाएगा और 04 जून को झारखंड बंद किया जाएगा।

### सिरम टोली सरना स्थल बचाओ मोर्चा सह आदिवासी अधिकार संघर्ष मोर्चा की बैठक में निर्णय

# 3 जून को निकाला जायेगा मशाल जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** सिरम टोली सरना स्थल बचाओ मोर्चा सह आदिवासी अधिकार संघर्ष मोर्चा गुमला की बैठक रविवार को हुई। बैठक में विभिन्न मामलों को लेकर 4 जून को झारखंड बंद करने की घोषणा की। जिसमें हेमंत सोरेन और गठबंधन सरकार में आदिवासियों के हक अधिकार को छीनना, नीति नियम में गड़बड़ी, सरना-मसना धार्मिक जगह जमीन की लूट, खनिज-सम्पदा पर लूट, गुमला में नशीले पदार्थों के बढ़ते कारोबार, लकड़ी पत्थर बालू की तस्करी आदि विषयों पर झारखंड बंद का आह्वान किया गया है। साथ ही पेसा कानून लागू करने और सरना कोड लागू करने, सिस्टम कस्टम में सुधार आदि की मांग बंद के माध्यम से की जाएगी। वहीं 3 जून की शाम में बंद को लेकर मशाल जुलुस निकला जाएगा। बैठक में



प्रेस वार्ता सह बैठक में शामिल मोर्चा के पदाधिकारी

मूली पड़हा के कोटवार देवेंद्र लाल उरांव ने कहा कि केंद्र सरकार ने 1996 में पेसा कानून बनाकर लाया और 10 राज्यों के 5 वीं अनुसूची क्षेत्र में राज्य सरकार को नियम बनाकर लागू करने का निर्देश दिया। साथ ही उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय ने आदेश देकर कहा कि झारखण्ड सरकार पेसा कानून जल्द लागू करे। लेकिन कुछ धर्मांतरित लोग पेसा नियमावली में केस करके उसे उलझाए हुए हैं और निर्णय आने के बाद पुनः केस दायर करके उलझा दे रहे हैं। श्री उरांव ने कहा कि टी.ए.सी मूर्खो कि टोली हो जिसमें सारे मुर्ख लोग स्मार्ट दारू बार दुकान और आदिवासी पंचायत में ग्राम सभा से दारू दुकान खोलने की योजना बनाते हैं। हमारी ग्राम सभा इसे स्वीकृति नहीं देगी। हम इसका विरोध करते हैं। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि रांची सिरम टोली सरना स्थल के पास रैम्प उतारकर हमारे सरहुल शोभा यात्रा को धूमिल करने का प्रयास किया। सरकार दारू पीला के बच्चों को अनाथ महिलाओं को विधवा और अपने जंगल जमीन से भी बेधखाल करना चाहती है। निशा भगत ने कहा कि लगातार आदिवासी बच्चियों महिलाओं के साथ बलत्कार दुष्कर्म हो रहे हैं। कानून व्यवस्था फेल है। बंधु तिर्की जैसे रंगबदले लोग षड्यंत्र कर जब तक कोड नहीं तब तक जनगणना नहीं का नारा दे रहे हैं। मूली पड़हा के पूर्व देवान राजू उरांव ने कहा कि गुमला से नक्सलवाद और नक्सली खत्म हो गए। गुमला में नशीली पदार्थ का सेवन करने वाले तो पकड़ाते हैं लेकिन इसका जड़ कहां है इसको पुलिस नहीं पकड़ती इसीलिए गुमला में नशीली पदार्थ का तस्करी में कमी नहीं आ रही है। कलावती खड़िया ने कहा कि 1961 के बाद कांग्रेस कि सरकार ने हमारे धर्म कलम को हटाने का काम किया और अब नौटंकी कर रही है। हंदु भगत ने कहा कि लकड़ी बालू पत्थर भी सरकार के संरक्षण में तस्करी हो रहा है। बैठक सह प्रेस वार्ता में कलावती खड़िया महेंद्र उरांव, बिनोद मिंज राम उरांव बिनोद उरांव रोहित निरज और अन्य लोग मौजूद थे।

## मालवाहक ट्रक और मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर में दो लोग घायल

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के नवडीहा पुल के समीप चार चक्के मालवाहक वाहन और मोटरसाइकिल के सीधी टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में लातेहार होटवार निवासी अभिमन्यु कुमार पासवान और मनीता कुमारी के नाम शामिल है। दोनों घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जांच चिकित्सा द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु दोनों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार अभिमन्यु और मनीता मोटरसाइकिल पर सवार होकर नेतरहाट घूमने गए थे और लौटने के क्रम में नवडीहा पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रहे चार चक्के मालवाहक वाहन से सीधी टक्कर हो गई। पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है।

### चार दिवसीय शूटिंग कैंप-सह-टैलेंट हंट का उपायुक्त ने किया उद्घाटन, कहा

# राइफल शूटिंग में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर लोहरदगा जिला की जल्द बनेगी पहचान

**प्रतिभागी घबराये नहीं, नियमित रूप से अभ्यास व तकनीक में करें सुधार, अवश्य मिलेगी सफलता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बीएस कॉलेज लोहरदगा स्थित शूटिंग रेंज में रविवार की लोहरदगा जिला राइफल एसोसिएशन की ओर से आयोजित चार दिवसीय शूटिंग समर कैम्प-सह-टैलेंट हंट का उद्घाटन उपायुक्त कुमार ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी व अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ने कहा कि बीएस कॉलेज के शूटिंग रेंज में चार दिवसीय शूटिंग समर कैंप-सह-टैलेंट का शुभारंभ किया जा रहा है।

इसके लिए लोहरदगा जिला राइफल एसोसिएशन धन्यवाद के पात्र हैं। इस समर कैंप में आयोजन से पता चलता है कि राज्य सही दिशा में प्रगति की ओर जा रहा है। यह जो शूटिंग रेंज बना है उसमें लोहरदगा जिला राइफल एसोसिएशन क्लब के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है। पूरी टीम बधाई की हकदार हैं। काफी अथक प्रयास के बाद यह शूटिंग रेंज तैयार हो चुका है जिसमें राज्य स्तर का पहला कार्यक्रम है। इस आयोजन की सफलता को सभी मिलकर देश के पटल पर ले जा सकते हैं। खेल एक ऐसा पक्ष है जो आपको अवसाद से निकलने में मदद करता है। खेल तनाव को दूर करता है। शारीरिक रूप से तंदरुस्त बनाता है। मधुमेह, ब्लडप्रेशर, मोटापा समेत कई बीमारियों को दूर करता है। कॅरियर के रूप में आज खेल भी अपनी जगह बना चुका है। खेल में जिन्होंने उंचाईयां हासिल की है उन्होंने बहुत मेहनत से अपनी मंजिल हासिल की है। सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, जिन्होंने खेल को अपनाया है और पूरे तन-मन से मेहनत की है वे बहुत उंचाईयों तक गये हैं। खेल में झारखण्ड का अलग नाम : उपायुक्त ने कहा कि खेल में भारतीय टीम में झारखण्ड का अलग ही स्थान रहा है। तीरंदाजी में दीपिका कुमारी, क्रिकेट में महेंद्र सिंह धोनी, हॉकी में वर्तमान भारतीय टीम में 6 से 9 खिलाड़ी झारखण्ड से हैं। महिला और पुरुष



उद्घाटन करते अतिथि

दोनों टीम में। इसी तरह तक लोहरदगा के बच्चों में खेल के प्रति अलग ही प्रतिभा हैं। झारखण्ड में लोहरदगा के बच्चे खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकते हैं। आज तक शूटिंग के क्षेत्र में लोहरदगा विशेष रूप से नहीं जाना जाता था लेकिन आज जो पहल हुई है उससे इस जिला से नई-नई प्रतिभा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान जरूर बनाएंगी। आज शूटिंग समर कैंप-सह-टैलेंट हंट में जो सीख कर जाएं उसके बाद नियमित अभ्यास करते रहें। धैर्य रखना सबसे जरूरी है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए समय देना होता है। अपनी तकनीक में नियमित रूप सुधार करना होता है। आपको मनु भाकर बनना है तो नियमित रूप से अनुशासन, अभ्यास, तकनीकी रूप से बेहतर होना ही आपको सफलता की उंचाईयों तक ले जा सकता है। उपायुक्त ने खिलाड़ियों को 'एटॉमिक हैबिट्स' नामक पुस्तक पढ़ने व उससे सीखने की सलाह दी। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि पुलिस विभाग की ओर से शूटिंग रेंज को जिस किसी चीज की जरूरत होगी तो उपलब्ध कराया जाएगा। इस समर कैंप फायरिंग प्रैक्टिस के जरूर आउंगा। कार्यक्रम में उपायुक्त व अन्य अतिथियों ने समर कैंप-सह-टैलेंट हंट में आए प्रतिभागियों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही शूटिंग में अपने हाथ भी आजमाये। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, राइफल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अमर सिन्हा, शूटिंग कोच रंजन कुमार, जनप्रतिनिधिगण, लोहरदगा जिला राइफल एसोशिएशन के सदस्य, शूटिंग के प्रतिभागी व बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

---

**एक नजर में**

## बिमरला में तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**लोहरदगा।** हिंडालको सीएसआर के माध्यम से बिमरला बॉक्साइट माइन्स में अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। मौके पर ग्रामीणों के बीच सामूहिक रूप से शपथ लेकर तंबाकू के उपयोग न करने की शपथ ली। मौके पर डॉक्टर जाहिन खान ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। डॉक्टर खान ने मौसमी बदलाव में सजग रहने की सलाह महिलाओं को दी एवं उनके बच्चों को लालन पालन में उबला हुआ पानी पीने की भी सलाह दी। उन्होंने बताया कि नशा पान से किसी को लाभ नहीं होता, नशा पान समाज, परिवार, राष्ट्र सभी के लिए बेहद नुकसानदेह है। जिस व्यक्ति में इसकी लत लग जाती है। उसका मन मस्तिष्क भी प्रभावित होता है और स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। अतः आज का दिन में हम सभी ने जो नशा पान न करने की शपथ ली है उसका भी पालन हम सभी को करने हैं। उन्होंने तम्बाकू से भयावह बीमारी कैंसर होने का डर रहता है। उपस्थित ग्रामीणों के उपचार कर दवाइयां और ओआरएस भी प्रदान किए गए। मौके पर सीएसआर से अभय भारती, स्वास्थ्य कर्मी गीता साहू, सोहन उरांव, ग्रामीण फूलचंद असुर, महिलाएं बच्चे मौजूद रहे।

## रविदास विकास मंच ने किया वनभोज का आयोजन

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के चितरी कोयल नदी तट पर रविदास विकास मंच लोहरदगा के तत्वावधान में वनभोज कार्यक्रम का आयोजन रविदास विकास मंच के अध्यक्ष श्री रामचरण राम के अध्यक्षता में किया गया।जिसमे शिक्षा, रोजगार, शसक्त समाज व सामाजिक संगठन का निर्माण करने पर चर्चा किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे रामचरण राम ने अपने मन्तब्य मे कहा हैं कि शिक्षा एक ऐसी हथियार है जिससे एक जीवन ही नही बल्कि कई पीढियां सुधर जाती हैं। शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। रविदास विकास मंच अपने समाज के लोगो को शिक्षित करने के लिए निरंतर अभ्यासरत है। लोहरदगा जिला मुख्यालय में एक अनुसूचित जाति आवसीय विद्यालय का निर्माण करना है जिसमे सभी की भागीदारी सुनिश्चित करना है। वही रविदास विकास मंच के संस्थापक सदस्य श्री राजमोहन राम ने कहा की समाज को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा के साथ साथ रोजगार की ओर युवा युवतियों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जो स्कूल कॉलेज से ड्रॉपआउट हो गए हैं उन्हें सिलाई, प्लम्बर, राजमिस्त्री, मैकेनिक जैसे ट्रेड की जानकारी देते हुए स्वरोजगार की ओर बढ़ने की बातें कहीं गई। रविदास विकास मंच के पदाधिकारी समाजसेवी शिक्षक अरुण राम के द्वारा सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिए व बोले कि समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों तक लाभ पहुँचनी चाहिए। और इनका लाभ सभी को मिलना चाहिए।सभी कोई समाज को शसक्त बनाने में अपना अपना अहम भूमिका निभाएं मौके पर रविदास विकास मंच के सचिव बुधन राम,कृष्णा राम, गजन राम, शंकर राम इत्यादि समाज के सुभचिंतक शामिल हुए।

## कांग्रेसी कार्यकर्ता के पिता के निधन पर सांसद प्रतिनिधी ने किया शोक व्यक्त

**लोहरदगा।** सदर प्रखण्ड ग्राम हिरही बड़का टोली के कांग्रेसी कार्यकर्ता सइऊफ अंसारी के पिता इश्हाक अंसारी के निधन की सुचना मिलते ही लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत के लोहरदगा जिला के सासंद प्रतिनिधी साजीद अहमद एव सदर प्रखण्ड के सांसद प्रतिनिधी मनोज सोन तिर्की कांग्रेसी कार्यकर्ता सइऊफ अंसारी के अवास जाकर परिजनो से मिलकर शोक सवेदना प्रकट किया । मौके पर सईउफ अंसारी को संतावना देते हुए कहा की इस दुख की घड़ी मे सांसद सुखदेव भगत एवं कांग्रेस परिवार आपके साथ है।

## कलश यात्रा के साथ शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ का हुआ आरंभ

**कुडू, लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के थाना चौक पर स्थित बिड़ला शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद रविवार को पांच दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की शुरूआत हुई। कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा से हुई। इसमें 1000 से ज्यादा शिवभक्त शामिल हुए। सभी भक्त माथे पर कलश लेकर गाजे-बाजे के साथ शिव मंदिर से टीकों नदी तट पर पहुंचे वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की गई। इसके बाद सभी शिव मंदिर पहुंचे और कलश की स्थापना की। वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। अन्य गांव से भी महिलाएं, पुरुष एवम छोटे छोटे बच्चे कलश यात्रा में शामिल हुए। हर चौक चौराहों पर पुलिस तैनात थी। कार्यक्रम में पांच दिनों तक कथा व्यास पौराणिक जी के द्वारा कथा वचन किया जाएगा। 5 जून को अंतिम दिन हवन पूजन के साथ महाभंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं मंदिर जीर्णोद्धार में मुख्य रूप से राजीव रंजन, बीरेंद्र प्रसाद, कैलाश प्रसाद बिशेश्वर प्रसाद चौधरी, प्रवीण कुमार, ब्रजकिशोर प्रसाद, स्वदेश प्रसाद, ओमप्रकाश साहु, दीपक प्रसाद, सुदामा मिश्रा, अशोक प्रसाद साहू, डॉ कल्याण कुमार मधुर, रामजी प्रसाद इत्यादि का योगदान रहा।

## तिलसिरी गांव में पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के तिलसीरी गांव में पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं। लोग एक किलोमीटर दूर कुआं का पानी लाकर पीने को विवश हैं। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव में एक सोलर पानी टंकी 15 वें वित्त योजना से लगी हुई है। जिससे लोगों की पानी की आपूर्ति पूरी नहीं हो पाती है। जबकि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से एक सोलर पानी टंकी का स्ट्रक्चर विगत पांच महीने पूर्व खड़ा किया गया है। लेकिन अब तक पानी की सप्लाई उससे नहीं की जा रही है। गांव के 50 घरों के लोग करीब एक किलोमीटर दूर कुआं से पानी लाते हैं। जिससे उनकी दिनचर्या चल रही है। इस बाबत जनप्रतिनिधि और ठेकेदार को भी मौखिक रूप से कई बार कहा गया लेकिन कोई भी पहल नहीं किया गया। प्रातः उठकर बच्चे, बूढ़े, पुरुष और महिलाओं को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ता है। पानी की समस्या से लोग काफी परेशान हैं।

## क्राइम कंट्रोल व लोगों को तत्काल पुलिस सेवा मुहैया कराना पुलिस ओपी का उद्देश्य: डीआईजी नौशाद आलम

# चंदवा के सुदूरवर्ती बेतर ग्राम में पुलिस ओपी का हुआ शुभारंभ

## डीआईजी पलामू नौशाद आलम, डीसी उत्कर्ष गुप्ता व एसपी कुमार गौरव ने किया उद्घाटन

खबर मंत्र संवाददाता





दीप प्रज्वलित करते उपायुक्त एवं अन्य पदाधिकारी।



**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती उग्रवाद प्रभावित पंचायत बरवाटोली के बेतर ग्राम में कानून व्यवस्था के सफल संचालन के उद्देश्य से रविवार को पुलिस ओपी का शुभारंभ किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पलामू डीआईजी नौशाद आलम, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करने के उपरांत फीता काटकर ओ पी का उद्घाटन किया। इसके पश्चात ओ पी के पहले प्रभारी के रूप में किशोर मुंडा को पदस्थापित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि बेतर ग्राम की इस पावन भूमि पर आयोजित उद्घाटन समारोह में पहुंचे सभी प्रशासनिक अधिकारी विधायक प्रतिनिधि समेत अन्य जनप्रतिनिधियों का झारखंड पुलिस परिवार की ओर से एवं राज्य सरकार की ओर से हम आभार प्रकट करते हैं। सरकार की स्वीकृति के बाद क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए इस पंचायत के आसपास रहने वाले ग्रामीणों को तत्काल पुलिस सेवा प्राप्त हो सके और आसामाजिक तत्वों पर लगाम लगे यह पुलिस ओ पी का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आगे कहा कि यह इलाका काफी उग्रवाद प्रभावित इलाका रहा है, सरकार की उग्रवाद नियंत्रण नीति से प्रभावित हो कर लोग अब उग्रवाद का रास्ता छोड़कर समाज के मुख्य धारा में जुड़ भी रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यहां के लोगों को शीघ्र न्याय मिलेगा व पुलिस ओ पी अपने उद्देश्यों में पूरी तरह जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि यहां के लोगों को ओपी का लाभ मिलेगा, शीघ्र ही यहां पर भवन निर्माण कार्य भी आरंभ होंगे, प्रशासनिक रूप से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह आप मिल का पत्थर साबित होगा। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि चंदवा थाना क्षेत्र का बहुत बड़ा क्षेत्रफल पड़ जाता था, अब यहां पर ओपी खुलने से लोगों को काफी सहूलियत होगी। उम्मीद करता हूं कि यहां की लोग इसे अपॉर्चुनिटी के रूप में उपयोग करेंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचे डीआईजी नौशाद आलम, डीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसपी कुमार गौरव एवं अन्य अधिकारियों के यहां पहुंचने पर उन्हें पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया व डीआईजी को गार्ड आफ ऑनर दिया गया। बता दें कि बेतर ग्राम चंदवा थाना के अंतर्गत आता है लेकिन इसकी भौगोलिक स्थिति के कारण कानून व्यवस्था के संचालन में काफी कठिनाई होती थी, यह इलाका रांची जिले से सटा है ,चंदवा थाना से इसकी दूरी लगभग 45 किलोमीटर हो जाती है, जिसके कारण कानून व्यवस्था बनाए रखने में कठिनाई होती थी। लम्बे समय से यहां पर ओ पी निर्माण की मांग ग्रामीणों के द्वारा की जा रही थी। अंततः सरकार ने ओ पी खोलने का निर्णय लिया।

### उद्घाटन के मौके पर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी, लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार, बीडीओ चंदन प्रसाद, सीओ जयशंकर पाठक, प्रमुख मनीष उरांव, आईटीडीए विधायक प्रतिनिधि राजू उरांव, मुखिया शकुंतला देवी, पुअनि अजीत कुमार राकेश महतो, रवींद्र सिंह, सअनि सरोज सिंह, कांग्रेस नेता बाबर खान समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी ग्रामीण मौजूद उपस्थित थे।

## आदिवासी जेट्ठे जतरा आयोजन को लेकर बैठक



जतरा को लेकर बैठक करते हुए।

खबर मंत्र संवाददाता

महुआडांड। महुआडांड़ प्रखंड के सेम्बरबुढनी में हर साल की भांति इस वर्ष भी सात जून को आदिवासी जेट्ठे जतरा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे सफल संचालन को लेकर कमिटि के सदस्य जेरोम जेराल्ड कुजूर की अध्यक्षता रविवार को बैठक की गई। बैठक में सभी ने कहा की एक जुटता और प्राचीन सांस्कृतिक सभ्यता के स्मृति का प्रतीक है आदिवासी जेट्ठे जतरा। इस समारोह में आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन रखा हुआ है। साथ ही जतरा से पूर्व मिनी संसद का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी ग्राम प्रधान सहित गणमान्य लोग उपस्थित होकर साल भर के काम धंधे सहित पेशा कानून के अलावे की अन्य मुद्दे पर चर्चा करेगें। मौके पर कुलदीप मिंज, सुमन एक्का सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरो की समय सारणी बदला गया

खबर मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी में अधिकांश दिन सीएचओ को दिए जाने के बाद दो मरीजो की जान चली गई थी। और कई बार हंगामा हुआ था। इसके बाद लातेहार सिविल सर्जन के निर्देश पर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक ने चिकित्सकों की नई समय सारणी निर्धारित की है। जिसमें सोमवार से लेकर शनिवार तक दंत चिकित्सक अलीशा टोप्पो सुबह 9:00 बजे से शाम 3:00 तक रहेगी।इसके अलावा ओपीडी में सोमवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 3:00 तक संजय कुमार सिद्धार्थ एवं सीएचओ रवि रंजन,रूबी कुमारी,शाम 3:00 से रात्रि 9:00 बजे तक अनूप किरण नगेसिया एवं विनीता टोप्पो सीएचओ, रात्रि 9:00 बजे से सुबह 9:00 बजे तक मितोर कुजूर सीएचओ, मंगलवार को सुबह 9:00 से शाम 3:00 तक डॉक्टर नीरज कुमार एवं सीएचओ डॉ सुरभी कुमारी, शाम 3:00 से रात्रि 9:00 तक डॉ संजय सिद्धार्थ रात्रि में 9:00 बजे से सुबह 9:00 बजे तक डॉक्टर संजय सिद्धार्थ, बुधवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 3:00 तक डॉक्टर रवि रंजन एवं आरती कुमारी सीएचओ, शाम 3:00 से सुबह 9:00 बजे तक डॉक्टर ध्रुव कुमार रात्रि 9:00 बजे से सुबह 9:00 बजे तक धुर्व कुमार, गुरुवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक डॉक्टर संजय सिद्धार्थ एवं अलका ऐलन कुजूर सीएचओ, शाम 3:00 से रात्रि 9:00 बजे तक डॉ प्रकाश बड़ाइक, सीएचओ विजेता कुजूर, शशि बरवा, रात्रि 9:00 बजे से सुबह 9:00 बजे तक दीपक कुमार सिंह सीएचओ, शुक्रवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक डॉक्टर ध्रुव कुमार,सीएचओ सेलिना एक्का, शाम 3:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक डॉक्टर संजय सिद्धार्थ वहीं रात्रि 9:00 से सुबह 9:00 बजे तक डॉक्टर संजय सिद्धार्थ, शनिवार को सुबह 9:00 से शाम 3:00 बजे तक डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक,सीएचओ सविता कुमारी, शाम 3:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक सीएचओ अलीशा अनिमा तिग्गा,ममता कुजूर, शाम 3:00 से रात्रि 9:00 बजे तक अलीशा अनिमा कुजूर एवं ममता कुजूर सीएचओ, रात्रि 9:00 बजे से सुबह 9:00 बजे तक वकार जैद अहमद, वहीं रविवार को सुबह 9:00 से लेकर रात्रि 9:00 बजे तक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार एवं रात्रि 9:00 बजे से सुबह 9:00 बजे तक डॉक्टर ध्रुव कुमार महतो अपनी सेवा देंगे।

## बरवाडीह में प्रजापति समाज की बैठक संपन्न



बैठक में शामिल कुम्हार समाज के पदाधिकारी।

**बरवाडीह।** प्रजापति समाज को संगठित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से बरवाडीह प्रखंड के अहीरपुरवा स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष दीपक राज ने की। इस मौके पर समाज के विभिन्न पंचायतों से आए प्रतिनिधियों और सदस्यों की उपस्थिति रही, जिन्होंने एकजुट होकर समाज के विकास के लिए अपनी राय रखी। बैठक में समाज की मूलभूत समस्याओं जैसे बिजली, पानी, सड़क, आवास और राशन आदि को लेकर गंभीर चर्चा की गई। दीपक राज ने कहा कि प्रजापति समाज के लोग आज भी कई जरूरी सुविधाओं से वंचित हैं, जिनके समाधान के लिए हमें न सिर्फ एकजुट होना होगा, बल्कि अधिकारपूर्वक अपनी बात प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सामने रखनी होगी। अध्यक्ष दीपक राज ने कुछ प्रमुख समस्याओं को लेकर मौके पर ही स्थानीय विधायक, मुखिया और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत की। उन्होंने समाज के मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की मांग की, जिस पर सभी संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। विधायक ने भी फोन पर भरोसा दिलाया कि प्रजापति समाज की समस्याएं उनकी प्राथमिकता में हैं, और जल्द ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में सचिव महेंद्र प्रजापति, सदस्य जितेंद्र प्रजापति, पवन कुमार प्रजापति, मनोज प्रजापति, संरक्षक भोला प्रजापति, देव कुमार प्रजापति, महेश प्रजापति, उपेंद्र प्रजापति, प्रमोद प्रजापति, बृजकिशोर प्रजापति सहित समाज के कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

## तीसरी बार राजद प्रखंड अध्यक्ष बने प्रीत लाल यादव



बालूमाथ। बालूमाथ राजद प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को राजद कार्यकर्ताओं की एक बैठक चुनाव प्रभारी भोला सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और मजबूत करने हेतु अधिक से अधिक लोगों को राजद में जोड़ने की बात कही गई। वही बैठक में सर्वसम्मति से तीसरी बार लगातार प्रीत लाल यादव को प्रखंड अध्यक्ष के लिए चुना गया। चुनाव प्रभारी भोला सिंह ने कहा कि प्रदेश के निदेर्शानुसार यह चुनाव कराया गया है प्रखंड अध्यक्ष को निर्देश दिया जाता है कि वे शीघ्र प्रखंड कमेटी का विस्तार कर ले और संगठन को मजबूती पर कार्य करे। वहीं बैठक में राजेश कुमार रजक एवं हरिहर यादव को डेलीगेट के रूप में चुना गया। इस बैठक में मुकेश पासवान, सुरेश गंझू, अजय कुमार गुप्ता, मोहम्मद जहूर, आनंद भगत, विजय यादव, अरुण यादव, मोहम्मद अजमल, कुलदीप राणा, चंद्र देव गंझू, ज्योति सिंह, विष्णु देव गंझू, राजेश कुमार कुशवाहा, अरविंद यादव, मनोज यादव समेत कई लोग मौजूद थे। वही प्रीत लाल यादव को अध्यक्ष बनाए जाने के बाद कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला पहनकर स्वागत किया।

## चंदवा: संगठनात्मक चुनाव को लेकर राजद की बैठक, प्रखंड अध्यक्ष बने रसीद खान



अध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत करते हुए।

खबर मंत्र संवाददाता

**चंदवा।** राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश कमेटी के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे हैं संगठन विस्तार कार्यक्रम अंतर्गत रविवार को चंदवा में राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा संगठनात्मक चुनाव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव ने की। बैठक में बतौर चुनाव पदाधिकारी सुरेश राम, सह पदाधिकारी दीपक यादव की मौजूदगी में सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष के रूप में रसीद खान का चयन किया गया। पार्टी के पदाधिकारी ने चुने गये। नये अध्यक्ष को पार्टी का पट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर सुरेश राम ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनता दल समाज में दबे कुचले व निम्न वर्ग के लोगों की आवाज बनकर लड़ाई लड़ी है। समाज में अल्पसंख्यक हो या फिर पीड़ित व शोषित वर्ग उसे सम्मान देने का काम राजद ने किया है। संगठन को मजबूत करने को लेकर कार्यकताओं में जुनून देखा जा रहा है, संगठन मजबूत होगा तो कार्यकर्ता भी मजबूत होंगे। मौके पर राजद नेता बबलू गिरी, हारून रसीद, धनराज यादव, शामिल अहमद, हबीबुल्ला, नासरीन बानो, शोभा देवी, लालन राम, तपवन यादव, राम नरेश यादव समेत कई अन्य मौजूद थे।

## अल्फा शाद इंटर साइंस मे प्रखंड टॉपर, संतोष और अरविंद को दूसरा व तीसरा स्थान किया प्राप्त, कॉमर्स में अभिनव आगे



साइंस टॉपर।



कोमर्स टॉपर अभिनव



संतोष कुमार।



अरविन्द कुमार।

खबर मंत्र संवाददाता

**बारियातू।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल, रांची द्वारा शनिवार को जारी इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में बारियातू प्रोजेक्ट +2 उच्च विद्यालय के छात्र ने शानदार प्रदर्शन किया। इंटर साइंस संकाय में इटके निवासी पारा शिक्षिका हेना शबनम की पुत्री अल्फा शाद ने 405 अंक (81 प्रतिशत प्राप्त कर प्रखंड टॉपर बनी। अल्फा की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।अल्फा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा, मैं डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती हूं। प्रथम स्थान का श्रेय मेरी मां और पापा ने हर कदम पर मेरा हौसला बढ़ाया। उनके पिता मोहम्मद सालिम एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं और समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। वहीं, फुलसू के हिसरी ग्राम निवासी संतोष कुमार ने 382 अंक (76.4 प्रतिशत) प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। उनके पिता समोध प्रजापति पेशे से किसान हैं। संतोष ने कहा, मैंने नियमित पढ़ाई की और मोबाइल से दूरी बनाकर रखा। अब इंजीनियरिंग की तैयारी करूंगा।

तीसरे स्थान पर बालूभांग पंचायत के हेरनहोप्पा निवासी अरविंद कुमार यादव प्राप्त किया। उन्होंने 381 अंक (76.2%) प्राप्त किए। उनके पिता केश्वर यादव मेहनती किसान हैं। अरविंद ने कहा संघर्ष और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। मैं सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहता हूं। कॉमर्स संकाय में डाढा ग्राम निवासी व्यवसायी सुबोध कुमार सिंह के पुत्र अभिनव कुमार ने 341 अंक (68.2%) प्राप्त कर प्रखंड में पहला स्थान हासिल किया। अभिनव ने बताया मैं चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की दिशा में तैयारी कर रहा हूं। परीक्षा के समय प्रतिदिन 6 से 8 घंटे पढ़ाई करता था। विद्यालय के प्राचार्य रूपेश कुमार ने बताया कि इंटर साइंस में कुल 56 परीक्षार्थियों ने भाग लिया जिसमे से 41 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। 9 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा 6 छात्र असफल रहे। उन्होंने कहा इन विद्यार्थियों की मेहनत लगन और अनुशासन पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा हैं। अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। छात्रों की इस सफलता पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों शिक्षकों और समाजसेवियों ने बधाई दी। जहाँ परिजन भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## नगर झखरा टांड़ स्थित सरना स्थल पर वार्षिक पूजा सह झंडा बदली कार्यक्रम संपन्न



**चंदवा।** प्रखण्ड के चकला पंचायय अंतर्गत नगर ग्राम स्थित झाखरा टांड़ सरना स्थल में रविवार एक मई को वार्षिक सरना पूजा सह झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैकड़ो की संख्या में नगर ग्राम के पड़हा समाज के लोगों ने सरना स्थल पर ग्राम प्रधान भुनेश्वर गंझू, पाहन सधन गंझू, पुजेर सुरेश उरांव, ओहदार जय नंदन उरांव व महतो सुरेंद्र उरांव की अगुवाई में नगाड़ा व मांदर की थाप पर विधि विधान के साथ वार्षिक सरना पूजन किया तत्पश्चात सरना स्थान पर झंडा बदली की गई।

**सरना भूमि बचाने को लेकर लिया गया संकल्प:** इस दौरान सरना भूमि को हर हाल में बचाने को लेकर संकल्प लिया व सरना जागरण उल गुलान करने की भी बात कही। प्रधान भुनेश्वर गंझू ने कहा कि 1.42 एकड़ भूमि पर सरना स्थल है, जहां पर पूर्वज काल से हम आदिवासी पड़हा समाज के लोग अपनी धार्मिक क्रिया कलाप करते आ रहे हैं, लेकिन सरना की जमीन की बंदोबस्ती गलत तरीके से कर दिया गया है। उक्त समस्या को लेकर वे कई बार अधिकारी, सरकार को पत्राचार के चुके हैं, लेकिन अबतक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। आदिवासी समाज सरना जैसे धार्मिक स्थल की जमीन की लूट कभी बर्दाश्त नही करेगी। अगर सरना स्थल की जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिश होगी तो उलगुलान के लिए हम सभी तैयार हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व सरकार से गलत तरीके से सरना स्थल के जमीन को बचाने की भी मांग की है। मौके पर मुख्य रैयत दशरथ उरांव, बुधराम भगत, सामवीर उरांव, सुरेश भोगता, रामा भोगता, लक्ष्मण भोगता, नरेश उरांव, कलावती उरांव, रूपा उरांव, करमी उरांव, सितमणि उरांव, महराज उरांव, रवींद्र उरांव, जग मोहन उरांव, नागेश्वर उरांव समेत सैकड़ों पड़हा समाज के लोग मौजूद थे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत चलाया गया अभियान

**बालूमाथ।** रविवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक द्वारा बालूमाथ प्रखंड के चेताग पंचायत अंतर्गत चेताग, पकरी एवं ओल्हेपाट ग्राम में अभियान चलाकर किसानों को कृषि से संबंधित जानकारियां दी गई। इसके अलावा किसानों को सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाएं जैसे कुसुम योजना, किसान समृद्धि योजना के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघु रंजन प्रसाद तकनीकी प्रबंधक शमीम तथा कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान एवं वारीय वैज्ञानिक महेश चंद जराई ने बताया कि अभियान आगामी 12 जून तक चलाया जाएगा। जिसमें लातेहार प्रखंड के लातेहार जिले के तीन टीमों के द्वारा प्रत्येक दिन 9 गांव में अभियान कर सरकार की योजनाओं के बारे में बतलाया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख ममता देवी, चेताग पंचायत के मुखिया नरेश उरांव, संतोष लाल ईश्वरी पासवान अमित कुमार, रेझान्ति समेत कई लोग उपस्थित थे।



कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए।

## चलती कार में लगी आग, बाल बाल बचे कार सवार



महुआडांड़। महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरूंद घाटी में एक चलती अज्ञात कार में आग लग गई। आग लगने के बाद कार में सवार युवक कार से कूद कर अपनी जान बचाई और कार छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान मौके पर उपस्थित राहगीरों ने बताया कि कर में तीन युवक सवार थे जो नशे की हालत में थे। कार में आग लग जाने के बाद कार के डैशबोर्ड में रखी शराब की बोतल निकाली और जब राहगीर उनसे बातचीत करने की कोशिश की तो तीनों युवक भाग गए। इस दौरान घाटी में लगभग आधे घंटे तक जाम जैसी स्थिति बनी रही। वही घटना की सूचना मिलते ही फौरन थाना प्रभारी मनोज कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से कार को सड़क से किनारे हटवाया। कार किसकी थी यह अभी पता नहीं चल पाया है। कार का नंबर प्लेट भी पूरी तरह जल चुका था।

## लात को मिला उपस्वास्थ्य केंद्र का तोहफा, विधायक रामचंद्र सिंह ने किया शिलान्यास

# लात को मुख्यधारा से जोड़ना मेरा संकल्प है : विधायक

➲ **नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास की नई सुबह, ग्रामीणों में खुशी की लहर**

खबर मंत्र संवाददाता




शिलान्यास करते विधायक व अन्य।

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को बरवाडीह प्रखंड के अति सुदुरवर्ती व नक्सल प्रभावित क्षेत्र लात पंचायत के खामही खास गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का विधिवत शिलान्यास किया। उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे। लात पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का जोरदार स्वागत किया। फूल-मालाओं से अभिनंदन कर पारंपरिक अंदाज में गर्मजोशी से उनका स्वागत किया गया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि लात पंचायत वर्षों से उपेक्षित रहा है। अब विकास की धारा यहां भी बहेगी। यह उपस्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों की बुनियादी स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करेगा। मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, प्राथमिक उपचार और टीकाकरण की सुविधा अब गांव के पास ही उपलब्ध होगी। हमारा लक्ष्य है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि नक्सल प्रभावित इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। लात को मुख्यधारा से जोड़ना मेरा संकल्प है।

**तेज रफ्तार से हो रहा है क्षेत्र में विकास : अनिल सिंह**

कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल सिंह ने विधायक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रामचंद्र सिंह जी जनसरोकार के नेता हैं। उनके नेतृत्व में मनिका क्षेत्र में विकास की रफ्तार तेज हुई है। लात जैसे दूरदराज क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना एक ऐतिहासिक कदम है। वहीं ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि अब छोटे-मोटे इलाज के लिए उन्हें दूर नहीं जाना पड़ेगा। बता दें कि प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में विकास का यह संकल्प लात में एक नई उम्मीद की तरह देखा जा रहा है। इस मौके पर बरवाडीह बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, दीपू तिवारी, तेतर यादव, निजाम अंसारी, श्रवण सिंह, नरेश सिंह, राजू प्रसाद, विकास कुमार और जगसहाय सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## मां सरस्वती कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों का इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय में रहा बेहतर परिणाम



**चंदवा।** झारखंड अधिविध परिषद रांची के द्वारा जारी किए गए 12वीं विज्ञान संकाय के परीक्षा परिणाम में चंदवा के प्रतिष्ठित मां सरस्वती कोचिंग सेंटर संस्थान के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से अपनी सफलता का झंडा गाड़ा है। संस्थान के 12 विद्यार्थियों ने विज्ञान संकाय में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है। जिसमें सुरभि कुमारी 85 अंक प्राप्त कर प्रखंड में दूसरे स्थान पर रही, इसके अलावे किरण कुमारी 80 प्रतिशत, जसिया मोहसिन 78.4, रिशु कुमार 77.4, रोशनी कुमारी 77.2, अम्बासा मोहसिन 76.4, नवनीत कुमार 75.4, गायत्री कुमारी 75, सुलेखा कुमारी 74.4, शोभा कुमारी 74.4, अंशिका कुमारी 73.6, प्रीति कुमारी 73.4 अंक प्राप्त की है। रविवार को सफल हुए सभी विद्यार्थी संस्थान के व्यवस्थापक शशिकांत मिश्रा एवं शिक्षकों ने मिलकर आशीर्वाद लिया, इस दौरान शिक्षक ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर सफलता पर बधाई भी दी। संस्थान के व्यवस्थापक शशिकांत मिश्रा ने बताया कि इस बार उनके संस्थान से विज्ञान संकाय में कुल 24 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। मौके पर विद्यार्थी, अभिभावक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बकरीद पर्व को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**बारियातू।** बकरीद पर्व को देखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक की गई। बैठक मे जिप सदस्य रमेश राम ने क्षेत्रवासियों से शांति व्यवस्था के साथ बकरीद पर्व मनाने की अपील की। वहीं अंचलाधिकारी नन्द कुमार राम ने सरकार की गाइडलाइन को पालन करते हुए त्यौहार मनाने की बात कही। साथ ही कहा की किसी भी हाल से प्रतिबंधित मांस की खबर मिले तो उसका सूचना प्रशासन को दें। अफवाह मे कानून को अपने हाथों मे नहीं लें। वहीं कुबार्नी के बाद मांस इधर भेजते हैं उसे नहीं भेजने की सलाह दी गई। दुर्घटना से बचने के लिए अभिभावक त्यौहार मे नाबालिग को बाईक नहीं दें। बालूमाथ अंचल पुलिस निरीक्षक प्रमानन्द गिरवा ने कहा यह त्यौहार भाईचारे का मिशाल पेश करने वाला है। भाईचारगी से बेहतर समन्वयव बनाकर क्षेत्र मे शांति का मिशाल पेश करें। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने उपस्थित लोगों को कहा की सोशल मिडिया मे किसी तरह का दो चार साल पूरना दूसरे राज्य का मैसेज फारवर्ड कर अफवाह नहीं फैलाएं। अफवाह से बचने की लोगों से अपील की गई।

स्पीड न्यूज

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**गोड्डा /बसंतराय।** प्रखंड अंतर्गत थाना क्षेत्र में अवैध बालू के कारोबार पर नकेल कसते हुए बसंतराय पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। वहीं थाना प्रभारी मनीष कुमार यादव के निर्देश पर पुलिस टीम ने लोचनी बहियार इलाके में छापेमारी कर रात करीब 3 बजे एक ट्रैक्टर को अवैध बालू लदे हुए जब्त किया गया और थाना लाया गया। वहीं इस मामले को लेकर थाना द्वारा खनन पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया है ताकि अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके। थाना प्रभारी मनीष कुमार यादव ने कहा कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। थाना क्षेत्र में किसी भी हालत में अवैध कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा। कानून का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध बालू खनन की शिकायतें मिल रही थीं, जिस पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

## निशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**बेरमो।** डुमरी के इसरी बाजार में लायंस क्लब एवं नवजीवन नर्सिंग होम के सहयोग से निशुल्क चिकित्सीय जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें गरीब असहायक लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवाइयां दी गई। शिविर के माध्यम से लोगों को हर्निया बवासीर शुगर ब्लड प्रेशर सहित हड्डी की विशेष मशीन के द्वारा जांच किया जा रहा है। जहां मशीन के द्वारा लोगों की हड्डी की स्थिति बताई जा रही है। वही इस जांच शिविर में जरूरतमंदों को निशुल्क ऑपरेशन की भी व्यवस्था की गई है। जांच शिविर में नवजीवन नर्सिंग होम के चार डॉक्टरों की टीम के द्वारा लोगों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच किया जा रहा है।

## डीसी के निर्देश पर टीम ने सौहार्दपूर्ण माहौल में दिया जरूरी दिशा-निर्देश

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर चास अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज मणि कार्यपालक दंडाधिकारी सत्य बाला सिन्हा/जया कुमारी की टीम ने मालती रेजीडेंसी परिसर में जाकर आवास करने वाले सभी लोगों व रेसिडेंसी प्रबंधन एवं पेट एक्टिविस्ट आदि के साथ डॉग्स के रहने एवं इसको लेकर उत्पन्न विवाद पर विस्तार से चर्चा की। सौहार्दपूर्ण माहौल में टीम ने आवास करने वाले सभी लोगों व प्रबंधन एवं पेट एक्टिविस्ट के साथ चर्चा करते हुए आम जनों की सुरक्षा/पेट्स के हितों की रक्षा/साफ – सफाई का ध्यान रखते हुए रेसिडेंसी प्रबंधन को डॉग्स के लिए रेसीडेंसी के समीप शेल्टर होम निर्माण कराने एवं वहीं उनके फिंडिंग्स आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## बोकारो स्टील प्लांट से मई में सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गयी विदाई

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से मई 2025 में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक–सामग्री प्रबंधन सीआर मिश्रा तथा बतौर विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक–मानव संसाधन एके शरण एवं मुख्य महाप्रबंधक–परियोजना एके झा उपस्थित रहे। समारोह में वरीय प्रबंधक–मानव संसाधन कल्पना ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया। अधिशासी निदेशक–एमएम सीआर मिश्रा ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किए।

### साईटेक अकादमी में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# बारहवीं में सफल हुए छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



सम्मानित होते बच्चे एवं उपस्थित शिक्षक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** शहर के दुधानी स्थित साई टेक अकादमी में रिसीव को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सीबीएसई की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र -छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीरामकृष्ण आश्रम के स्वामी विश्वरूप महाराज ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत छात्र अर्चित कुमार झा ने मेरे घर राम आये हैं............ गीत प्रस्तुत कर किया।

विद्यालय के बच्चों के शानदार सफलता पर मुख्य अतिथि स्वामी जी ने बच्चों तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी और संबोधित करते हुए स्वामी जी ने बच्चों को भविष्य में भी ऐसे ही सफलता हासिल करने को लेकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी से स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का आहवान किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि सह निदेशक मार्तण्ड मिश्रा ने उपस्थित बच्चों को उनके परिक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए अभिभावकों से बच्चों को हर क्षेत्र में सफल बनाने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

सीबीएसई बारहवीं द्वारा प्रकाशित परीक्षा परिणाम में टॉपर हुई रौशनी कुमारी को मुख्य अतिथि स्वामी जी ने प्रशस्ति पत्र एवं छात्रवृति स्वरूप 5100 रुपए का चेक प्रदान किया। वहीं टॉपरों की सूची में दूसरे स्थान पर रही अर्पिता सोरेन को 4100 व तीसरे स्थान पर रहे ऋषिका राज व भाव्या श्रीवास्तव को 3100 रुपए का चेक मुख्य अतिथि स्वामी जी ने प्रदान किया।

# बोकारो की अग्रणी संस्था बोकारो रक्तवीर परिवार को मिला सम्मान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो रक्तवीर परिवार के द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने के लिए- समर्पण एक नेक पहल- संस्था के 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर धनबाद के कोयला नगर स्थित अन्नपूर्णा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अन्य सामाजिक कार्यकताओं एवं संस्थाओं के साथ सम्मानित किया गया। रक्तवीर के संस्थापक अध्यक्ष संजय शर्मा ने संस्था की ओर से सम्मान ग्रहण किया। संस्था के सचिव बिनय कुमार ने कहा कि ये सम्मान हमारी जिम्मेदारी को और बढ़ाती है।

इस अवसर पर राजा सिंह ने कहा कि सेवा को जब सम्मान मिलता है तो खुशी होती है एवम नई उमंग जगती है। संस्था को सम्मानित होने पर बोकारो रक्तवीर परिवार के सभी सदस्यों में खुशी है एवम ऐसे ही आगे भी सेवा करते रहने का संकल्प लिया गया। संस्था को सम्मानित करने के लिए रक्तवीर संस्था के लोगों ने समर्पण एक नेक पहल के अध्यक्ष दीपेश चौहान जी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हुए आभार प्रकट किया।

# ललमटिया गोली कांड का मुख्य आरोपी पुलिस के कब्जे में



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ललमटिया दिनांक 27/5/2025 की रात्रि को राजमहल परियोजना ईसीएल क्षेत्र अंतर्गत पहाड़ पुर ग्राम में कोयला खनन कार्य में बाधा डालने हेतु मजदूरों पर गोली बारी कर घटना को अंजाम दिया दिया गया था। इसमें एक मजदूर भी घायल हुआ था। इस संबंध में ललमटिया थाने में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गोड्डा पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कुमार गौरव प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक गोड्डा के नेतृत्व में एक एस आईटी टीम का गठन किया गया। पुलिस विभाग द्वारा घटना के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि पुलिस विभाग की तकनीकी शाखा को भी सहायता के लिए लगाया गया। दो आरोपियों को जांच टीम ने अपने हिरासत में लिया पटवारी सोरेन और अजीत सोरेन से दो देशी कट्टा और दो कारतूस भी बरामद किया गया।

# स्वास्थ्य, शिक्षा समेत अन्य मूलभुत समस्या व समधान को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** परिसदन के फूलों झानो ब्लॉक के सभा कक्ष में सिविल सोसायटी की बैठक रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा ने किया। बैठक में सदस्यों ने बारी-बारी से अपने विचार रखे। जिसमें प्रोफेसर डॉ विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि विभागवार जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण व अन्य विभाग के पदाधिकारी के साथ सिविल सोसायटी की बैठक हो। जिसमें समस्याओं को रख समाधान के लिए संबंधित विभागों से उनकी राय पर चर्चा हो। सदस्य अशोक कुमार राउत ने नगर परिषद क्षेत्र में व्याप्त सफाई और पेयजल आदि की बढ़ती समस्या के लिए सोसायटी नगर परिषद पर लगातार दवाब बनाने का काम करें। जिससे शहर साफ हो और एक स्वस्थ माहौल में लोग जीवन बसर कर सकें। डॉ विनय कुमार सिन्हा और अजय कुमार दुबे ने कहा कि स्वास्थ विभाग और नगर परिषद से ब्लीचिंग पाउडर और डीडीटी का छिड़काव जो पहले हुआ करता था। वह अब बिल्कुल बंद कर दिया गया है। जिससे मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। कम से कम सप्ताह में एक दिन भी फॉगिंग मशीन मोहल्लों में चले। कोयला डंपिंग एक भयावह स्थिति में आ चुका हैं। लोगों का जीना दुभर हो चुका हैं। इस पर भी पूर्व की भांति सिविल सोसायटी प्रयासरत रहें। पूनम भगत ने वार्ड समिति के गठन की बात कही। जिसमें वार्ड स्तर की समस्याओं से हम अवगत होंगे और जिला प्रशासन से त्वरित कार्यवाही की मांग करेंगे।



बैठक करते सिविल सोसायटी सदस्य

### चिन्मय विद्यालय के शिक्षक डॉ. रोशन शर्मा को मिला

# सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो के वरीय शिक्षक डॉ रोशन शर्मा को साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली की ओर से डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र नई दिल्ली में बेस्ट अंतरराष्ट्रीय टीचर पुरस्कार से गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

डॉ शर्मा को सत्र 2024-25 एकेडमिक सत्र में विशेष योगदान के लिए साइंस फाउंडेशन नई दिल्ली के द्वारा डॉ रोशन शर्मा को डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र नई दिल्ली में सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के न्यायाधीश जितेंद्र कुमार महेश्वरी उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश के न्यायाधीश विजय कुमार शुक्ला एवं साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष महावीर सिंह के द्वारा सैकड़ो प्राचार्य व बच्चों एवं शिक्षकों के समक्ष सम्मानित किया गया। डॉ रोशन शर्मा को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश विजय कुमार शुक्ला ने तीन श्रेणी में पुरस्कार प्रदान किया जिनमें कोमेमोरैक्टिव ट्रॉफी साइटेशन ऑफ एक्सीलेंस और ऑनरेरियम नकद राशि 10000 शामिल हैं। चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने डॉ रोशन शर्मा के विशिष्ट उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ रोशन शर्मा ने अपनी कड़ी मेहनत और ईमानदारी से बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित किया।

## चिंतपूर्णी मंदिर का जल्द होगा जीर्णोद्धार : मुखिया

**गोमिया।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत होसिर पूर्वी पंचायत के तेतरिया टांड स्थित मां चिंतपूर्णी मंदिर के प्रांगण में मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर स्थानीय मुखिया सावित्री देवी की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जहां सर्वसम्मति से मंदिर के जीर्णोद्धार करने को लेकर ग्रामीणों की सहमति बनी। वहीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुखिया सावित्री देवी ने कहा कि लगभग 346 वर्ष पूर्व तेतरिया टांड़ में स्थापित मां चिंतपूर्णी मंदिर (पुरनी मंदिर) की स्थिति वर्तमान समय में काफी जीर्ण शीर्ण हो गई है। बारिश के दिनों में मंदिर के छत से पानी टपकने लगता है। ऐसे में मंदिर के अंदर की स्थिति और भी खराब हो जाती है। कहा कि वर्तमान समय में मंदिर का जीर्णोद्धार करना अत्यंत ही आवश्यक हो गया है,और इसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। इस अवसर पर पंसस गीता देवी सूरजलाल सिंह, मनोज चंचल, मोहन नायक, चितरंजन सिंह, सुधीर ठाकुर, रामा ठाकुर देवेंद्र प्रजापति, विपिन बिहारी प्रसाद, अवध कुमार, राजेश कुमार, रेशम नायक, अर्जुन केवट आदि मौजूद थे।

# किसान का बेटा बना जिला टॉपर, राज्य में तीसरा स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड अधिविद्य परिषद की ओर से आयोजित इंटर इंटर साइंस और कॉमर्स परीक्षा 2025 में साइंस में बोकारो के किसान के बेटे ने पूरे झारखंड में तीसरा स्थान और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। चास के वीकेएम इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले डाबर गांव के रहने वाले किसान रामशंकर सिंह चौधरी के पुत्र जगन्नाथ सिंह चौधरी ने पूरे राज्य में 474 अंक लाकर तीसरा और बोकारो में पहला स्थान प्राप्त किया है। बच्चों की सफलता पर घर और गांव वाले काफी खुश हैं। घर में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। छात्र जगन्नाथ सिंह चौधरी ने मैट्रिक की पढ़ाई सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय पिंड्राजोरा से की थी। छात्र जगन्नाथ सिंह चौधरी ने कहा कि उसके पिता किसान हैं और उन लोगों की आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं थी जिस कारण खेती कर पिता ने मुझे पढ़ने के लिए पैसा दिया। मैंने सात से आठ घंटे चास में रहकर मेहनत की और यह सफलता हासिल की। जगन्नाथ ने कहा कि वह पूरे राज्य में टॉप 10 और जिले में टॉप करने का लक्ष्य लेकर पढ़ाई कर रहा था। लेकिन हमारी मेहनत आज कामयाब हो गई और मैं अपने पिता का भरोसा भी कायम रखा। वह आगे एसएससी सीजीएल की तैयारी करना चाहता है। बेटे की कामयाबी पर रमाशंकर सिंह चौधरी ने कहा कि हमें बेटे पर भरोसा था। कभी हम लोगों ने दबाव नहीं दिया। वह समय पर क्रिकेट भी खेलता था। लेकिन उसने परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। उन्होंने भी कहा कि किसान के लिए बच्चों को पढ़ाना काफी दिक्कत भरा रहता है। लेकिन हमने कष्ट कर बच्चों को पढ़ाया। अब आगे वह जो चाहता है- करे।



# सूर्य मंदिर सरोवर के पुनर्जीवन से विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की - प्लास्टिक प्रदूषण को हराओ थीम के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ सेक्टर-4 स्थित सूर्य मंदिर सरोवर की सफाई एवं पुनर्जीवन कार्य के साथ किया गया।

यह पहल बोकारो स्टील प्लांट के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग नगर प्रशासन के जन स्वास्थ्य अनुभाग तथा झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। अभियान के तहत तालाब के किनारों से प्लास्टिक कचरे एवं अन्य ठोस अपशिष्टों को हटाया गया तथा सम्पूर्ण क्षेत्र की सफाई की गई। इसका उद्देश्य जलाशयों की जल धारण क्षमता को बढ़ाना व भूजल पुनर्भरण को प्रोत्साहित करना एवं जलीय जीवन के संरक्षण को सुनिश्चित करना है।




इस अवसर पर नगर प्रशासन के सीजीएम कुंदन कुमार ने नागरिकों से अपील की कि वे जल स्त्रोतों में किसी भी प्रकार का प्लास्टिक अथवा कचरा न फेंकें क्योंकि इससे न केवल जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है बल्कि यह जलीय जीव-जंतुओं के लिए भी घातक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण विभाग के सीजीएम डीके सक्सेना एवं डीजीएम नितेश रंजन ने नागरिकों से प्रकृति के अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आह्वान करते हुए पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय और जिम्मेदार भागीदारी की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट केवल स्टील उत्पादन में ही अग्रणी नहीं है बल्कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ कर रहा है।

इस अवसर पर जनस्वास्थ्य विभाग के जीएम अविनाश कुमार ने कहा कि जलाशयों की नियमित सफाई अत्यंत आवश्यक है क्योंकि स्वच्छ जल स्त्रोत सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य से जुड़े होते हैं।

उन्होंने बताया कि बोकारो स्टील प्लांट इस दिशा में निरंतर संकल्पबद्ध प्रयास कर रहा है। गौरतलब है कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में बोकारो स्टील प्लांट द्वारा एक सप्ताह तक विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं जिनमें बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता कर्मचारियों के लिए क्विज एवं वक्तृत्व प्रतियोगिता बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम तथा प्लास्टिक प्रदूषण के विरुद्ध जन-जागरूकता रैली शामिल हैं।

## एक नजर में

## सीसीएल की कुव्यवस्था का दंश झेल रहा है सीसीएल कामगार : अजय

**बेरमो।** कथारा वाशरी में जेनरल मजदूर वन के पद पर कार्यरत बैजनाथ यादव की नियुक्ति वर्ष 1994 में पी आर डब्लू के पद पर हुई थी। 13 वर्ष पूर्व पी आर डब्लू से जनरल मजदूर कैटिगरी वन बनाया गया। और उसे समय से कैटिगरी 1 मजदूर के ही पद पर कार्यरत है। विडमना है यादव के साथ नियुक्ति में शामिल हुए लोग कोई फीटर कोई वेल्डर कोई ऑपरेटर तथा अन्य पद पर कार्यरत हैं। लेकिन सीसीएल प्रबंधन का कोप भाजन उक्त कामगार बना हुआ है। विडमना है वेतन समझौता में सेवा काल में मजदूर को कम से कम चार पदोन्नति दिए जाने का सहमति हुई है। लेकिन सेवा में योगदान देने के बाद अवकाश प्राप्त होने तक बैजनाथ यादव को पदोन्नति से दूर रखा गया। जो मजदूर के भावना के साथ खिलवाड़ करके मजदूर का शोषण किया गया है।

## स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के पुरस्कार वितरण व समापन समारोह का आयोजन

**बेरमो।** दामोदर घाटी निगम, बोकारो थर्मल के सम्मेलन कक्ष में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के पुरस्कार वितरण व समापन समारोह का आयोजन किया गया । केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश में डीवीसी ने स्वच्छता पखवाड़े से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन 16 मई से 31 म?ई 2025 तक किया । जिसमें स्वच्छता अभियान, बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, कर्मियों के लिए नारा लेखन प्रतियोगिता इत्यादि थे। प्रतियोगिताओं से जुड़े विजेताओं को परियोजना प्रधान सुशील कुमार अरजरिया द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में स्कूली छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिया गया, वहीं कर्मचारियों में नारा लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया । इसके साथ ही बोकारो थर्मल को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

## मजदूर किसान के मसीहा बाबा बरमेश्वर उर्फ मुखिया जी की मनायी गयी पुण्यतिथि

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के हिन्दुस्तान पुल फुसरो के समीप एक जून को किसान और मजदूरो के मसीहा बाबा बरमेश्वर उर्फ मुखिया जी की 13.वीं पुण्यतिथि मनाई गई। मुखियाजी की पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित गणमान्य जनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर चुन्नू सिंह ने कहा कि ब्रह्मेश्वर मुखिया कभी भी दलित या कमजोर वर्ग का विरोध नहीं किया। उन्होंने किसान मजदूर को हक दिलाने की प्रयास करते रहे। लेकिन उग्रवादी तत्वों ने गरीबों का चेहरा दिखाकर उनके नाम पर लेवी वसूलने का काम किया करते थे और जबरन जमीन कब्जा का गोरख धंधा किया करते थे।

## चन्द्रपुरा रेलवे स्टेशन पर यात्री से लुट का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

**बेरमो।** चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन पर गलती से उतरे यात्री से लूट मामले का बोकारो पुलिस ने 48 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। इस मामले में बोकारो एसपी के द्वारा गठित एसआईटी टीम के द्वारा चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में एक अपराधी अभी फरार बताया जा रहा है। इसकी जानकारी बोकारो एसपी हरविंदर सिंह ने दी है। इस मामले में प्रिंस कुमार सिंह, रोहित कुमार ठाकुर, अमित सिंह और विक्की पाठक को गिरफ्तार गया किया है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि 30 मई की रात कोलकाता से धनबाद के लिए व्यापारी हसनैन आलम ट्रेन में सवार होकर आ रहा था। इसी दौरान वह सोया रह गया। चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन से पहले उसकी नींद खुली तो वह चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन में उतर गया। इसी दौरान धनबाद जाने के लिए गाड़ी खुजने लगा।

## जैक 12वीं में जिला टॉप श्वेता कुमारी को अनिल अग्रवाल ने किया सम्मानित

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल कि व्यावसायिक मंडी जरीडीह बाजार के होटल व्यवसाय जयप्रकाश कुमार एवं ममता देवी की पुत्री श्वेता कुमारी जैक इंटर कॉमर्स की परीक्षा में 445 अंक लाकर बोकारो जिला टॉपर होने पर अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने चुनरी डायरी पेन तथा मिठाई खिलाकर उसका अभिनंदन किया साथी कहा कि श्वेता ने जिला के साथ-साथ हमारे जारीडीह बाजार का मान बढ़ाया है,बताते चले कि श्वेता रामविलास प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्रा है उसने विद्यालय में भी टॉप किया है श्वेता की सफलता पर उसके माता-पिता तथा उसकी दादी मालती देवी काफी प्रसन्न हैं श्वेता का कहना है कि वह अपनी सफलता का श्रेय पूरे परिवार को देना चाहती है खासकर दादी ने उसे काफी प्रोत्साहित किया मैंने तैयारी के लिए सेल्फ स्टडी की साथ ही ऑनलाइन क्लासेस की भी मदद ली मैंने आगे स्नातक करने के बाद बैंकिंग के क्षेत्र में जाने का लक्ष्य रखा है।

## चोरी की साइकिल खरीद-बिक्री में संलिप्तता उजागर

**बेरमो।** पेटरवार थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं के पीछे कबाड़ियों की संलिप्तता एक बार फिर उजागर हुई है। ताजा मामला बाजार टांड़ स्थित एक कंप्यूटर कोचिंग संस्थान की छात्रा की साइकिल चोरी से जुड़ा है, जिसमें चोर ने कबूल किया है कि उसने चोरी की गई साइकिल स्थानीय कबाड़ी को बेच दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को कसमार थाना क्षेत्र के बरई निवासी चितरंजन महतो की पुत्री खुशबू कुमारी जब कोचिंग पढ़ने आई, तो उसने अपनी साइकिल कोचिंग के बाहर खड़ी कर दी थी। पढ़ाई के बाद लौटने पर साइकिल गायब मिली। काफी खोजबीन के बावजूद जब साइकिल नहीं मिली, तो परिजनों ने सतर्कता बरती। घटना का खुलासा तब हुआ जब चोर साइकिल में हवा भरवाने स्थानीय दुकान पहुंचा। दुकानदार को संदेह होने पर उसने वीडियो बना लिया।

## सीडब्लयूसी ने भाई-बहन को उनके घर छत्तीसगढ़ के कोरबा भेजा

**दुमका।** बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) दुमका ने छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा जिले के रहनेवाले 12 वर्ष की किशोरी और उसके 10 वर्षीय भाई को विशेष टीम के साथ शनिवार की देर शाम दुमका रेलवे स्टेशन से रवाना किया। समिति के सदस्य डॉ0 राज कुमार उपाध्याय ने बताया कि दोनों भाई-बहनों को दुमका रेलवे स्टेशन से 10 अप्रैल को रेस्क्यू कर रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क के माध्यम से सीडब्ल्यूसी केक समक्ष प्रस्तुत किया गया था। दोनों ने समिति को बताया था कि माता-पिता उन दोनों से नाच-गान व करतब दिखवा कर पैसे कमवाते हैं। उन्हें स्कूल नहीं भेजते हैं। समिति ने बाल भिक्षावृति श्रेणी में दोनों भाई बहनों को सीएनसीपी (देचारेख और संरक्षण के जरूरत वाले बालक) घोषित करते हुए कोरबा के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी (डीसीपीओ) से दोनों का सामाजिक जांच रिपोर्ट मांगा था। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण ये लोग मजदूरी एवं नाच-गाना का काम करते हैं। इस कारण से बच्चे पढ़ाई छोड़कर अपने माता-पिता के साथ घुम रहे हैं। दोनों के माता-पिता और बड़े पापा उन्हें अपने साथ रखना चाहते हैं। एसआईआर के आधार पर समिति ने दुमका के जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी (डीसीपीओ) प्रकाश चद्रा को दोनों बालकों को बालगृह (बालक) श्रीमड़ा, दुमका के अधीक्षक संजु कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन के केस वर्कर निकु कुमार एवं डीसीपीयु की आउटरीच वर्कर सुनीता मराण्डी के साथ छत्तीसगढ़ के कोरबा जिला के सीडब्ल्यूसी को सौंपने के लिए एस्कोर्ड आदेश जारी किया।

# कोलकाता में सुखोई के पहियों पर दौड़ेगा जगन्नाथ का रथ

## इस्कॉन ने 48 साल बाद किया परिवर्तन

एजेंसी

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रतिवर्ष निकलने वाली जगन्नाथ यात्रा के रथ में इस बार श्रद्धालुओं को बदलाव देखने को मिलेगा। इस वर्ष भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ सुखोई लड़ाकू विमान के टायरों पर सवार होकर धीमी गति से अग्रसर होंगे। बताया जा रहा है कि भगवान जगन्नाथ के रथ में पिछले साल स्टेयरिंग में आई खराबी के बाद ये बदलाव किया गया है। जगन्नाथ रथ को करीब 2 दशकों तक चली खोज के बाद नए टायर मिल पाए हैं।

अब तक रथ को बोइंग विमान के टायरों की मदद से खींचा जाता था, लेकिन इन टायरों के पुराने हो जाने के कारण पिछले 15 वर्षों से इस्कॉन नए विकल्प की तलाश में था। इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने बताया कि सुखोई के टायरों का व्यास (डायमीटर) बोइंग के टायरों से मेल खाता है, इसलिए इस बार इन्हें रथ में लगाया जा रहा है। इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने बताया कि सुखोई के टायरों का डायमीटर बोइंग के टायर्स से मिलता-जुलता है, इस वजह से इस साल सुखोई के पहिए लगाने का फैसला लिया गया है। हालांकि, अब बोइंग के टायर्स मिलने काफी मुश्किल भी है।



राधारमण ने बताया कि जब इस्कॉन ने सुखोई बनाने वाली कंपनी से टायर को लेकर कोटेशन मांगा तो कंपनी हैरान रह गई। कंपनी को यह समझ नहीं आ रहा था कि कोई क्यों उनके टायरों का कोटेशन मांग रहा है और वह भी रथ यात्रा के लिए। इसके बाद इस्कॉन ने कंपनी को पूरी स्थिति की जानकारी दी और उनकी एक टीम को कोलकाता बुलाकर रथ भी दिखाया गया। इसके बाद कंपनी ने इस्कॉन को चार टायर उपलब्ध कराए। फिलहाल इन पहियों को लगाने का कार्य जारी है।

**रथ का पारंपरिक पूरी तरह सुरक्षित :** राधारमण दास ने बताया कि कुछ मामूली बदलाव करने पड़े, जैसे कि पहिया ड्रम, बेस फ्रेम और एक्सेल फिटिंग में सुखोई के टायर लगाने के लिए। लेकिन रथ का पारंपरिक लकड़ी और लोहे का ढांचा पूरी तरह से सुरक्षित है।

**लोहे के पहियों पर चलते हैं 2 रथ :** भगवान बलराम या बलदेव का रथ पहले से ही नए लोहे के पहियों पर चल रहा है। पुराने लोहे के पहिये, जो 46 सालों से सेवा दे रहे थे, उन्हें 2024 में बदल दिया गया। चार पहियों में से एक को 2023 में बदला गया था। बलराम के रथ का हर पहिया 6 फीट का है और वजन 250 किलो है।

### तकनीकी खराबी की संभावना कम होगी

सुखोई के नए टायर रथ को चलाने में आसान बनाएंगे। इससे रथ ज्यादा सुरक्षित और स्थिर रहेगा। खासकर कोलकाता की सड़कों पर, जहां कई जगह ट्राम की पटरियां हैं। इससे रथ खींचने वाले भक्तों पर भी कम जोर पड़ेगा और तकनीकी खराबी की संभावना भी कम हो जाएगी। टायर बदलने का काम अभी चल रहा है। उम्मीद है कि रथ यात्रा से ठीक पहले, जून के दूसरे हफ्ते तक ये काम पूरा हो जाएगा। सबसे बड़ी चुनौती ये है कि नए पहियों को पारंपरिक ढांचे में बिना बदलाव किए सुरक्षित रूप से लगाया जाए।

**5 टन के रथ को खींचते हैं पहिये :** चारों पहियों का वजन एक टन है, जो 1977 में बने 5 टन के रथ को खींचते हैं। सुभद्रा के रथ के पहिए भी स्टील के बने हैं और अच्छी हालत में हैं।

उम्मीद है कि वे अभी कई सालों तक चलेंगे। जगन्नाथ के रथ में पिछले साल स्टीयरिंग से जुड़ी जो समस्याएं आई थीं, उन्हें ठीक कर लिया गया है।

**गति-दिशा को नियंत्रित करना आसान :** इस पूरे बदलाव का मकसद यही है कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा सुरक्षित और सुगम हो। भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो और रथ भी बिना किसी रुकावट के अपनी यात्रा पूरी करे। नए टायरों से रथ की गति और दिशा को नियंत्रित करना आसान होगा. साथ ही, रथ के रख-रखाव में भी मदद मिलेगी।

## स्पीड न्यूज

### फिल्म 'सरदार जी 3' का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई।** पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ की आने वाली पंजाबी फिल्म सरदार जी 3 का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'सरदार जी' का तीसरा पार्ट ह्यसरदार जी 3 जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। दिलजीत ने इस फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। पोस्टर में दिलजीत एक अलग ही अंदाज में नजर आ रहे हैं, जहां वह अपने ही मस्त मौला अंदाज में खड़े हुए हैं और उनके पीछे कई महिलाएं हैं जिनके चेहरों पर घूंघट पड़ा है। फिल्म 27 जूनको सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### अब्बास अंसारी की विस सदस्यता रद्द

**लखनऊ।** रविवार को अवकाश के बावजूद विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों ने कोर्ट से दो साल की सजा पाने वाले अब्बास अंसारी की विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी है। सचिवालय ने निर्वाचन आयोग को मऊ विधानसभा सीट रिक्त होने की भी सूचना भेज दी है। मुख्तार अंसारी के पुत्र अब्बास अंसारी मऊ सदर विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने थे। एक हेट स्पीच मामले में विशेष कोर्ट ने शनिवार को उन्हें गुनहागार माना और दो वर्ष की सजा सुनाई है।

### जर्मनी के अस्पताल में आग से तीन मरे

**बर्लिन।** उत्तरी जर्मन शहर हैम्बर्ग के होहेनफेल्ड जिले में एक अस्पताल में शनिवार रात आग लग जाने से तीन मरीजों की मौत हो गई और 50 से अधिक अन्य झुलस गये। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को इस घटना की पुष्टि की। इस हादसे में तीन मरीजों की मौत हो गयी जबकि दो की हालत गंभीर है। सोलह अन्य गंभीर रूप से झुलस गये हैं और 36 मामूली रूप से प्रभावित हुए हैं। आग लगने के कारणों के बारे में फिलहाल पता नहीं चल सका है।

### गाजा में हमास नेता और दो शीर्ष कमांडर मारे गये

**यरूशलम।** इजरायल की सेना ने इस महीने की शुरूआत में हवाई हमले में हमास के वरिष्ठ कमांडर एवं गाजा में समूह की सैन्य शाखा के प्रमुख मोहम्मद सिनवार और दो शीर्ष कमांडरों के मारे जाने की पुष्टि की है। आईडीएफ और शिन बेट घरेलू खुफिया एजेंसी ने कहा कि सिनवार 13 मई को दक्षिणी गाजा में यूरोपीय अस्पताल के नीचे स्थित एक भूमिगत कमांड सेंटर पर लक्षित हमले में मारा गया।

### मई में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025 के दूसरे महीने अप्रैल में माल एवं सेवाकर (जीएसटी) राजस्व संग्रह 2,01,050 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 1,72,739 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 16.4 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में सीजीएसटी संग्रह 35434 करोड़ रुपये रहा है। एसजीएसटी 43902 करोड़ रुपये और आईजीएसटी 108836 करोड़ रुपये रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 12879 करोड़ रुपये रहा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार और आईएमएफ के पास आारक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 23 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## तेज प्रताप ने पार्टी-परिवार से निकाले जाने के बाद तोड़ी चुप्पी, कहा

# साजिश का जल्द करेंगे खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** राजद से हाल ही में निकाले जाने पर चुप्पी तोड़ते हुए तेजप्रताप यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उनके और छोटे भाई तेजस्वी यादव के बीच दरार डालने की साजिश रची जा रही है। पार्टी से निष्कासित किये जाने के एक हफ्ते बाद बिहार के पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। तेजप्रताप यादव ने रविवार को दावा किया कि पार्टी में जयचंद जैसे कुछ लालची लोग उनके खिलाफ राजनीति कर रहे हैं। महाभारत के प्रतीकात्मक चित्रण का सहारा लेते हुए यादव ने लिखा कि मेरे अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वालों तुम कभी अपनी साजिशों में सफल नहीं हो सकोगे, कृष्ण की सेना तो तुम ले सकते हो

**▸▸ अर्जुन से मुझे अलग करने का सपना देखने वाले अपनी साजिशों में सफल नहीं होंगे**

लेकिन खुद कृष्ण को नहीं। हर साजिश को जल्द बेनकाब करूंगा। तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि बस मेरे भाई भरोसा रखना मैं हर परिस्थिति में तुम्हारे साथ हूं, फिलहाल दूर हूं, लेकिन मेरा आशीर्वाद हमेशा तुम्हारे साथ था और रहेगा। मेरे भाई मम्मी पापा का ख्याल रखना, जयचंद हर जगह है अंदर भी और बाहर भी। लालू प्रसाद और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने इससे पहले एक अन्य पोस्ट में लिखा था कि मेरे प्यारे मम्मी पापा, मेरी सारी दुनिया बस आप दोनों में ही समाई है। भगवान से बढ़कर हैं आप और आपका दिया कोई भी आदेश। आप

### जयचंद हर जगह है अंदर भी और बाहर भी



हैं तो सबकुछ है मेरे पास। मुझे बस आपका विश्वास और प्यार चाहिए, इससे ज्यादा कुछ नहीं। उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा था कि पापा आप नहीं होते तो ये पार्टी नहीं होती। कुछ जयचंद जैसे लालची लोगों ने मेरे खिलाफ साजिश की। बस मम्मी पापा आप दोनों हमेशा स्वस्थ और खुश रहें। तेजप्रताप को 25 मई को उनके पिता एवं राजद के प्रमुख लालू प्रसाद ने पार्टी से निष्कासित कर दिया था और उनके साथ सभी पारिवारिक संबंध तोड़ दिए थे। तेजप्रताप आधिकारिक तौर पर 6 साल के लिए निष्कासित : राजद ने रविवार को तेजप्रताप यादव को आधिकारिक रूप से पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने इस संबंध में एक कार्यालय आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी है। तेजप्रताप को पार्टी से निष्कासित करने का आदेश राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी की ओर से जारी किया गया है।

### लालू यादव व तेजस्वी बताएं राजद में जयचंद कौन : मनीष यादव


इधर जदयू प्रवक्ता मनीष यादव ने कहा कि तेजप्रताप ने जयचंद का जिक्र किया और जयचंद की वजह से ही उनकी यह हालत है और पार्टी की मौजूदा बुरी हालत भी जयचंद की वजह से ही है। अब सवाल यह है कि जयचंद कौन है? मनीष यादव ने कि जयचंद के बारे में कौन बताएगा? क्या लालू यादव बताएंगे या फिर तेजस्वी या राजद बताएगी? उन्होंने कहा कि लालू और तेजस्वी बतायें कि राजद में जयचंद कौन है?

## नासा प्रमुख के नाम का ऐलान जल्द करेंगे ट्रंप

**▸▸ अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले मस्क के करीबी इसाकमैन को किया था नामित**

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के नये प्रमुख के नाम की घोषणा करेंगे। यह जानकारी व्हाइट हाउस दी है। इससे पहले ट्रंप ने टेक अरबपति जेरेड इसाकमैन को नासा के प्रमुख के रूप में नामित किया था, जो प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क के करीबी सहयोगी हैं। एजेंस फ्रांस-प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ने कहा कि यह जरूरी है कि नासा का अगला प्रमुख ऐसा व्यक्ति हो जो राष्ट्रपति ट्रंप के अमेरिका फर्स्ट एजेंडे के साथ पूरी तरह से ठीक बैठता हो। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा जल्द ही इसके बारे में घोषणा की जाएगी। इससे पहले अमेरिकी मीडिया ने सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में बताया था कि श्री ट्रंप इसाकमैन के नामांकन को



वापस लेना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने चार दिसंबर, 2024 को नासा प्रमुख के पद के लिए इसाकमैन को नामित किया था। इसके बाद अप्रैल के अंत में वाणिज्य, विज्ञान और परिवहन के लिए सीनेट समिति ने इसाकमैन की इस पद पर पुष्टि की सिफारिश की थी।



### राममंदिर का स्वर्ण जड़ित शिखर तैयार

**अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण कार्य अपनी पूर्णता की तरफ अग्रसर है। मंदिर के गर्भ गृह के शिखर कलश पर सोना मढ़ने का कार्य पूरा हो गया है। स्वर्ण जड़ित खूबसूरत शिखर की भव्यता दूर से ही दिखाई देने लगी है। 3, 4 एवं 5 जून को मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार एवं परकोटे पर स्थित छह अन्य मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। यज्ञशाला को भी दिव्य भव्य बनाया गया है।**

### 25 लाख रिश्वत लेते राजस्व सेवा के अधिकारी गिरफ्तार



**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने करदाता सेवा महानिदेशालय में तैनात अपर महानिदेशक अमित कुमार सिंघल को 25 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। सिंघल 2007 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने सिंघल से जुड़े ठिकानों पर दिल्ली, मुंबई और पंजाब में छापा मारा। सीबीआई के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार अमित कुमार सिंघल ने आयकर से जुड़ी जांच को खत्म करने के लिए एक आयकरदाता से 45 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। जिसकी पहली किश्त के रूप में 25 लाख रुपये दिये जाने था। इसकी जानकारी मिलने के बाद सीबीआई ने सिंघल को रंगे हाथों गिरफ्तार करने का प्लान तैयार किया। सिंघल का घर मोहाली में है, जहां 25 लाख रुपये दिये जाने थे। उनके घर पर सिंघल की जगह हर्ष कोटक नाम के व्यक्ति ने 25 लाख रुपये लिए। सीबीआई ने हर्ष सिंघल को भी पैसे समेत गिरफ्तार कर लिया और इसके साथ ही सिंघल को भी दिल्ली के वसत कुंज स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। सीबीआई के अनुसार सिंघल ने आयकर मामले में न सिर्फ अनुकूल निर्णय देने के लिए रिश्वत की मांग की थी। उसने रिश्वत नहीं देने की स्थिति में भारी जुमार्ने और कानूनी कार्रवाई की भी धमकी थी। यही नहीं, सिंघल ने आयकरदाता को भविष्य में भी दूसरे मामलों में फंसाने की धमकी दी थी।

## शराब कारोबारी भाटिया गिरफ्तार

**▸▸ छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में आठ जगहों पर एसीबी ने की छापेमारी**

**▸▸ दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, लेन-देन के रिकॉर्ड, फर्जी बिल और अन्य कई महत्वपूर्ण सबूत जब्त**

**▸▸ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बेहद करीबी है विजय**



एजेंसी

रायपुर/दुर्ग। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की टीम ने रविवार को दिल्ली से शराब कारोबारी विजय भाटिया को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद भाटिया को फ्लाइट के जरिए रायपुर लाया गया। भाटिया पर आरोप है कि उन्होंने विदेशी शराब उत्पादक कंपनियों और सप्लायर्स से कमीशन वसूलने की साजिश रची और इसे सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया। इस अवैध लेन-देन के जरिए सरकार को भारी मात्रा में राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि भाटिया ने न केवल खुद को बल्कि अपने सहयोगियों और अन्य फर्मों को भी अवैध आर्थिक लाभ दिलवाया। गिरफ्तारी के बाद भाटिया के भिलाई और दुर्ग स्थित आवासों, फर्मों और उनसे जुड़े सहयोगियों-रिश्तेदारों यहां के कुल 8 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। इस दौरान दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, लेन-देन के रिकॉर्ड, फर्जी बिल और अन्य कई महत्वपूर्ण सबूत जब्त किए गए हैं। विजय भाटिया ने शराब वितरण प्रणाली में अपने संपर्कों और पद का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई की। यह धनराशि हवाला और फर्जी कंपनियों के माध्यम से इधर-उधर की गई। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के अधिकारियों का कहना है कि छापों में मिली सामग्री की बारीकी से जांच की जा रही है और घोटाले में शामिल अन्य बड़े नामों का जल्द खुलासा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि भिलाई के कारोबारी विजय भाटिया को पाटन से कांग्रेस विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बेहद करीबी माना जाता है। विजय भाटिया ईडी जांच के दायरे में भी थे। हालांकि ईओडब्ल्यू ने जब शराब घोटाला मामले में जांच शुरू की थी, तभी से ही विजय भाटिया का नाम चर्चा में बना हुआ है।

इस मामले में ईओडब्ल्यू द्वारा अपराध 04/2024 के तहत भारतीय दंड संहिता की धाराओं 420 (धोखाधड़ी), 467, 468, 471 (जालसाजी) और 120 बी के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 और 12 (संशोधित अधिनियम 2018 के तहत) भी आरोप में शामिल हैं।

# भारतीय सेना ने किया जैसलमेर में युद्धाभ्यास

## पोखरण और बबीना में फायरपावर का प्रदर्शन

एजेंसी

**जैसलमेर।** भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना वर्तमान में युद्धाभ्यास कर रही है। रविवार को भारतीय सेना जैसलमेर की पोखरन फील्ड फायरिंग रेंज के साथ ही यूपी की बबीना फील्ड फायरिंग रेंज और जोशीमठ सहित भारत के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर बड़े पैमाने पर युद्ध अभ्यास कर अपनी हथियारों की क्षमता का प्रदर्शन किया।

इसके अलावा आगरा और गोपालपुर में वायु रक्षा उपकरण (एयर डिफेंस इक्विपमेंट) का विशेष प्रदर्शन भी किया जा रहा है। ये क्षेत्रीय परीक्षण युद्ध जैसी परिस्थितियों में आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें एडवांस डिफेंस सिस्टम्स के प्रदर्शन का बारीकी से



आकलन किया जा रहा है। पोखरन फील्ड फायरिंग रेंज में सेना की बैटल एक्स डिवीजन की मैकेनाइज्ड फोर्स ने कठोर अभ्यास किया। रेगिस्तान में असाधारण मानकों का प्रदर्शन किया। सटीक और प्रभावी फायर-पावर अभ्यास में सेना ने अपने हथियारों की ताकत और ऑपरेशनल तैयारियों का प्रदर्शन किया। इन गतिविधियों में आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत विकसित एडवांस्ड टेक्नोलॉजी की विस्तृत सीरीज प्रदर्शित की गयी, जिसका उद्देश्य स्वदेशी क्षमता के विकास में तेजी लाना है। ये प्रदर्शन भारतीय सेना के परिवर्तन के दशक के रोडमैप में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य उभरती युद्धक परिस्थितियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इमर्जिंग टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाना है। इस रक्षा प्रदर्शन में बड़ी संख्या में रक्षा उद्योग साझेदार भाग ले रहे हैं। प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो के अनुसार, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 27 मई को उत्तर प्रदेश के बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहे परीक्षणों की समीक्षा की थी। उन्होंने रक्षा उद्योग में भागीदारों और सेना के अधिकारियों के साथ बातचीत भी की थी। बाड़मेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर और जैसलमेर पाकिस्तान के साथ सीमा साझा करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी पाकिस्तान की सेना ने बॉर्डर से सटे इलाकों में कायराना हरकत की थी। जिसका भारतीय सशस्त्र बलों ने यहां मुंहतोड़ जवाब दिया था।

